नई दिल्ली
शनिवार, 24 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 39
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## पीएम मोदी ने राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया

# पीएम मोदी ने कहा- 200 अरब डॉलर के व्यापार के प्रवेश द्वार हैं पूर्वोत्तर राज्य

1 हील इन इंडिया पहल को विश्वव्यापी आंदोलन के रूप में किया जा रहा विकसित

2 एनर्जी और सेमीकंडक्टर के लिए उभर रहा पूर्वोत्तर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आसियान देशों के साथ भारत का व्यापार, जो वर्तमान में लगभग 125 अरब डॉलर है, आने वाले वर्षों में 200 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है, क्योंकि पूर्वोत्तर राज्य रणनीतिक व्यापार पुल और दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों के प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पीएम मोदी ने नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते हुए भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के महत्व पर रोशनी डाली, जो म्यांमार से थाईलैंड तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा। इससे थाईलैंड, वियतनाम और लाओस के साथ भारत की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। यही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट परियोजना में तेजी लाने के सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया, जो कोलकाता बंदरगाह को म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह से जोड़ेगी, जो मिजोरम के माध्यम से एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पश्चिम बंगाल और मिजोरम के बीच यात्रा की दूरी को काफी कम कर देगी, जिससे व्यापार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला के मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के रूप में चल रहे विकास पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघालय और मिजोरम में ▸▸ शेष पेज 7 पर

### अंबानी ने कहा- पूर्वोत्तर में 25 लाख रोजगार देंगे



*रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने कहा, मैं ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाम करता हूं। यह सफलता उनके दृढ़ संकल्प और हमारे सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी का एक शानदार प्रमाण है। अगले 5 साल में हम अपने निवेश को दोगुना से भी अधिक करेंगे और हमारा लक्ष्य 75,000 करोड़ रुपए* ▸▸ शेष पेज 7 पर

### भारत 80 साल से झेल रहा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, आपकी नींद आज टूटी है

## पाकिस्तान में सैन्य तानाशाही के समर्थन और लोकतंत्र को खोखला करने में 'अव्वल' रहा पश्चिम: जयशंकर



*डेनमार्क के मीडिया आउटलेट (पोलिटीकेन समाचार पत्र और टीवी-2 चैनल) को दिए साक्षात्कार में विदेश मंत्री ने दी यह जानकारी*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद भारत की जुबानी दुनियाभर में गूंज रहे आतंकवाद और उसके असली जनक पाकिस्तान के काले कारनामों के सच के बीच शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने पश्चिमी देशों खासकर यूरोप को जमकर सुनाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सैन्य तानाशाही के समर्थन में और लोकतंत्र को खोखला करने में पश्चिम खड़ा रहा है। उस तरह से कोई और कभी खड़ा नहीं रहा। कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा हमारी सीमाओं का भारत की आजादी यानी 1947 के बाद से ही उल्लंघन किया जा रहा है। हम बीते 80 सालों से पाक प्रायोजित आतंकवाद का शिकार हैं। लेकिन आज आप जाग रहे हैं। यह जानकारी विदेश मंत्री ने डेनमार्क के मीडिया आउटलेट (पोलिटीकेन समाचार पत्र और टीवी-2 चैनल) को दिए साक्षात्कार में दी। जो कि उनके तीन देशों (नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी) की यात्रा ▸▸ शेष पेज 7 पर

### आतंकवाद बड़ी सामूहिक चुनौती

*उन्होंने आतंकवाद को एक बड़ी सामूहिक चुनौती के रूप में समझाते हुए कहा कि इसका पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ती हुई गरीबी और वैश्विक कोरोना महामारी के ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ने वाले प्रभावों के साथ-साथ सामना कर रही है। यह बड़े पैमाने पर 'लोकतांत्रिक यूरोप' ही है, जो अपनी शर्तों के मुताबिक सैन्य तानाशाही को लेकर पाकिस्तान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। इस तरह से किसी और ने उसे अपना समर्थन प्रदान नहीं किया। यह न केवल सैन्य तानाशाही का समर्थन था। बल्कि इससे पाक में लोकतंत्र भी कमजोर हुआ।*

### भारत देशों की संप्रभुता का समर्थक

*जयशंकर ने जोर देते हुए कहा कि भारत ने देशों में संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय मान्यता को समर्थन प्रदान किया है। लेकिन मेरे वैश्विक विचार और उसमें भी यूरोप को लेकर जो मेरे अनुभवों पर* ▸▸ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पंजाब दिल्ली
शाम 7.30 बजे से

### बाल-बाल बचा भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल...

# मॉस्को एयरपोर्ट पर पहुंचने से पहले हुआ ड्रोन हमला, हवा में चक्कर लगाता रहा विमान

*द्रमुक नेता कनिमोझी की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल ने रूस से शुरू की है अपनी विदेश यात्रा*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान का सच दुनिया को बताने निकले भारत के सात में से तीसरे प्रतिनिधिमंडल के रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर एक बड़ा हादसा होने से पहले ही टल गया। यह पूरी घटना उस वक्त सामने आई जब द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम यानी द्रमुक नेता कनिमोझी की अगुवाई वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बीते गुरुवार देर रात भारत से अपनी यात्रा लगभग पूरी कर मॉस्को एयरपोर्ट पर पहुंचने ही वाला था कि तभी एक ड्रोन हमले की जानकारी सामने आई। जिसकी वजह से विमान एयरपोर्ट पर हवा में ही चक्कर काटता रहा और लैंडिंग में कुछ घंटों की देरी हुई। द्रमुक नेता कनिमोझी ने बताया कि हम ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार द्वारा तय किए गए वैश्विक आउटरीच कार्यक्रम के तहत रूस की राजधानी मॉस्को जा रहे थे। लेकिन यहां हवाई अड्डे पर पहुंचते ही ड्रोन हमले की सूचना मिली और उसके बाद हमारा विमान हवा में ही चक्कर काटता रहा और लैंडिंग में कुछ घंटों की देरी हुई। यह ड्रोन हमला यूक्रेन द्वारा किया गया बताया गया। जिसकी वजह से मास्को के दोमोदेदोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं कुछ घंटों के लिए प्रतिबंधित की गई थीं।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मिला रूस का साथ



## आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत के साथ रूस

उधर, इन सबके बीच प्रतिनिधिमंडल ने रूस की संसद के सर्वदलीय सदस्यों के साथ बैठक में आतंकवाद के मामले पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जिसका नेतृत्व ड्यूमा (निचला सदन) के अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष और लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की ने किया। रूस में भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष आंद्रेई डेनिसोव और रूसी संघ की फेडरेशन काउंसिल के अन्य सीनेटर से भी मुलाकात की। इस दौरान रूसी पक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि रूस सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के उन्मूलन के लिए भारत के साथ एकजुटता से खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों देशों की स्थिति साझा है। दोनों इस लड़ाई में एक साथ हैं।

### अंत में हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतरा विमान

कुछ समय की देरी के बाद आखिरकार विमान मॉस्को हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतरा। रूस में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने हवाईअड्डे पर भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उन्हें वहां से सुरक्षित तरीके से होटल तक पहुंचाया। द्रमुक नेता के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल रूस, स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया और लातविया की यात्रा पर है। इन देशों में प्रतिनिधिमंडल द्वारा पहलगाम हमले के बाद भारत की कार्रवाई और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में कनिमोझी के अलावा सपा नेता राजीव राय, एनसी के मियां अल्ताफ अहमद, आरजेडी के प्रेम चंद गुप्ता, आप नेता डॉ.अशोक कुमार मित्तल और भाजपा नेता कैप्टन ब्रिजेश चौटा और पूर्व राजदूत मंजीव.एस.पुरी व जावेद अशरफ शामिल हैं।

### देश को मिलेगा एक और रक्षा कवच | रक्षा संगठन, गृह मंत्रालय, और डीआरडीओ मिलकर स्थापित करेगी एंटी-ड्रोन यूनिट

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का प्रतीक: गृह मंत्री शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत का आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी, और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का अनूठा प्रदर्शन है।शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले का जवाब था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। इस ऑपरेशन में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण शिविरों, हथियार ठिकानों, और छिपने के ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। अमित शाह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह और रुस्तमजी मेमोरियल व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बीएसएफ के जवानों में ऊर्जा भरते हुए कहा, जब भी सीमा से कोई समाचार आता है और उन्हें पता चलता है कि बीएसएफ वहां मौजूद है, तो वे चैन की नींद सो सकते हैं। शाह ने बीएसएफ को एकमात्र केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल बताया, जो जल, थल, और नभ (हवा) में सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता रखता है। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### अनुमति: एलजी पर दर्ज मामले होंगे वापस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार की एक अहम याचिका को स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार को आप सरकार के दौरान केंद्र और उपराज्यपाल के खिलाफ दर्ज 7 मामलों को वापस लेने की अनुमति दे दी है। ये मामले आम आदमी पार्टी सरकार ने केंद्र सरकार और उपराज्यपाल के खिलाफ दायर किए थे।



इन मुकदमों का संबंध दिल्ली में 'सेवाओं पर नियंत्रण' सहित कई संवैधानिक और प्रशासनिक मुद्दों से था। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति अगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने भाजपा नीत सरकार की ओर से पेश याचिका स्वीकार की।

### साथी को बचाने के दौरान डूबे सैन्य अधिकारी

**गंगटोक।** सिक्किम में एक उफनती नदी में अपने साथी अग्निवीर सैनिक स्टीफन सुब्बा को डूबने से बचाने के दौरान 'सिक्किम स्काउट्स' के एक सैन्य अधिकारी की मौत हो गयी।




रक्षा विभाग की ओर से जारी किये गये एक बयान में यह जानकारी दी गयी है। बयान के अनुसार घटना गुरुवार सुबह सैनिकों की गश्त के दौरान हुई, जब लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी एक 'रूट-क्लियरिंग' टीम का नेतृत्व कर रहे थे। यह टीम उत्तरी सिक्किम के उच्च ऊंचाई वाले इलाके में स्थापित की जा रही एक सामरिक अग्रिम चौकी की ओर जा रही थी।

### मदरसे में अचानक हो गया धमाका | सोलर बैट्री फटने से झुलसे कई मासूम, तीन की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मेरठ

मेरठ के किठौर थानाक्षेत्र में ललियाना गांव में एक निजी प्राइमरी स्कूल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्कूल में खुले में रखी बैट्री धमाके के साथ फट गई और आसपास मौजूद पांच मासूम छात्र-छात्राएं तेजाब की चपेट में आकर झुलस गए। सभी घायल बच्चों को पास के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। घटना सोडल ग्रुप पब्लिक स्कूल की है, जो स्थानीय निवासियों मुजीब व सलीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। बताया गया कि सोमवार को स्कूल में नया सोलर पैनल लगाया गया था, लेकिन लापरवाही के चलते उसकी बैट्री को बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के खुले में रख दिया गया। बुधवार को इंटरवल के समय बच्चे जब शौचालय और कैंटीन की ओर जा रहे थे, तभी बैट्री ओवरचार्ज होकर जोरदार धमाके के साथ फट गई। जिससे अर्शे आलम (11),कमरे आलम (9) – पुत्र शाहेआलम,हुमेरा (10) – पुत्री मिस्त्री कलवा, हाफिज अफसर-पुत्र बाबुद्दीन मलिक झुलस गए। सूत्रों के अनुसार, यह स्कूल मदरसा दार-ए-अरकम के नाम से सिर्फ कक्षा पांच तक की मान्यता पर चल रहा है, लेकिन हाईस्कूल तक की पढ़ाई कराई जा रही है। ▸▸ शेष पेज 7 पर



### भाजपा ने राहुल को लिया आड़े हाथों, लापरवाह बयान देने का लगाया आरोप

## भारतीय वायुसेना के जेट विमान संबंधी बयान पर कांग्रेस नेता को बताया 'निशान ए पाकिस्तान'

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस नेता की टिप्पणियों का इस्तेमाल पाकिस्तान भारत को निशाना बनाने और सशस्त्र बलों का मनोबल गिराने के लिए कर रहा है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल की सोशल मीडिया पोस्ट पर आलोचना की, जिसमें उन्होंने सवाल किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कितने भारतीय वायुसेना के जेट विमान खो गए थे। उन्होंने कहा कि आज देश राहुल गांधी से पूछ रहा है। प्रधानमंत्री से मतभेद होना जायज है, यह लोकतंत्र का हिस्सा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि आप (राहुल गांधी) प्रधानमंत्री के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह बेहद परेशान करने वाली है। आपके बयानों पर अब पाकिस्तान की संसद में चर्चा हो रही है। भाजपा ने उन पर लापरवाह बयान देने का आरोप लगाया, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता हो ▸▸ शेष पेज 7 पर

### भाजपा सांसद ने जयशंकर से सवाल करने पर लगाया पाखंड का आरोप

## निशिकांत बोले, राहुल गांधी बताएं 1991 वाला समझौता क्या यह देशद्रोह है?

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 1991 वाला समझौता याद दिलाते हुए पूछा, क्या यह देशद्रोह है? दुबे ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है। साल 1991 में आपकी पार्टी समर्थित सरकार ने यह समझौता किया कि किसी भी आक्रमण या सेना के मूवमेंट की जानकारी का आदान-प्रदान भारत व पाकिस्तान एक दूसरे से करेगा। क्या यह समझौता देशद्रोह है? कांग्रेस का हाथ पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ, विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी आपको शोभा देती है? उन्होंने समझौते के नोट्स भी एक्स पर साक्षा किए हैं।

**कांग्रेस ने सुरक्षा पारदर्शिता का समर्थन किया :** उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से सवाल करने के लिए पाखंड का आरोप लगाया। दुबे ने कांग्रेस समर्थित सरकार के दौरान हस्ताक्षरित 1991 के भारत-पाक सैन्य पारदर्शिता ▸▸ शेष पेज 7 पर

### रिटायरमेंट पर बोले जस्टिस ओका

## सुप्रीम कोर्ट से ज्यादा लोकतांत्रिक है हाईकोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस ओका का शुक्रवार को रिटायरमेंट था। जाते जाते सर्वोच्च अदालत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस वीआर गवई को वे सुप्रीम कोर्ट को 'चीफ जस्टिस सेंट्रिक' से बचाने की सलाह दी। वे यहीं नहीं रुके बार काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यक्रम में उन्होंने कहा, मुख्य न्यायाधीश के इर्दगिर्द घूमने वाली सुप्रीम कोर्ट से बेहतर लोकतांत्रिक व्यवस्था देश के हाईकोर्ट की है। हाईकोर्ट कमेटियों से चलती है जब कि सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस से चलायी जाती है।

**तीन जजों का स्थान रिक्त हुआ :** उन्होंने गत 13 मई को रिटायर हुए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की कार्यप्रणाली को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा बेहतर लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करते थे लिहाजा कोई भी फैसले से पहले सभी जजों से रायशुमारी करते थे। जस्टिस ओका ने विश्वास जताया कि जस्टिस गवई के खून में 'डेमोक्रेटिक वैल्यूज' हैं वे जरूर इस मामले में उचित संज्ञान लेंगे। विदित हो कि इसी महीने चीफ जस्टिस का चार्ज लेने वाले जस्टिस गवई भी इसी साल नवंबर में रिटायर हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस ओका के रिटायरमेंट के बाद तीन जजों का स्थान रिक्त हो जाएगा।

**ट्रायल कोर्ट में केसों का अंबार :** देश के ट्रायल कोर्ट की हालत को बयान करते हुए जस्टिस ओका ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट पर अपेक्षाकृत ध्यान कम दिया। ट्रायल कोर्ट में केसों का ▸▸ शेष पेज 7 पर

### अब 'आर्थिक स्ट्राइक' से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने की तैयारी में भारत!

### दोनों वैश्विक मंचों द्वारा उक्त मामलों पर जून में लिया जाएगा निर्णय

## विश्व बैंक को आर्थिक सहायता पर विचार करने, एफएटीएफ से पाक को ग्रे लिस्ट में डालने के लिए कहेगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई यानी 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ ही भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए उस पर कई तरह की स्ट्राइक (सैन्य, कूटनीतिक) की हैं। लेकिन अब इससे आगे बढ़ते हुए दुश्मन देश की अर्थव्यवस्था को धराशायी करने के लिए भारत पाकिस्तान पर आर्थिक स्ट्राइक करने की तैयारी में जुटा हुआ है। सूत्रों ने बताया कि इसमें अगला जून का महीना बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। क्योंकि उसमें एक ओर भारत विश्व बैंक को पाकिस्तान को दिए जाने वाले 20 बिलियन डॉलर के पैकेज के फैसले पर विचार करने के लिए कहेगा। जबकि दूसरी ओर वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी संगठनों को तमाम अवैध ढंग से मुहैया कराई जाने वाली वित्तीय सहायता पर नकेल कसने वाली अंतर-सरकारी संस्था वित्तीय कार्रवाई दल (एफएटीएफ) को एक विस्तृत डोजियर सौंपकर पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने के लिए संपर्क करेगा। भारत का तर्क यह है कि पाकिस्तान अपने खुद के क्षेत्र में पैदा होने वाले आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुआ है। अब वह इस प्रक्रिया के जरिए ▸▸ शेष पेज 7 पर



### रक्षा मंत्री ने दिखाया आईएमएफ को आईना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज एयरफोर्स स्टेशन पर दिए संबोधन में आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को दी जा रही 1 बिलियन की सहायता को लेकर विरोध जताया था। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा था कि आईएमएफ द्वारा दी जा रही सहायता का इस्तेमाल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को वित्तपोषण करने के लिए किया जाएगा। क्या इसे एक अंतरराष्ट्रीय संगठन (आईएमएफ) का आतंकवाद के लिए वित्तपोषण नहीं माना जाएगा। भारत द्वारा आईएमएफ को दिए जाने वाले धन का इस्तेमाल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान और किसी अन्य देश में आतंकी ढांचे बनाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

### पाक ने सभी शर्तें, लक्ष्य पूरे किए: आईएमएफ

उधर, इन सबके बीच आईएमएफ ने मामले पर हाल ही में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वैश्विक मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने इस महीने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर की सहायता दी है। क्योंकि हमें पता चला ▸▸ शेष पेज 7 पर

## एक दिन बाद मौसम ने फिर ली करवट, तेज धूप ने किया परेशान

**नई दिल्ली।** दो दिन राहत के बाद शुक्रवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली और दिनभर सूरज की तपिश ने परेशान किया। जबकि रात के समय तेज हवाओं ने राहत का काम किया। लेकिन खबर लिखे जाने तक प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) की येलो अलर्ट भविष्यवाणी सही साबित नहीं हुई। आईएमडी ने करीब 40-60 किमी की तेज गति से हवाएं चलने और हल्की बारिश की जो भविष्यवाणी की थी वो सच नहीं हुई। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान बढ़कर 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार हवा में अधिकतम आद्रता का स्तर 78 प्रतिशत और न्यूनतम आद्रता का स्तर 49 रहा। आईएमडी ने शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे से पहले के 24 घंटों में राजधानी में कहीं बारिश दर्ज नहीं की। जबकि शुक्रवार को सबसे अधिकतम तापमान आया नगर में 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं रिज एरिया में 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### तीन से चार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

# प्रेम नगर में लूटपाट के मकसद से राजमिस्त्री को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी जिले के प्रेम नगर थाना अंतर्गत शुक्रवार शाम लगभग पौने पांच बजे लूटपाट के मकसद से एक राजमिस्त्री की हत्या कर दी गई। वारदात को तीन से चार लड़कों ने अंजाम दिया। शव को संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम चार बजकर 49 मिनट पर एक कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि 3-4 लड़के एक आदमी को जान से मारकर पैसे छीन ले गए। कॉल प्राप्त होने पर प्रेम नगर थाने के पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर लाल बाबू पासवान (60) निवासी प्रेम नगर-3, किराड़ी गंभीर रूप से घायल पाये गये। उनके चेहरे और सिर पर गंभीर वार किये गये थे। जिस समय पुलिस मौके पर पहुंची घायल को कुर्सी पर बैठा हुआ पाया। उसके शरीर से बहुत अधिक खून बह रहा था। घायल को तत्काल उपचार के लिए पीसीआर वैन में संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, मंगोलपुरी ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया कि घायल व्यक्ति राजमिस्त्री था। घटनास्थल पर क्राइम टीम व एफएसएल टीम को बुलाया गया और आगे की कार्रवाई जारी है।



# गिरोह में शामिल नहीं हुआ तो कर दी हत्या, दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में 16 वर्षीय किशोर की हत्या करने वाले दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा गया है। इन्होंने चाकू से हमला कर गुरुवार को गांधी चौक पर इस हत्या को अंजाम दिया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह में शामिल होने से इनकार करने पर हत्या की गई थी। ने बताया कि जिस लड़के पर उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बंथिया के अनुसार गुरुवार को बुराड़ी के गांधी चौक पर किशोर के सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या करने वाले दो नाबालिगों को पकड़ा है। आरोपी चाहते थे कि मृतक भी उनके गिरोह में शामिल हो जाए। अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचना मिली थी कि बुराड़ी के गांधी चौक स्थित पिंकी कॉलोनी के पास एक लड़के के सीने में चाकू मारा गया है। मृतक की पहचान भलस्वा निवासी किशोर के रूप में हुई है। जांच टीम ने आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और मृतक के दोस्त व चश्मदीद का बयान भी दर्ज किया। शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। इस वारदात का वीडियो भी सामने आया है। एक मिनट के वीडियो में साफ दिखा कि महज 90 सेंकेंड में किशोर पर चाकू के 25 से ज्यादा वार किये गये थे।



## सरकारी पोर्टल का सर्वर डाउन, वाहन फिटनेस संबंधी कार्य नहीं हुए

**नई दिल्ली।** ऑटो टैक्सी चालकों की पोर्टल सर्वर डाउन होने से होने वाली परेशानियों का अंत नहीं हो रहा है। सीएम रेखा गुप्ता से लेकर परिवहन मंत्री और परिवहन आयुक्त तक गुहार लगाने के बावजूद दिल्ली में ऑटो टैक्सी चालकों की समस्याएं जस की तस खड़ी है। इस बारे में ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन ने दावा किया कि शुक्रवार 23 मई 2025 सुबह से परिवहन विभाग का ऑनलाइन सेंट्रलाइज पोर्टल का सर्वर डाउन होने की वजह से वाहन संबंधी कोई भी कार्य नही हो सका। संगठन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि सुबह से ही सर्वर डाउन होने के चलते दिनभर वाहन संबंधी एवं वाहन फिटनेस आदि कार्य नहीं हो सके। जिसकी वजह से चालकों को अपॉइंटमेंट लेने के बावजूद अपने वाहनों की पेनल्टी फीस आदि जमा नहीं कर सके। जबकि विभाग कर्मचारियों के कहने पर ही ऑटो टैक्सी चालक बुराड़ी फिटनेस सेंटर में दोपहर 2 बजे तक इंतजार करके बिना फिटनेस जांच करवाएं घर चले गए। उन्होंने दावा किया कि इतना ही नहीं ऑटो टैक्सी यूनिट परिवहन मुख्यालय राजपुर रोड भी इसी समस्या के चलते वाहन दस्तावेज संबंधी कार्य नहीं हुआ।

# तलवार गिरोह के तीन बदमाश किए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों पर किया था हिंसक हमला

क्राइम ब्रांच ने तलवार गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश महेंद्रा पार्क थाना अंतर्गत जहांगीरपुरी इलाके में प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों पर हिंसक हमले में वांछित थे। पकड़े गये बदमाशों के नाम हिमांशु, रोहन और कनिष्क उर्फ बुद्धा शूटर है। इन्होंने 19 मई की रात कुरैशी गिरोह के सदस्यों पर हमला किया था। कथित रूप से इलाके में दबदबा बनाने के लिए यह हमला किया गया था जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। हमलावरों के पास धारदार हथियार एवं देशी पिस्तौल थी और उन्होंने दहशत फैलाने के लिए गोलियां चलायी थी।

पुलिस के अनुसार घटना के बाद जांच के लिये एक टीम का गठन किया गया था। बृहस्पतिवार को पता चला कि हमले में शामिल आरोपी हरिद्वार से लौट रहे हैं। इसके बाद एक पुलिस टीम ने गाजीपुर सीमा पर जाल बिछाया एवं तीनों बदमाशों को धर दबोचा। पुलिस का कहना है कि शुरू में आरोपियों ने गुमराह करने की कोशिश की लेकिन सख्ती से लगातार पूछताछ करने पर इन्होंने हमले में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली। अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए जांच जारी है।

# दिल्ली पुलिस की अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशियों के निर्वासन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने भारत में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशियों के निर्वासन की तैयारी तेज कर दी है। फिलहाल सभी हिरासत में है और उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंपा गया है।

पुलिस के अनुसार इन अवैध प्रवासियों को एक सप्ताह के अंतराल में पकड़ा गया है। मामले में पांच भारतीयों से भी पूछताछ की गई। डीसीपी बाहरी उत्तरी जिला निधिन वलसन के अनुसार देश में विदेशी नागरिकों के अवैध प्रवेश और उन्हें ठहराने में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध गिरोह की जांच के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले के संबंध में पांच भारतीयों से पूछताछ की गई है, जिनमें से एक को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पिछले सप्ताह व्यापक सत्यापन अभियान चलाया, जिसके दौरान 831 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों के दस्तावेजों की जांच की गई। वलसन ने बताया बिना वैध दस्तावेजों के राजधानी में रह रहे 121 व्यक्ति पाए गए। अवैध प्रवेश और अप्रवासियों के निवास को सुगम बनाने के लिए जिम्मेदार गिरोह से विशेष जांच दल (एसआईटी) पूछताछ कर रहा है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इसमें शामिल पांच भारतीय अवैध रूप से रह रहे लोगों को संपत्ति किराए पर दे रहे थे। पुलिस आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और बिजली मीटर कनेक्शन सहित सरकारी दस्तावेजों की कथित जालसाजी की भी जांच कर रही हैं। इन दस्तावेजों का कथित तौर पर इस्तेमाल इन अप्रवासियों को स्थानीय पहचान दिलाने के लिए किया गया था। संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। अगर इन जाली दस्तावेजों को बनाने में कोई संलिप्त पाया जाता है तो सरकारी अधिकारियों समेत सभी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# मैदानगढ़ी मर्डर केस खुला, दंपति अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के मैदानगढ़ी ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। हत्या के आरोप में सुशील नामक शख्स और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से मृतक का टूटा हुआ मोबाइल फोन, एक चेक बुक, खून से सनी हुई लोहे की रॉड और आरोपी पति-पत्नी के खून से सने कपड़े बरामद हुये हैं। पुलिस का कहना है कि विवाहेत्तर संबंधों के कारण हत्या की गई थी। दरअसल आरोपी सुशील को पत्नी के अफेयर का पता चल गया था। उसने पत्नी के जरिये प्रेमी को जंगल इलाके में बुलाया था और हत्या को अंजाम दिया था।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 21 मई को रात्रि लगभग 10 बजे अरुण महतो नामक युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके भाई अनिल कुमार ने दर्ज कराई थी। बताया गया था कि भाई 16 मई को बिहार से दिल्ली आया था। 18 को रात्रि लगभग 11 बजे उससे अंतिम बार बात हुई थी। उसके बाद भाई का मोबाइल फोन लगातार बंद आने लगा। पुलिस को 22 मई को सुबह 9:30 बजे मैदान गढ़ी तालाब के पास जंगल में अरुण का शव मिला। शव अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था। मृतक के भाई अनिल ने पुलिस को बताया कि भाई की बिहार में एल्युमीनियम के सामान की दुकान थी। वह अपने रिश्तेदार नवीन के घर पर रह रहा था। अरुण का इलाके में ही रहने वाली नवीन की मामी से अफेयर था। सुशील और उसकी पत्नी को पकड़ लिया गया। उन्होंने उपरोक्त अपराध कबूल कर लिया। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी सुशील ने खुलासा किया कि 18 मई को उसने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन पर कई मिस्ड कॉल देखी। शक होने पर उसने जांच की तो पाया कि मोबाइल नंबर अरुण कुमार का है और उसकी पत्नी का अरुण के साथ विवाहेतर संबंध था, जो देर रात उसकी पत्नी को फोन करता था। इसलिए उसने अरुण कुमार की हत्या करने का फैसला किया और उसकी पत्नी पर उससे बात करने का दबाव बनाया। उसे जंगल के पास बुलाया। जब अरुण महतो जंगल में उसकी पत्नी से मिलने आया तो उसने पीछे से लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार किया।इसके बाद उसने उसकी जेब से उसका मोबाइल फोन और चेक बुक निकालकर पास में फेंक दी। सुशील की पत्नी ने भी इसकी पुष्टि की और आगे खुलासा किया कि वे दो साल पहले बिहार में एक रिश्तेदार की शादी में मिले थे और तब से वे संपर्क में थे। सुशील कुमार 5वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह पिछले 17-18 वर्षों से दिल्ली में रह रहा था।



# जिपनेट वेबसाइट हुई रीलॉन्च मिलेगी पहले से बेहतर सर्विसः सीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में जिपनेट वेबसाइट को रीलॉन्च किया। संशोधित वेबसाइट अब उन्नत खोज कार्यक्षमता के साथ और अधिक उपयोगी व अनुकूल होगी।

पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संशोधित जिपनेट वेबसाइट का शुभारंभ किया। वेबसाइट अब लाइव है और दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट लिंक https://delhipolice.gov.in और https://zipnet.delhipolice.gov.in पर भी उपलब्ध है। अपराध और अपराधियों की ट्रैकिंग पर अंतर-राज्यीय सहयोग के लिए आधारशिला जिपनेट प्लेटफॉर्म में समकालीन तकनीकी मानकों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। संशोधित वेबसाइट अब अपराध, अपराधियों, गुमशुदा व्यक्तियों, यूआईडीबी और चोरी हुए वाहनों से संबंधित व्यापक डेटा तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगा। इससे आठ सदस्य राज्य यानी हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली जुड़े हुये हैं।



## बीएमएस के 70 स्वर्णिम वर्ष कार्यक्रम का समापन 23 जुलाई को तालकटोरा स्टेडियम में होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) अपने 70 वर्ष पूर्ण कर चुका है। इस अवसर पर लगभग एक वर्ष से पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है। इसका समापन कार्यक्रम आगामी 23 जुलाई 2025 तालकटोरा स्टेडियम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की थीम स्वर्णिम 70 साल – बेमिसाल रखी गई है। इस बारे में बीएमएस की प्रचार टोली की बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी सुरेंद्रन, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम और प्रदेश महामंत्री डॉ दीपेंद्र चाहर ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ सन 1955 में भोपाल में जहां से शुरू हुआ वहीं से इस ७० वर्ष पूरा होने पर स्वर्णिम कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। संघ की 70 वर्ष की इस यात्रा में हम देश के जीरो मेम्बर वाली यूनियन से नंबर एक ट्रेड यूनियन बन गए है। भारतीय मजदूर संघ मानवीय, सामाजिक और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रख कर अपना कार्य करता है। उन्होंने बताया कि 1974 में हमने पहली बार डोमेस्टिक वर्कर की यूनियन बना कर इसका परिचय दिया था।

## मालिक के 30 लाख लेकर फरार ड्राइवर गुजरात से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की तिलक नगर पुलिस ने मालिक के 30 लाख रुपए लेकर फरार हुये ड्राइवर को गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया है। आरोपी ड्राइवर का नाम प्रिंस है। वह चंद्र विहार, निलोठी इलाके का रहने वाला है और गत छह माह से बिजनेसमैन के यहां नौकरी कर रहा था। पुलिस ने उसके पास से 25 लाख 95 हजार 500 रुपए कैश, दो सोने की अंगूठियां और एक नया मोबाइल फोन बरामद किया है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार 15 मई को तिलक नगर पुलिस को चोरी के इस मामले की शिकायत मिली थी। बताया गया था कि उनके यहां काम करने वाला ड्राइवर 30 लाख रुपए लेकर भाग गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की। एसीपी तिलक नगर सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनीत पांडे, सब इंस्पेक्टर सुनील मोर, हेड कांस्टेबल राजवीर और कांस्टेबल धनेश की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से केस की छानबीन शुरू की। आरोपी की लोकेशन का पीछा करती दिल्ली पुलिस गुजरात के भुज पहुंची और प्रिंस नामक ड्राइवर को पकड़ लिया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
नीलामी सूचना संख्याः 03/2025-26
माह जून-2025 का ई-नीलामी कार्यक्रम
सभी संभावित क्रेताओं को ऑनलाइन पब्लिक आक्शन के द्वारा रद्दी सामग्रियों के बिक्री में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

| ई-नीलामी तिथियाँ | अधीनस्थ लॉट | संपर्क फोन नं. |
| --- | --- | --- |
| 06, 17 & 23 जून-2025 | उपमुसाप्र/डिपो/गोरखपुर | 0551-2283558 |
| 04, 18 & 25 जून-2025 | उपमुसाप्र/डिपो/इज्जतनगर | 0581-2518138 |
| 05, 13 & 24 जून-2025 | वमंसाप्र/लखनऊ | 0522-2233113 |
| 03, 19 & 26 जून-2025 | वमंसाप्र/वाराणसी | 0542-2224819 |
| 10, 20 & 30 जून-2025 | वमंसाप्र/इज्जतनगर | 0581-2518104 |

सामग्री का प्रकारः स्क्रैप रेल, कास्ट आयरन, मेल्टिंग, एम०एस०, निराकृत वैगन, कोच एवं लोकोमोटिव, टर्निंग, बोरिंग, फेरस, नॉन-फेरस, कॉपर, एल्युमीनियम, बैटरीज आदि।
• नीलामी प्रक्रिया उसी दिन पूर्ण नहीं होने पर नीलामी प्रक्रिया दूसरे अगले दिन भी जारी रहेगी।
• नीलामी कैटलाग, प्रक्रिया एवं बिक्री शर्तें *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। • यह सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट *www.ner.indianrailways.gov.in* पर भी देखा जा सकता है।
मुजाधि/एस-14 — प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | एचवीपीएनएल | MEMO NO.CH.07 E-NIT NO.3/2025-26/XEN/TS/RTK DATED 13.05.2025 (ONLINE(TENDER ID-2025_HBC_446622_1)TENDER REFERENCENO-2025E1DA6BD736254499B93163BF27DE05E41050HVP | शुद्धिपत्र-01. 220 केवी सब स्टेशन रोहतक में 220 केवी और 132 केवी टावर संरचनाओं, बीम और उपकरणों को सहारा देने वाली संरचनाओं की पेंटिंग। ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.06.2025 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35030/I/88/7 दि. 23.05.25

सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in
31 मार्च 2025 को समाप्त चतुर्थ तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार
[सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1)(बी) देखें]
(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | अंकेक्षित 31 मार्च, 2025 | अअंकेक्षित 31 दिसम्बर, 2024 | अंकेक्षित 31 मार्च, 2024 | अंकेक्षित 31 मार्च, 2025 | अंकेक्षित 31 मार्च, 2024 |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | (1.53) | (18.25) | 19.35 | 71.32 | 68.34 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (9.53) | (24.05) | (21.71) | 38.95 | 17.00 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (9.53) | (24.05) | (21.71) | 38.95 | 17.00 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (9.53) | (24.05) | (21.71) | 33.71 | 15.77 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (9.53) | (24.05) | (21.71) | 33.71 | 15.77 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 211.75 | 211.75 | 211.75 | 211.75 | 211.75 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | 369.08 | 335.37 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | (0.45) | (1.14) | (1.03) | 1.59 | 0.74 |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये समाप्त तैमाहिक और वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं।
बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डीआईएन : 07526355
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 23 मई 2025

### चक्कर काटने के बाद, उपभोक्ता ने लगाई सरकार से गुहार

# कृषि श्रेणी के बिजली कनेक्शन में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात इलाके में टाटा पॉवर डीडीएल कंपनी के अंतर्गत कृषि क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें कृषि श्रेणी के बिजली कनेक्शन को घरेलू श्रेणी में बदल दिया गया है और इसके चलते बिजली की दरे भी बढ़ गई है। जिसके बाद बिजली उपभोक्ता श्रेणी बदलवाने के लिए बिजली कंपनी के चक्कर काट काटकर परेशान हो गया है और थक हार कर मीडिया के माध्यम से दिल्ली सरकार से गुहार लगाई है और सरकार तक अपनी बात पहुंचाना चाहता है। पीड़ित बुजुर्ग उपभोक्ता महेंद्र सिंह जैन ने बताया कि नरेला विधानसभा के हमीद पुर गांव में कृषि फॉर्म है और इसमें पहले से ही यहां कृषि श्रेणी और घरेलू श्रेणी में दो अलग- अलग बिजली कनेक्शन हैं और इसमें से एक कृषि श्रेणी के बिजली कनेक्शन को लेकर कुछ दिन पहले बिजली कंपनी ने मिसयूज लगा कर इसे घरेलू श्रेणी में बदल दिया।



इसके बाद बिजली कार्यालय में कृषि श्रेणी कनेक्शन मामले में अपने संबंधित डॉक्यूमेंट पेश किए लेकिन यहां कोई सुनवाई नहीं हुई और करीब 44 हजार का बिल बना दिया गया और भरने की बात कही। इसके साथ ही बिजली कनेक्शन काटने का भी नोटिस दे दिया। पीड़ित उपभोक्ता ने बताया कि इसके बाद उन्होंने फसल को बचाने के लिए बिल भर दिया लेकिन इसके बाद भी कृषि श्रेणी के कनेक्शन को घरेलू श्रेणी में नहीं बदला गया। बिजली कंपनी के चक्कर काटने के बाद पीड़ित उपभोक्ता ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि उनके कृषि श्रेणी के बिजली कनेक्शन को कृषि श्रेणी में किया जाए और राहत मिल सके।

### खंड विकास अधिकारी से पत्र लेकर कंपनी में देना होगा : कंपनी

बिजली आपूर्ति कंपनी ने इस संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि उपभोक्ता को खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) से पत्र प्राप्त करना होगा जिसमें उल्लेख किया गया हो कि उक्त भूमि का उपयोग केवल कृषि उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। बीडीओ का पत्र या तो निकटतम ग्राहक सेवा केंद्र में जमा किया जा सकता है या नए कनेक्शन अनुभाग में लंबित दस्तावेजों में अपलोड किया जा सकता है। साइट निरीक्षण के दौरान बिजली कंपनी ने यह पाया कि ग्राहक घरेलू उद्देश्यों के लिए कृषि कनेक्शन का उपयोग कर रहा था, इसलिए श्रेणी को घरेलू में बदल दिया गया।

## व्यस्त क्षेत्रों में गाड़ियों से भीड़ टैक्स वसूल किया जाना रेखा सरकार का तुगलकी आदेशः देवेन्द्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि व्यस्त क्षेत्रों में गाड़ियों से भीड़ टैक्स वसूल किया जाना रेखा सरकार का तुगलकी आदेश की तरह है। क्योंकि भारत के किसी भी राज्य में भीड़ टैक्स नहीं है, जबकि भाजपा दिल्ली के लोगों से अनोखा भीड़ टैक्स वसूलना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता संभालते ही यूजर चार्ज, पीपीएसी में बढ़ोतरी, रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपये, पेट्रोल व डीजल में एक्साईज ड्यूटी में बढ़ोतरी करके दिल्ली वालों को टैक्स के बोझ तले दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन इससे भी मन नहीं भरा तो अब सीएम रेखा गुप्ता की सरकार ने नया ही तरीका निकालते हुए वाहनों पर भीड़ टैक्स लगाकर नया बोझ डालने जा रही है। यादव ने कहा कि ताजुब्ब है कि सीएम इसको लोगों के हित में बता रही है, पता नहीं किसका हित साध रही है वो। उन्होंने कहा कि राजधानी में प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास गाड़ी है, वह पहले ही जीवन भर के लिए रोड़ टैक्स देता है, और सड़कें टैक्स देने वाले लोगों की मेहनत की कमाई से बनाई जाती हैं। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा पहले चरण में राजधानी की भीड़भाड़ वाली 250 जगहों को चिह्नित करके परिवहन विभाग को भीड़ टैक्स वसूलने का निर्देश देने की जगह यदि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने पर कोई आदेश दिया होता, तो वह दिल्ली की जनता के हित में रहता। रेखा सरकार भीड़ वाले क्षेत्रों पर सुगम सड़क व्यवस्था देने का काम कर सकती है ताकि पीक आवर्स के दौरान अधिक भीड़ अथवा यातायात से लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े। लेकिन भाजपा भूल गई है कि जिस जनता से भीड़ टैक्स वसूलने की तैयारी कर रही है, उसी भीड़ ने पूर्ण बहुमत देकर भाजपा को सत्ता पर बिठाया है।


Reliance
Growth is Life
Jio Mart
समय और पैसे दोनों बचाएं
Quick
Scheduled
Biscuits, Drink & Packaged Foods
Ice Cream & Frozen
Chips & Namkeens
Biscuits & Cookies
Chocolates &...
Indian Sweets
Drinks & Juices
Breakfast Cereals
Noodles, Pasta &...
Quick फ्री होम डिलीवरी
लो प्राइस गारंटी
ज़ीरो एक्स्ट्रा चार्जेज़
फ्लैट ₹ 100 की छूट*
आपके पहले Quick ग्रॉसरी ऑर्डर पर
*न्यूनतम ₹399 की खरीदारी पर
कूपन कोड का उपयोग करें
JMNEW100
डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें
*T&C Apply
प्याज 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 30
जियोमार्ट कीमत ₹ 22
आम सफ़ेदा 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 100
जियोमार्ट कीमत ₹ 79
आम केसर 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 175
जियोमार्ट कीमत ₹ 149
क्वालिटी वॉल्स पार्टी पैक / टब्स 700 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 140 या उससे अधिक
जियोमार्ट कीमत ₹ 70 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
बिंगो! / प्रिंगल्स चिप्स 75 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 20 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 12 या उससे अधिक
कोल्ड ड्रिंक्स 750 ml / ज्यूसेस 600 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 40 या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 30 या उससे अधिक
महाकोश सोयाबीन तेल 840 g / फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों का तेल 1 L
एमआरपी ₹ 164 / ₹ 195
जियोमार्ट कीमत ₹ 126/ ₹ 161
बचाइए ₹ 38 / ₹ 34
मक्कैन फ्रेंच फ्राइज़ 420 g
एमआरपी ₹ 125
जियोमार्ट कीमत ₹ 49
बचाइए ₹ 76
ट्रेसमे / हिमालय / डव शैम्पू 340 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 310 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 207 या उससे अधिक
टाइड 6 kg + 2 kg / सर्फ एक्सेल डिटर्जेन्ट पाउडर 7 kg / एरियल / सर्फ एक्सेल मैटिक लिक्विड 4 L / कम्फर्ट फैब्रिक कंडीशनर 2 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 550 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 330 या उससे अधिक
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 25 मई 2025 तक चुनिंदा पिन कोड पर मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

**खबर संक्षेप**

### फरीदाबाद में चेकिंग के दौरान एक ट्रक जब्त



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है।

### गुरुग्राम में मिला तीसरा कोरोना केस



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में शुक्रवार को एक और 45 वर्षीय व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। पीड़ित मरीज वजीराबाद सेक्टर 52 का रहने वाला है। गुरुग्राम में कोरोना के 3 नए मामले सामने आने आए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कोरोना को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अलका सिंह ने लोगों से न घबराने की अपील की है और आश्वासन दिया।

### युवक के पैर में गोली मारने वाला आरोपी काबू



**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना पुलिस ने युवक के पैर में गोली मारने के आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी से एक पिस्टल बरामद की है। सेक्टर-10 थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि बीती 18 अप्रैल को वह अपने दोस्त धीरज की शादी में सेक्टर-37, गुरुग्राम गया था। जहां इसकी मुलाकात समुंद्र नामक युवक से हुई। समुंद्र के पास एक पिस्टल थी, जिसे वह बार-बार लोड व अनलोड कर रहा था। तभी उसकी पिस्टल से गोली चली और इसके पैर में लगी। इसके पैर में गोली लगने के बाद समुंद्र वहां से भाग गया।

# फरीदाबाद के मेजर धनखड़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के मछगर गांव के रहने वाले मेजर सतेंद्र धनखड़ को उनकी अद्वितीय बहादुरी के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया है। वीरवार को उन्हें राष्ट्रपति भवन में यह सम्मान दिया गया। उनको सम्मान मिलने पर परिवार के लोगों ने खुशी और गर्व जाहिर किया है। मेजर सतेन्द्र धनखड़ जून 2024 में जम्मू कश्मीर के डोडा में एक कंपनी कमांडर के तौर पर आतंकवाद विरोधी अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। इस दौरान उनको घने, दुर्गम और अभेद्य जंगलों में आतंकियों के मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई। जिसको लेकर मेजर धनखड़ ने अपनी टीम के साथ लक्ष्य क्षेत्र की घेराबंदी आरंभ की, घेराबंदी का आभास होते ही आतंकियों ने मेजर की टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी का जबाव देते हुए मेजर ने अपनी कुशलता से तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया और अपनी पूरी टीम को सुरक्षित बचाया। इस मुठभेड़ के दौरान मेजर धनखड़ के पैर में गोली भी लगी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मेजर सतेन्द्र की बहादुरी के लिए उनको शौर्य चक्र देकर सम्मानित किया।

जम्मू कश्मीर में 3 आतंकवादियों को मारा, मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी थी



**परिवार में सबसे छोटे**

*मेजर सतेंद्र धनखड़ अपने परिवार के सबसे छोटे बेटे हैं, उनके दो बड़े भाई जितेंद्र और धर्मेंद्र हैं। जितेंद्र धनखड़ सेक्टर-12 कोर्ट में वकील हैं। उनके दूसरे भाई धर्मेंद्र नोयडा में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। सतेंद्र का पूरा परिवार गांव में ही रहता है। उनके पिता सुरेश चंद का साल 2016 में देहांत हो गया था। सतेंद्र के पिता नगर निगम फरीदाबाद में कार्यरत थे।*

**19 साल की उम्र में सेना में भर्ती हुए**

*मेजर सतेंद्र का जन्म 21 अगस्त 1990 में गांव मच्छगर में हुआ। 19 साल की उम्र में इंडियन आर्मी में सिपाही के पद पर भर्ती हुए। साल 2014 में इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून से लेफ्टिनेंट कमीशन हुए, जिसके बाद वह 2018 में वहां से पासआउट हो गए। 2018 में उनको रेजिमेंट 20 लांसर्स, 4 राष्ट्रीय राइफल्स बतौर लेफ्टिनेंट शामिल किया गया। इसके बाद 2020 में उनको कैप्टन, साल 2024 में उनको आर्मी में मेजर बना दिया गया। इस दौरान उनकी पोस्टिंग बीकानेर, बाड़मेर, जम्मू कश्मीर में रही है।*

**3 साल की बेटी**

*मेजर सतेंद्र की शादी दयालपुर खेड़े गांव की रहने वाली निधि के साथ साल 2019 में हुई। शादी के बाद उनकी एक 3 साल की बेटी है। उनकी पत्नी निधि धनखड़ एक हाउस वाइफ हैं।*

**जितेंद्र बोले, भाई पर गर्व है**

*मेजर सतेंद्र के भाई जितेंद्र जो पेशे से वकील हैं, उन्होंने बताया कि आज उनके अपने भाई पर गर्व है। उनका परिवार ही नहीं पूरा क्षेत्र अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कभी उनके गांव को बदमाशों का गांव कहा जाता था। लेकिन आज उनके गांव को वीरों का गांव कहा जाता है।*

गड्ढे के पास बैठे थे मजदूर, खुदाई के दौरान हादसा, दो घायल

# ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा, मिट्टी ढहने से दो मजदूरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ओल्ड रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन की साइट पर बड़ा हादसा हो गया। गड्ढे की मिट्टी धंसने से दो महिलाएं की मौत हो गई, जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ, जब मजदूर धूप से बचने के लिए काम के दौरान थोड़ी देर आराम कर रहे थे।

ओल्ड रेलवे स्टेशन पर नई बिल्डिंग निर्माण के लिए खुदाई की जा रही थी। जेसीबी की मदद से मिट्टी को निकाला जा रहा था। मजदूर मिट्टी को समतल करने का काम कर रहे थे। इसी दौरान बिल्डिंग के फाउंडेशन के लिए एक चौड़ा गड्ढा किया जा रहा था। जिसमें कॉलम खड़े किए जाने हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दौरान तीन महिला मजदूर और एक पुरूष वहीं पर आराम करने के लिए बैठ गए। अचानक भारी मात्रा में मिट्टी धंस गई और पास में बैठी 3 महिला सहित एक पुरुष मिट्टी में दब गए। मिट्टी के गिरते ही आसपास काम कर रहे अन्य मजदूरों में अफरातफरी मच गई और उन्होंने तुरंत मलबा हटाने की कोशिश की। जेसीबी मशीन की मदद से मिट्टी को हटाया गया और सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया।

**उत्तर रेलवे के डीआरएम ने घटनास्थल का दौरा किया जांच के दिए आदेश**

**खास बातें**

- हादसा सुबह 11 बजे के आसपास हुआ
- अचानक गिरा मिट्टी का ढेर










**घायलों का हालचाल पूछा**

*डीआरएम(डिजीवनल रेलवे मैनेजर) के डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी को मिली है। वह थोड़ी देर में घटनास्थल पहुंचे तथा जांच के आदेश दिए उसके बाद वह अस्पताल पहुंचकर उन्होंने घायलों का हालचाल पूछा। राजकीय रेलवे पुलिस फरीदाबाद के डीएसपी राजेश चेची भी नागरिक अस्पताल पहुंचे और मृतकों के परिजन से बात की।*

**इलाज के दौरान 2 महिलाओं की मौत**

*मजदूरों ने आस-पास से गुजर रहे निजी वाहनों से घायल मजदूरों को इलाज के लिए बीके नागरिक अस्पताल भिजवाया। जहां पर दो महिलाओं की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाली महिला मजदूरों की पहचान नवीता निवासी बिहार और नमिता निवासी पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। घायल मजदूरों में एक महिला काजल ने बताया कि हम सभी काम कर रहे थे। लेकिन तेज धूप के कारण कुछ देर के लिए एक किनारे बैठ गए थे। तभी अचानक मिट्टी का बड़ा ढेर हम पर आ गिरा।*

स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर समस्याएं साझा करेंगे

## संघर्ष समिति ने पृथला के विधायक व खेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आज रेफरमुक्त अभियान संघर्ष समिति फरीदाबाद के प्रतिनिधि मंडल ने पृथला से कांग्रेस विधायक रघुबीर तेवतिया व पलवल विधायक व खेल मंत्री गौरव गौतम के कार्यालय में मांगपत्र सौंपा। विधायक रघुबीर तेवतिया ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना व भरोसा दिलाया की।

इस मंगलवार को वह स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से मिलकर उनसे यह समस्याए सांझा करेंगे व आगामी सत्र मे भी रेफर मुक्त फरीदाबाद की मांग को पहले की भांति प्रमुखरता से उठाएगें। पलवल विधायक व कैबिनेट मंत्री गौरव गौतम के पीए प्रदीप शर्मा ने जानकारी दी कि आगामी 6 तारीख को मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी पलवल आएंगे तो वह यह मांग उनके समक्ष रखेगें। उन्होंने रेफर मुक्त फरीदाबाद संघर्ष समिति की मांगों को पलवल के मांगपत्र में पहले नंबर पर समायोजित किया। रेफरमुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा ने कहा कि जब तक फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में ए ग्रेड का ट्रोमा सेन्टर नहीं बनता व सरकार ने जो बजट सत्र मे घोषणाएं की थी उन पर जमीन पर कार्य शुरू नहीं होता व सिविल अस्पताल की बाकी समस्याओं का निदान नहीं होता समिति का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा संघर्ष है ।

बड़खल डिविजन के अधिकारियों और पार्षदों की बैठक संपन्न

## पार्षदों के सुझाव पर प्राथमिकता से विचार करेगा निगम प्रशासन: ओमवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला उपायुक्त विक्रम सिंह फरीदाबाद द्वारा गत वीरवार को मानसून से पहले जल भराव की समस्या से निपटने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार शुक्रवार को ननि मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में निगम के अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह ने डिविजन 1 व डिविजन 2 के अधिकारियों और दोनों डिविजनों के अंतर्गत पार्षदों के साथ समन्वय बैठक की। निगम के अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह ने निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में निगम के डिवीजन 1 व डिवीजन 2 के अंतर्गत एनआईटी बड़खल के इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों और पार्षदों के साथ संयुक्त बैठक कर मानसून से पहले नालों की सफाई के कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की और पार्षदों से सुझाव मांगे कि जिन नालों पर सफाई का कार्य किया जा रहा है। यदि किसी अन्य नाली और नाले की सफाई होनी चाहिए उसका भी ब्यौरा मांगा गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ भी रहे मौजूद

## केंद्रीय खेल मंत्री माडंविया ने किया दो दिवसीय स्पेशल अचीवर्स व्हीलचेयर बास्केटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख माडंविया ने शुक्रवार को मानव रचना कैंपस सूरजकुंड रोड़ पर दो दिवसीय स्पेशल अचीवर्स व्हीलचेयर बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय महामत्री तरूण चुघ, स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा एवं चेयरपर्सन माधवी हंस, संस्था के ट्रस्टी पंकज हंस और ट्रस्टी टेकचंद नंदराजोग (टोनी पहलवान), महापौर प्रवीण जोशी, मानव रचना एजूकेशन इंस्टीटयूट के वाईस प्रेसीडेंट अमित भल्ला, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा के गुरूग्राम इंचार्ज संदीप जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, राजन मुथरेजा, जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा, राजेश पटेला, एडवोकेट सुरेन्द्र देशवाल, पंकज सिंगला, जितेन्द्र गुप्ता, श्रीमति सोनिका हंस, दमन कुमार, अशोक ढल, कविश अग्रवाल भी मौजूद रहे। खेल मंत्री ने बॉल को उछालकर मैच की शुरूआत की। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने दिव्यांग खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप दिव्यांग हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप देश को गौरवांवित नहीं कर सकते। हमारे दिव्यांग खिलाड़ी हमें गर्व करने के कई मौके दे रहे है। मांडविया ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक से लेकर पीडी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तक दिव्यांग एथलीटों ने खेल के क्षेत्र में देश के लिए उपलब्धियां हासिल की है। राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ ने कहा कि सरकार आपके साथ खड़ी है और आपको अपनी सफलता का उपयोग विभिन्न मंचों पर अधिक युवाओं को प्रेरित करने के लिए करना चाहिए। स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा, चेयरपर्सन माधवी हंस ने कहा कि निशक्तों को जो व्यक्तिहीन व कमजोर समझते है। वे खुद ही छोटी सोच वाले है। भगवान की रचना में किसी को ज्यादा मिलता है तो किसी को कम मिलता है, जिनको ज्यादा मिलता है, यह उनका दायित्व बनता है कि वे कमजोर की मदद करें।

मौर्य कोरी समाज के सम्मेलन में होंगे शामिल

## पूर्व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 25 को आएंगे गाजियाबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



कोरी समाज की समस्यायों व राजीनीतिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 25 मई को नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कोरी समाज का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगें। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण, समाज कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। सांसद अतुल गर्ग, महापौर शामिल दयाल, विधायक संजीव शर्मा, अजीत पाल सिंह, मंजू सिवाच, नन्द किशोर गुर्जर भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सम्मेलन रविवार को दोपहर 1:00 बजे से होगा। कोरी समाज के अध्यक्ष लेखराज माहौर ने प्रेस वार्ता में बताया कि बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रशासन द्वारा कोरी,कोली,जुलाहा समाज के जाति प्रमाण पत्र न बनायें जाने की मांग को प्रमुखता से उठाना है। इसके अतिरिक्त समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने कहा कि समाज को संगठित होकर अपनी बात सरकार तक पहुँचानी चाहिए, यह सम्मेलन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रेस वार्ता में उपाध्यक्ष चम्मा माहौर, कृपाल सिंह पूर्व किशन सिंह माहौर, व सुरेश कोरी, महामंत्री धनपाल सिंह कोरी व कोषाध्यक्ष लेखराज तंतवार मंत्री राकेश कोरी , विजय माहौर, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

## शहरवासी अपने शहर को स्वच्छ बनाने में करें योगदान: आयुक्त

**फरीदाबाद।** निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने हरियाणा सरकार के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत फरीदाबाद शहर को स्वच्छ बनाए रखने और इसकी सुंदरता बढ़ाने के दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं, इसी विषय को लेकर निगम आयुक्त द्वारा की गई समीक्षा के बाद उन्होंने जॉन के ज्वाइंट कमिश्नर और सफाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करें अपने-अपने एरिया में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे ताकि शहर में कूड़े के ढेर न लगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली** द्वारा स्थापित एवं विश्वसनीय निविदाकारों से ओपन ई–टेन्डर **सिंगल पैकेट पद्धति** के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा के प्रकार | ई–निविदा (सिंगल पैकेट) |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 287–सिग0/नि0/ति0ब्रिज/74/25 |
| 3 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के कोटकपूरा–फाजिल्का खंड पर बुधल बालमगढ़ स्टेशन पर केंद्रीकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग (इंडोर और आउटडोर कार्य) कार्य तथा साथ लगे हुए स्टेशनों/सेक्शनों की ब्लॉक वोर्किंग और सम्बंधित टेलिकॉम कार्य के संबंद में हाल्ट स्टेशन को क्रासिंग स्टेशन में बदलने के साथ फ्रेट टर्मिनल का प्रावधान। |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,85,49,870.99/– |
| 5 | निविदा फार्म की लागत | शून्य |
| 6 | बोली प्रतिभूति | Rs. 3,42,800/– |
| 7 | कार्य समापन की अवधि | 10 माह |
| 8 | निविदा फार्म प्राप्त करने जमा करने एवं खुलने का पता | दिनांक 22.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 9 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 22.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | निविदा फार्म जमा करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 30.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जमा किया जाना है। |

पत्र सं0:– 287–सिग0/नि0/ति0ब्रिज/74/25 दिनांक : 22.05.2025 1511/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सड़क सुरक्षा को लेकर नहीं बरती जाएगी लापरवाही: एसडीएम शिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



एसडीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति के संबंध में समीक्षा बैठक

एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने कहा कि सडक़ सुरक्षा नियमों को पालन करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है, वह उसको गंभीरता से पालन करें। एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। सड़क सुरक्षा व्यवस्था नियम को सख्ती से लागू किया जाए एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने कहा कि शहर की जिन भी सडक़ों पर गड्ढे हैं या सड़क क्षतिग्रस्त है, उन स्थानों का त्वरित निरीक्षण कर संबंधित विभाग उन्हें शीघ्र अति शीघ्र दुरुस्त करने की कार्यवाही करें। जिन स्थानों पर पूर्व में दुर्घटनाएं हुई हैं, उन्हें चिह्नित कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य जैसे साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर आदि लगाए जाएंगे ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य मार्गों और हाईवे पर उचित स्थानों पर साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टिव चिन्ह और ट्रैफिक लाइट्स की उपलब्धता और कार्यशीलता सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी जगह ट्रैफिक लाइट खराब हो, तो उसकी मरम्मत प्राथमिकता से करवाई जाए। साथ ही सड़क के मध्य में लगे सुरक्षा ग्रिल, यदि कहीं टूटे या क्षतिग्रस्त हैं, तो उन्हें तुरंत रिपेयर किया जाए। इसके साथ ही यदि किसी भी सड़क के बीच में बिजली पोल, टेलीफोन खंभा या अन्य कोई संरचना अवरोध पैदा कर रही है, तो संबंधित विभाग उसे तुरंत हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थापित करें। एसडीएम शिखा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्कूल बसों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया जाए। प्रत्येक स्कूल बस के ड्राइवर और कंडक्टर का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए। बिना वेरिफिकेशन के किसी भी व्यक्ति को बस संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्येक निजी स्कूल को यह जानकारी देनी होगी कि उनके पास कुल कितनी बसें हैं और प्रत्येक बस के ड्राइवर एवं कंडक्टर का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निजी स्कूलों से यह सुनिश्चित कराएं कि उनके स्कूल वाहनों का पंजीकरण प्रमाणपत्र समय पर अपडेट हो, ड्राइवरों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो तथा उनकी आंखों की जांच करवाई जाए। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित मानकों के अनुरूप स्कूल और कॉलेजों के बहार स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं और उनके पास उचित साइन बोर्ड भी लगाए जाएं। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय-समय पर छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करें। इसके लिए विशेष कार्यशालाएं, जागरूकता शिविर और सेमिनार आयोजित करें। कूल की छुट्टी के समय प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी कर्मचारी या अधिकारी की ड्यूटी सड़क किनारे लगाई जाए ताकि बच्चे अनुशासन में रहें और सड़कों पर न भागें।

### मेगा लीगल सर्विसेज कैंप का हुआ सफल आयोजन: रीतू यादव

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद रीतू यादव के पर्यवेक्षण एवं उपस्थिति में शुक्रवार को सेक्टर-28 स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में मेगा लीगल सर्विसेज शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती यादव ने कहा कि यह शिविर नालसा मॉड्यूल के तहत आयोजित किया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **अनुज, पुत्रः लक्ष्मण महतो, निवासीः बी–228, जय विहार फेज–2, बानी कैंप के पास, नजफगढ़, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.855/2023 U/s. 25 Arms Act** के तहत एक मामला **थाना रणहौला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अनुज** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अनुज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.855/2023 U/s. 25 Arms Act, थाना रणहौला, दिल्ली** के अभियुक्त **अनुज** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार अंकित करण सिंह
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–08 (पश्चिम),
कमरा नं. 20, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6217/OD/2025
(अदालती मामला)

## 20 दिनों में हुई सड़कों, नालों और बाजारों की सफाई

# दिल्ली में मेगा सफाई अभियान बना स्वच्छता का जन आंदोलनः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मेगा सफाई अभियान स्वच्छता का जनआंदोलन बना है और 20 दिनों में सड़कों, नालों और बाजारों की सफाई हुई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 20 दिन के मेगा सफाई अभियान को लेकर यह दावा किया है। दिल्ली सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर चलाए गए "मेगा सफाई अभियान" के तहत एमसीडी द्वारा जोन-वार प्रगति रिपोर्ट जारी की गई है। उन्होंने बताया कि 20 दिन का यह मेगा सफाई अभियान एमसीडी के सभी 12 ज़ोन में चलाया गया, जिसके अंतर्गत सफाई, अतिक्रमण हटाने, चालान जारी करने जैसी कार्यों को पूरा किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार के 'स्वच्छ दिल्ली अभियान' को राजधानीवासियों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त हो रहा है। नगर निगम द्वारा जारी ताज़ा आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि स्वच्छता के क्षेत्र में चलाया जा रहा यह व्यापक अभियान धरातल पर उल्लेखनीय परिणाम दे रहा है।




### करीब 19,892 मीट्रिक टन हटाई गई गाद

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक कुल 19,892.38 मीट्रिक टन गाद (सिल्ट) हटाई गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के द्वारा 21 मई तक दिल्ली के 27 नालो से अबतक 13 लाख 72 हजार 267 मेट्रिक टन सिल्ट निकाला गया और अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि बाकी बचे हुई गाद निकालने का काम भी 31 मई, 2025 तक हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए।

### 418 बाजारों में हुई रात्रि सफाई

बताया गया कि इस अभियान के दौरान एमसीडी में मेगा सफाई अभियान के तहत 3,500 से अधिक किमी (लम्बाई के अनुसार) सड़कों की सफाई की गई। 11 हजार से अधिक चालान जारी किये गए और एमसीडी के नालों से 19,892 मीट्रिक टन गाद हटाई गई। अभियान के दौरान 418 बाजारों में रात्रि सफाई हुई। 4,139 डार्क स्पॉट्स रोशन किए गए और 37,628 पोस्टर और 8,399 बैनर हटाए गए।

### स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'मेगा सफाई अभियान' को लेकर कहा कि यह अभियान न केवल दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि राजधानी को स्वच्छ रखने के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सफाई कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है जिसमें सरकार और नागरिकों की साझेदारी के माध्यम से शहरी जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सफाई अभियान' को एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में आगे भी जारी रखा जाएगा। इसका उद्देश्य केवल एक बार सफाई करना नहीं है, बल्कि इसे नियमित और सुदृढ़ तंत्र के रूप में स्थापित करना है, जिससे दिल्ली की हर गली, हर मोहल्ला और हर बाजार स्वच्छ, व्यवस्थित और प्रदूषण मुक्त रह सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि एनडीएमसी ने अपने क्षेत्राधिकार में मेगा स्वच्छता अभियान का सफलतापूर्वक संचालन किया, जिसे प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रणनीतिक रूप से 14 सर्कलों में विभाजित किया गया था।

### सड़कों की मरम्मत जैसे कार्य बड़े पैमाने पर किए गए

अभियान के दौरान घास काटने, अवैध अतिक्रमण हटाने, गैरकानूनी पोस्टरों को हटाने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत जैसे कार्य बड़े पैमाने पर किए गए। इस पहल ने न केवल क्षेत्र के भौतिक ढांचे और पर्यावरण की गुणवत्ता को बेहतर बनाया, बल्कि एनडीएमसी की स्वच्छ, हरित और सुव्यवस्थित शहरी क्षेत्र बनाए रखने की प्रतिबद्धता को भी और मजबूत किया।

# पंजाबी बाग : नालों की हुई सफाई लेकिन कब उठेगी गाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम आगामी मानसून में जलभराव नहीं हो, इसको लेकर दिन रात सातों दिन तैयारी में जुटा है लेकिन इस तैयारी के दौरान जगह-जगह प्रशासनिक लापरवाही भी देखने को मिल रही है। बता दें कि करीब पांच दिन पहले पंजाबी बाग इलाके के ट्रांसपोर्ट सेंटर में मुख्य सड़क और ट्रांसपोर्ट सेंटर के अंदर नालों की गहराई से सफाई की गई हैं लेकिन नालों से निकाली गई गाद (सिल्ट) सूख कर वाहनों के आवागमन में धूल बनकर उड़ रही है साथ ही बड़ी मात्रा में सड़क किनारे निकाली गई गाद राहगीरों और वाहन चालकों को हर दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां से आने जाने वालो का कहना है कि दिल्ली सरकार को जल्द से जल्द इसे हटाना चाहिए ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

- राहगीर और वाहन चालक हो रहे हैं परेशान

# आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए है ऑपरेशन सिंदूर : कुलपति



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1275 वीं बैठक का आयोजन

देश से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया जा रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1275 वीं बैठक के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने यह बाते कही। बता दें कि बैठक का आयोजन शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बैठक के आरंभ में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि ऐसी कठिन स्थितियों के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय भारत सरकार को हर संभव समर्थन और सहयोग प्रदान करेगा। इस संदर्भ का प्रस्ताव विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद (एसी) की 1022 वीं बैठक के दौरान पारित किया गया था। कुलपति ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए ईसी में भी यह प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। डीयू के हिन्दी और अंग्रेजी विभाग में भी होगी पत्रकारिता में एमए की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी और अंग्रेजी विभागों में भी अब पत्रकारिता में एमए की पढ़ाई करवाई जाएगी। कुलपति ने बताया कि हिफ़ा लोन को 10 वर्ष में केवल 10 प्रतिशत वापिस लौटना होगा। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एनईपी 2020 में हर कोर्स 4 साल का है और विद्यार्थियों के पास मल्टीपल एक्ज़िट और मल्टीपल एंट्री का विकल्प है।

## आप पार्षद जनता के बीच में रहें और सुनें समस्याएं : सिसोदिया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद जनता के बीच में रहें, उनकी समस्याएं सुनें और तत्काल उसका समाधान कराएं।



दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार की नाकामियों को जनता के बीच लेकर जाएं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और विधानसभा में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने पार्टी के सभी पार्षदों के साथ बैठक में यह बाते कही। सिसोदिया ने एक - एक पार्षद से उनके क्षेत्र की समस्याओं को जाना और उसका निवारण कराने का निर्देश दिया। बता दें कि आम आदमी पार्टी 2027 में होने वाले दिल्ली नगर निगम चुनाव की तैयारियों में अभी से मिशन मोड में जुट गई है। आप ने 2027 में एमसीडी में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का लक्ष्य रखा है। सिसोदिया ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने देश में काम की वैकल्पिक राजनीति को बढ़ाया है। हम इस वैकल्पिक राजनीति को न सिर्फ जन-जन तक पहुंचाएंगे, बल्कि इसे और मजबूत करने पर काम करेंगे। वहीं, सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप पार्षद भाजपा के कुशासन से त्रस्त जनता के साथ खड़ा रहें और उनकी मजबूत आवाज बनें। वहीं निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि हम आप सरकार में किए गए कामों को जनता तक पहुंचाएंगे और भाजपा की गलत नीतियों को उजागर करेंगे।

# मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए दवा का करे छिड़काव

## महापौर ने सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ किया तुगलकाबाद गांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली के तुगलकाबाद गांव में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने और मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव करने के लिए दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने निर्देश दिए। बता दें कि दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के अभियान के तहत महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ तुगलकाबाद गांव का दौरा किया। इस दौरान मध्य जोन की अध्यक्ष सुगंधा बिधूड़ी, उपायुक्त गुरपाल सिंह और निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। महापौर ने गांव की सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी जारी किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को गांव के मुख्य नाले की सफाई और संपर्क मार्ग की मरम्मत के निर्देश भी दिए। महापौर ने जोर देकर कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। महापौर ने तुगलकाबाद गांव के मुख्य संपर्क मार्ग का सौंदर्यीकरण करने और वहां स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए ताकि इलाके में डार्क स्पॉट को ख़त्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में तेजी से काम किया जाएगा।

### सरकार बनते ही विकास कार्यों ने पकड़ ली गति : बिधूड़ी

सांसद बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है। सांसद बिधुड़ी ने कहा कि तुगलकाबाद गांव में बाकी दिल्ली की तर्ज़ पर नालों की सफ़ाई का कार्य त्वरित गति से कराया जाए ताकि नागरिकों को कोई समस्या ना हो। उन्होंने गांव के नाले की दीवार की मरम्मत और उस पर पेंटिंग कराने की जरूरत बताई।

# दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के नियंत्रण में जुटी दिल्ली सरकार : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के प्रमुख इंडस्ट्रियल एरिया में दिल्ली सरकार जीपीएस-युक्त वाटर स्प्रिंकलर से युक्त हाइड्रोलिक एंटी-स्मॉग गन वाहनों की तैनाती के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों को मजबूत कर रही है और इसे नियंत्रण करने में जुट गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशों का अनुपालन करते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को उक्त घोषणा के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण से निपटने के निरंतर प्रयास में डीएसआईआईडीसी, दिल्ली सरकार, दिल्ली के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में जीपीएस-युक्त वाटर स्प्रिंकलर से लैस आठ एडवांस हाइड्रोलिक एंटी-स्मॉग गन ट्रक-माउंटेड वाहन प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में तैनात कर रही है। इस पहल का उद्देश्य वायुजनित धूल प्रदूषण को काफी कम करना और प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार करना है। उन्होंने बताया कि हाइड्रोलिक एंटी-स्मॉग गन वाहन का संचालन दो शिफ्टों में आठ घंटे का होगा। सुबह 3 बजे से सुबह 7 बजे तक की शिफ्ट और दोपहर के समय नॉन पिक समय में चार घंटे की शिफ्ट होगी।



- जीपीएस-युक्त वाटर स्प्रिंकलर से युक्त हाइड्रोलिक एंटी-स्मॉग गन वाहनों की तैनाती

### वाहनों को तैनात करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी

सिरसा ने कहा कि यह पहल हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश के बाद की गई है। जीपीएस-सक्षम एंटी-स्मॉग गन वाहनों को तैनात करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है, और सरकार अब वायु प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में इन वाहनों को तैनात करने के लिए तैयार है।

मंत्री सिरसा ने बताया कि डीएसआईआईडीसी, लंबे समय से बवाना और नरेला औद्योगिक क्षेत्रों का रखरखाव कर रही है, वर्तमान में इन क्षेत्रों में आठ वाटर स्प्रिंकलर और तीन एंटी-स्मॉग गन संचालित हो रहे है। इस आधार पर, आठ नई जीपीएस-सक्षम एंटी-स्मॉग गन वाहनों की तैनाती जून 2025 से पटपड़गंज, ओखला फेज-3, ए ब्लॉक और एस ब्लॉक फेज-2, झिलमिल, नांगलोई, उद्योग विहार, बादली और भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्रों में की जा रही है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा संचालित औद्योगिक क्षेत्रों के लिए दो अतिरिक्त एंटी-स्मॉग गन वाहन भी रखे गए हैं।

## बवाना में 'तिरंगा शौर्य यात्रा' का किया आयोजन

# ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेनाओं की युद्ध-कुशलता का प्रमाण : इन्द्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से भारत की आतंकवाद विरोधी नीति और हमारी सेनाओं की युद्ध-कुशलता का प्रमाण पूरी दुनिया को मिला है। समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना के शाहबाद डेयरी क्षेत्र में आयोजित तिरंगा शौर्य यात्रा में स्थानीय निवासियों और दिल्लीवासियों के साथ सहभागिता के दौरान यह बाते कही।

मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और भारतीय सेना के अदम्य शौर्य के फलस्वरूप ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक ऐतिहासिक विजय के रूप में सामने आया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र के वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए बवाना में 'तिरंगा शौर्य यात्रा' का आयोजन किया गया है।

मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य न केवल भारतीय सेना के साहस, बलिदान और समर्पण को सम्मानित करना है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और अडिग संकल्प का भी प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत की आतंकवाद विरोधी नीति और हमारी सेनाओं की युद्ध-कुशलता का प्रमाण पूरी दुनिया को मिला है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और पूर्व सैनिकों ने तिरंगा लहराते हुए यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान राष्ट्रगान, देशभक्ति गीतों और सैनिकों की वीरगाथाओं का आयोजन भी हुआ।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्युडिशियल कॉम्पलैक्स की मेन बिल्डिंग के साथा स्थित साथ लगते ब्लॉक (टावर ऑफ जस्टिस) का फिनिशिंग कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 191.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में गांव सेलोठी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड नं. 22386 दिनांक 10.06.2018 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 28.05.2025 | 25.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | जिले में वर्ष 2025-26 हेतु शाहाबाद निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 29.94 से 34.24 (पुराना एनएच-65) अम्बाला हिसार रोड के 53 मिमी से 22.4 मिमी (जी-III) के कोर्स एग्रीगेट की आपूर्ति के लिए वार्षिक रखरखाव हेतु + 8 कार्य। | 20.05.2025 27.05.2025 | 17.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | वर्ष 2024-25 हेतु आईएएच-महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार में ई.आई. एएनडीएनआर बिल्डिंग सिविल एरोड्रोम का रखरखाव (एनवीआर, एमआईसी और यूपीएस का प्रावधान केवल)। | 22.05.2025 29.05.2025 | 3.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिला कार्य कार्यक्रम 2025-26 (डबवाली निर्वाचन क्षेत्र) में डबवाली संगरिया रोड (एमडीआर-105) (रोड आईडी 5749) वीटी एन कि.मी. 28.20 से 31.52 तक रोड के मजबूतीकरण द्वारा विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 30.05.2025 | 92.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666220530 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कैथल | गांव मटोर में ओमप्रकाश फौजी से चोशाला तक ब्रिक पेवमेंट रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 22.05.2025 29.05.2025 | 12.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलाली ब्लॉक झोझू कलां में ऑक्सीजन पार्क, प्लांटेशन, जल संग्रहण टैंक और वॉकिंग ट्रैक का निर्माण (स्कीम-डीएमएफ)। | 22.05.2025 28.05.2025 | 25.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कुमाशपुर खण्ड मुरथल, सोनीपत में गंदे पानी का तालाब (साड्डा वाला) का विकास + 5 कार्य। | 22.05.2025 02.06.2025 | 93.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पानीपत | गांव बुआना लाखु, खण्ड इसराना, जिला पानीपत में अम्बेडकर भवन जलाजक पाना का निर्माण + 10 कार्य। | 22.05.2025 28.05.2025 | 293.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक बागवानी, हरियाणा पंचकूला | हरियाणा राज्य में किसानों के खेत में ग्रीनहाउसेज की आपूर्ति व स्थापना के लिए फर्मों का पैनल तैयार करना। | 26.05.2025 09.06.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582322 Hortharyana@gmail.com |
| 11 | सिविल हास्पिटल, नारनौल | सिविल हॉस्पीटल नारनौल 123001 जिला महेन्द्रगढ़ में जेएसएसके डाइट के लिए निविदा। | 23.05.2025 02.06.2025 | ईएमडी 30000 | https://etenders.hry.nic.in | 9992249991 nnlmsgh@gmail.com |
| 12 | सिविल सर्जन, रेवाड़ी | एचबीएसी का सीएमसी। | 20.05.2025 28.05.2025 | ईएमडी 85000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9315595527 dhs.csrwr@hry.nic.in |
| 13 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | राज्य वीआईपी ईसी 145 हैलीकॉप्टर वीटी एचआरवाई का व्यापक बीमा। | 23.05.2025 09.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/260/35071/I/88/7 दि. 23.05.25



घरेलू मक्खी से करीब 30 बीमारियां हो सकती है।



घोड़ा अपने वजन से पांच गुना अधिक बोझ खींच सकता है।

# लड़कियां आईटीआई में कर सकती हैं कुछ स्पेशल कोर्स



नालेज

यंगभूमि डेस्क

लड़का हो चाहे लड़की, पढ़ाई में अब भेदभाव नहीं रहा है। आज के समय में हर कोई व्यक्ति अपने बच्चों को साक्ष्य बनाना चाहता है यानी कि बच्चों को अच्छा पढ़ाना चाहता है। लड़कियों के लिए विशेष तौर पर कई प्रकार के अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा मौजूद होते हैं। लड़का और लड़की समान रूप से शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लड़कियां कुछ ऐसे कोर्स कंप्लीट करके अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। करियर बनाने के लिए आईटीआई कोर्स लड़कों और लड़कियों के लिए उचित अवसर माना जाता है आईटीआई कोर्स में लड़कियों के लिए कुछ स्पेशल कोर्स जैसे हेयर डिजाइनिंग कोर्स इत्यादि मौजूद होते हैं।

## लड़कों से कम नहीं लड़कियां

आज के समय में ऐसा माना जाता है कि लड़कियां लड़कों से कम नहीं है ऐसे में लड़कियों के लिए भी अलग से आईटीआई कोर्स उपलब्ध करवाए गए हालांकि इन कोर्सों को लड़के भी कर सकते हैं। लेकिन विशेष तौर से इन कोर्स को लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें से लड़कियां किसी भी एक और को चुनकर अपने करियर को सकते हैं और अपने फ्यूचर में खुद को काबिल बना सकते हैं।

### हेयर एंड स्किन केयर का कोर्स

हेयर एंड स्किन केयर का आईटीआई कोर्स जो विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है इस कोर्स के नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स में लड़कियों की रुचि सबसे ज्यादा होती है। आईटीआई के इस कोर्स के माध्यम से सुंदरता और देखभाल संबंधित महत्वपूर्ण चीजें सिखाई जाती है। मुख्य तौर पर लड़कियां इस प्रकार के कोर्स को करने में अपनी अधिक रुचि दिखाती है और लड़कियों के लिए ही विशेष तौर से यह कोष उपलब्ध करवाया गया है। इस कोर्स को करने के पश्चात लड़कियां ब्यूटी पार्लर में नौकरी कर सकती है और खुद का ब्यूटी पार्लर भी खोल सकते हैं और अपने करियर को एक जगह पर स्टेबल करने में उन्हें मदद मिलती है।

## कढ़ाई एवं सिलाई

लड़कियों के लिए दूसरा सबसे बेहतरीन आईटीआई कोर्स कटाई व सिलाई आईटीआई कोर्स है। इस कोर्स के अंतर्गत सिलाई के विशेष प्रकार के कार्य लड़कियों को सिखाए जाते हैं और साथ ही साथ कढ़ाई के काम भी सिखाए जाते हैं। आज के समय में कटाई और सिलाई की लोकप्रियता तथा डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में यह आईटीआई कोर्स करके आप किसी भी बड़ी सिलाई या कढ़ाई की फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटिंग का काम कर सकते हैं या फिर अपना खुद का सिलाई व कढ़ाई का काम शुरू कर सकते हैं।

### स्टाइल और फैशन के कोर्स

आईटीआई के बहुत सारे कोर्स है। जिसमें स्टाइल और फैशन के कोर्स भी मौजूद है। आईटीआई के फैशन डिजाइनिंग का कोर्स विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध होता है। इसको उसको करने के पश्चात लड़कियां फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपने भविष्य को आगे बढ़ा सकती है। फैशन डिजाइनिंग का आईटीआई कोर्स करने के पश्चात लड़कियां खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने के साथ-साथ कई तरह से फैशन डिजाइनर के तौर पर भी नौकरी हासिल कर सकती है। फैशन डिजाइनिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात हर लड़की का भविष्य सिक्योर माना जाता है। क्योंकि आज के समय में फैशन डिजाइनर की डिमांड बहुत ही अधिक है।

## ये कोर्स करियर बनाने में सहायक

### स्टेनोग्राफर

आईटीआई में सबसे लोकप्रिय कोर्स स्टेनोग्राफर का कोर्स माना जाता है। इस स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स करने के पश्चात सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी उपलब्ध होने के चांस बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात किसी भी पद पर नौकरी हासिल करने के चांस बढ़ जाते हैं। सरकारी विभाग में कई स्टेनोग्राफर के पद पर भर्ती निकाली जाती है। ऐसे में आप यदि आईटीआई कोर्स कर चुके हैं। तो आपको प्रायोरिटी के साथ स्टेनोग्राफर पद पर शामिल होने का मौका मिलेगा स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स है। जिसे लड़के व लड़कियां दोनों करते हैं। लेकिन लड़कियों के लिए यह एक बेहतरीन सुनहरा अवसर माना जाता है। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात आप अपने टाइपिंग स्पीड को बढ़ा सकते हैं और कंप्यूटर टाइपिंग स्पीड अच्छी होने पर हर जगह आप की डिमांड बढ़ जाएगी आज के समय में पूरी दुनिया कंप्यूटर पर ही आधारित है और हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड अच्छी है। तो आपको सरकारी जॉब के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी जॉब के अच्छे अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे।

### इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग

आईटीआई का एक कोर्स जिसे मुख्य तौर पर लड़कियां अधिकतर चयन करती है। इस कोर्स के माध्यम से इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग के बारे में विशेष ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलता है। लड़कियां इंटीरियर डिजाइन और इंटीरियर डेकोरेशन का काम कर अपने भविष्य के लिए रोजगार के कई सारे अवसर उपलब्ध खुद ही करवा सकते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर दिन प्रतिदिन डिमांड बढ़ती जा रही है और हर जगह बिजनेस हो या घर आंतरिक सजावट और डिजाइनिंग के लिए इंटीरियर डिजाइनर को बुलाया जाता है। ऐसे में यदि आपके पास इंटीरियर डेकोरेशन की कला है और आपने आईटीआई कोर्स कर रखा है। तो आपके लिए जॉब के बेहतरीन अवसर आपके सामने उपलब्ध होंगे।

### हाउसकीपिंग

घर की देखभाल करने के लिए लड़कियां ऐसे भी माहिर होती है। लेकिन यदि हाउसकीपिंग जैसे आईटीआई कोर्स से लड़कियां ज्ञान अर्जित कर लेती है। तो उसके पश्चात घर की देखभाल में उन्हें और भी अधिक सहूलियत हो जाती है। सीधी भाषा में इसका मतलब यह हुआ कि घर की देखभाल करने के लिए जो आईटीआई कोर्स मौजूद है उसे हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स कहा जाता है। आईटीआई कोर्स के माध्यम से लड़कियां भविष्य में प्राइवेट सेक्टर में तो नौकरी हासिल कर सकती है। हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात आपको कहीं भी हाउस कीपर के तौर पर नौकरी मिल जाती है और इसकी सैलरी भी अच्छी मिलती है।

---

नवयुवकों के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प बनकर उभरा

# तकनीक के क्षेत्र में रुचि है तो बनें एथिकल हैकर इंटरनेट को सुरक्षित बनाने में निभाएं अहम भूमिका


डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर

## डिजिटल सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता



यदि आप तकनीक के क्षेत्र में रुचि रखते हैं और इंटरनेट की दुनिया को सुरक्षित बनाने की चाह रखते हैं, तो एथिकल हैकर बनना एक उत्कृष्ट करियर विकल्प हो सकता है। एथिकल हैकिंग वह विधा है, जिसमें आप कम्प्यूटर प्रणाली की कमजोरियों को खोजकर उन्हें सुरक्षित करने का कार्य करते हैं। यह पेशा आधुनिक युग में बेहद आवश्यक होता जा रहा है, क्योंकि डिजिटल सुरक्षा अब किसी भी देश, संस्था या व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। एथिकल हैकर को 'वाइट हैट हैकर' भी कहा जाता है, जो संगठनों की अनुमति से उनकी वेबसाइट, नेटवर्क और सॉफ़्टवेयर में संभावित खामियों को खोजता है। उनका उद्देश्य इन खामियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि उन्हें ठीक कराना होता है, ताकि कोई दुर्भावनापूर्ण हैकर (ब्लैक हैकर) इनका फ़ायदा न उठा सके। वे परीक्षण के माध्यम से साइबर प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।






### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में बी.टेक/एम.टेक
3. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
   पाठ्यक्रम: साइबर सिस्टम और नेटवर्किंग
4. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

#### निजी संस्थान

1. वेबसेक लैब्स, बेंगलुरु
   पाठ्यक्रम: एथिकल हैकिंग और पेनिट्रेशन टेस्टिंग
2. अपग्रेड (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म)
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कार्यक्रम
3. एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   पाठ्यक्रम: बी.टेक इन साइबर लॉ एंड सिक्योरिटी
4. एरेना मल्टीमीडिया
   पाठ्यक्रम: नेटवर्क सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में डिप्लोमा

**वेतन प्रारंभिक स्तर**

25,000 – 60,000 प्रति माह
वार्षिक: 3,00,000 – 7,20,000
मध्यम अनुभव (3–5 वर्ष):
80,000 – 1,50,000 प्रति माह
वार्षिक: 9,60,000 – 18,00,000

**वरिष्ठ स्तर**

20 लाख – 40 लाख प्रति वर्ष
1,66,667 – 3,33,333 प्रति माह (लगभग)

**स्वतंत्र सलाहकार**

प्रति प्रोजेक्ट: 50,000 – 5,00,000
-यदि 12 प्रोजेक्ट साल में करें तो 6,00,000 – 60,00,000 वार्षिक (अनुमानित)

#### आवश्यक कौशल

- एक एथिकल हैकर को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि तेज विश्लेषणात्मक सोच भी होनी चाहिए।
- उन्हें नेटवर्क सुरक्षा, एनक्रिप्शन, वायरस डिटेक्शन जैसे पहलुओं की गहरी समझ होनी चाहिए। संवाद
- कौशल और नैतिक जिम्मेदारी इस क्षेत्र में विशेष महत्त्व रखते हैं। उन्हें यह भी जानना होता है कि एक
- हमलावर कैसे सोच सकता है। तभी वे सिस्टम को उस स्तर पर सुरक्षित कर पाते हैं। लगातार अपडेट
- रहना और नई तकनीकों को सीखना इस पेशे में जरूरी है।

नेटवर्क सुरक्षा और फ़ायरवॉल की समझ
पेनिट्रेशन टेस्टिंग तकनीकें
मैलवेयर विश्लेषण और वायरस डिटेक्शन
प्रणाली और डेटा एनक्रिप्शन
रिपोर्ट लेखन और जोखिम मूल्यांकन

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

-**बैंकिंग और वित्तीय संस्थाएं :** ग्राहकों की जानकारी की सुरक्षा
-**सरकारी एजेंसियां :** राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सूचना संरचना की रक्षा
-**आईटी कंपनियां :** सॉफ़्टवेयर और ऐप की सुरक्षा जांच
-**ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म :** ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की निगरानी
-**स्वास्थ्य सेवाएं :** रोगियों के डिजिटल रिकॉर्ड की रक्षा
-**शैक्षणिक संस्थान :** छात्र डेटा और पोर्टल सुरक्षा

### शिक्षा और योग्यता

एथिकल हैकिंग में करियर बनाने के लिए तकनीकी पृष्ठभूमि बहुत ज़रूरी होती है। इसमें कंप्यूटर नेटवर्क, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्रोग्रामिंग की समझ होना आवश्यक है। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों की पढ़ाई भी आवश्यक है। छात्र बी.टेक, एम.टेक या डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। बहु-विषयक समझ और व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

**-कंप्यूटर नेटवर्क और ऑपरेटिंग सिस्टम**
**- साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग**
**- क्रिप्टोग्राफी और सूचना सुरक्षा**
**- प्रोग्रामिंग भाषाएँ (जैसे: पायथन, सी, जावा)**
**- डेटा संरचना और एल्गोरिदम**

### रोज़गार के अवसर

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ)
- भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीईआरटी-इन)
- बैंकों और बीमा कंपनियाँ
- आईटी कंपनियाँ – टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो
- विदेशी फर्म – गूगल इंडिया, अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट
- स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग प्रोजेक्ट्स

### वेतन और संभावनाएं

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

### करियर सलाहकार से लें सलाह

एथिकल हैकिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता, बल्कि ईमानदारी और ज़िम्मेदारी की भी मांग करता है। यदि आप डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने की दिशा में योगदान देना चाहते हैं, तो यह करियर न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि बेहद सम्मानजनक भी हो सकता है। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# धैर्य और संयम अनमोल गुण, ये शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में करते मदद



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

युद्ध के मैदान में सैनिकों को अक्सर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जहां धैर्य और संयम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। लंबी प्रतीक्षा, संसाधनों की कमी, अनिश्चितता, और कठिन मौसम जैसी चुनौतियां सैनिकों से धैर्यपूर्ण और संयमित रहने की मांग करती हैं। इसी तरह, छात्रों के जीवन में भी धैर्य और संयम अनमोल गुण हैं, जो उन्हें शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करते हैं। पढ़ाई के दौरान जटिल विषयों को समझने, लंबे समय तक लगातार मेहनत करने, या परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर हार न मानने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। युद्ध की ऐतिहासिक कहानियां, जैसे प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध, हमें सिखाती हैं कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर विनाशकारी साबित होते हैं, जबकि संयम के साथ सही समय पर उठाए गए कदम जीत की ओर ले जाते हैं।

## धैर्यपूर्वक अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल

उदाहरण के लिए, सन त्जु की पुस्तक 'द आर्ट ऑफ वॉर' में बताया गया है कि धैर्यपूर्वक सही अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल आधार है। छात्रों को भी इस सिद्धांत को अपनाना चाहिए। जब वे किसी कठिन अध्याय को समझने में समय लेते हैं या असफलता के बाद दोबारा प्रयास करते हैं, तो धैर्य उन्हें निराशा से बचाता है और आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसके अलावा, संयमित व्यवहार उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों में शांत रहने और सोच-समझकर निर्णय लेने की क्षमता देता है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई छात्र परीक्षा की तैयारी में पिछड़ रहा है, तो संयम के साथ समय प्रबंधन और लगातार छोटे-छोटे प्रयास उसे सफलता की ओर ले जा सकते हैं। युद्ध के सबक हमें यह भी सिखाते हैं कि धैर्य और संयम न केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, बल्कि दूसरों के साथ बेहतर संबंध बनाने में भी सहायक हैं। स्कूल में सहपाठियों के साथ छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने या शिक्षकों की सलाह को ध्यान से सुनने में संयम का उपयोग करना छात्रों को एक जिम्मेदार और परिपक्व व्यक्तित्व प्रदान करता है। इस प्रकार, धैर्य और संयम को अपनाकर छात्र न केवल अपनी शैक्षिक यात्रा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन की हर चुनौती को आत्मविश्वास और शांति के साथ पार कर सकते हैं। युद्ध से मिला यह सबक हमें याद दिलाता है कि कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखना और संयमित दृष्टिकोण अपनाना ही सच्ची जीत का मार्ग है।

## योजना बनाना जरूरी

**रणनीति और नियोजन की कला :** युद्ध में सफलता के लिए सटीक रणनीति और नियोजन जरूरी है। प्राचीन ग्रंथ 'द आर्ट ऑफ वॉर' में सन त्जु ने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले उसकी योजना बनानी चाहिए।

**धैर्य और संयम :** युद्ध में सैनिकों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना पड़ता है। यह गुण छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा की तैयारी, असफलता या मुश्किल समय में धैर्य और संयम से काम लेना उन्हें मजबूत बनाता है।

**साहस और दृढ़ता :** युद्ध में सैनिक असंभव लगने वाली परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते। छात्रों को भी अपने जीवन में साहस दिखाना चाहिए। चाहे वह नई चीजें सीखना हो, असफलता से उबरना हो या चुनौतियों का सामना करना हो, दृढ़ता और साहस उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**टीमवर्क और नेतृत्व :** युद्ध में कोई भी सेना अकेले नहीं लड़ती; यह सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। छात्रों को भी समूह में काम करने का महत्व समझना चाहिए। स्कूल प्रोजेक्ट्स, खेल या अन्य गतिविधियों में एकजुट होकर काम करने से न केवल सफलता मिलती है, बल्कि नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। युद्ध के उदाहरणों से सीखें कि एक अच्छा नेता कैसे अपनी टीम को प्रेरित करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** गोबर पर उगने वाले कवक कहलाते हैं
(ए) साक्सीकोलस
(बी) टेरीकोल्स
(सी) कोर्टीकोल्स
(डी) कोप्रोफिलस

**2.** निम्न में से किसमें क्लोरोफिल नहीं होता है ?
(ए) शैवाल
(बी) ब्रायोफाईटस
(सी) टैरोडोफाईटस
(डी) कवक

**3.** आलू का लेट ब्लाईट उत्पन्न होता है -
(ए) एल्बयूगो कैंडीडा द्वारा
(बी) फ्यूजेरियम मोनिलीफार्म द्वारा
(सी) फाइटोप्थोरा इन्फेस्टेंस द्वारा
(डी) आल्टनेरिया सोलेनाई द्वारा

**4.** डबल रोटी के निर्माण में काम आने वाला कवक है -
(ए) राईजोफस स्टोलनिफर
(बी) जाइगो सैकरोमाइसीज
(सी) सैकरोमाईसीज सेरेवीसी
(डी) सैकरोमाईकोडिस

**5.** पेनीसीलीयम क्या है ?
(ए) विषाणु
(बी) शैवाल
(सी) कवक
(डी) जीवाणु

**6.** पेनिसिलिन की खोज किसने की थी ?
(ए) चार्ल्स गुडईयर
(बी) माइकल फैराडे
(सी) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(डी) विलियम हार्वे

**7.** अर्गोट (**Ergot**) प्राप्त होता है।
(ए) राईजोबियम से
(बी) क्लेवीसेप्स से
(सी) फाइटोमोनौस से
(डी) एलब्युगो से

**8.** औद्योगिक स्तर पर पेनिसिलिन प्राप्त किससे किया जाता है ?
(ए) पेनिसिलियम एक्सपेन्स्म से
(बी) पेनिसीलियम क्राईसोजेनम से
(सी) पेनीसीलीयम नोटेटम से
(डी) पेनीसीलियम क्लेवीफॉर्म से

**9.** यीस्ट में कायिक जनन होता है -
(ए) मुकुलन द्वारा
(बी) एकाईनिटस द्वारा
(सी) एप्लाजोस्पोर्स द्वारा
(डी) एस्कोस्पोर्स द्वारा

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 29 को पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का शुभारंभ करेंगे

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के बिहार दौरे पर 29 मई को आ रहे हैं। इस दौरान वो बिहार को कई बड़ी सौगातें देंगे। साथ ही बीजेपी के मिशन बिहार को भी धार देंगे। बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम मोदी पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन करने के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय आएंगे। जहां बिहार बीजेपी के सांसदों, विधायकों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को कानपुर पहुंचेंगे और वहां पहलगाम हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात करेंगे।

### पटना में पुलिस पर हमला

**पटना।** राजधानी पटना से एक बड़ी खबर सामने आई है। बिहार में शराबबंदी को 9 साल हो गए हैं, लेकिन इसके बावजूद शराब तस्कर अब भी चोरी छिपे शराब का कारोबार कर रहे हैं।
वहीं, पुलिस भी लगातार इन तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। गर्दनीबाग थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की और भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की।
यह शराब एक स्कॉर्पियो गाड़ी में भरी हुई थी, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### कंटेनर में लगी आग लाखों का सामान जला

**रोहतास।** रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र में बुढ़न मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर खड़े एक कंटेनर में अचानक आग लग गई, जिससे उसमें रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।
कोलकाता से बनारस जा रहा एक कंटेनर रास्ते में राजमार्ग के किनारे खड़ा था। उसी समय तेज हवा चली और कंटेनर ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार से छू गया।

---

*राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी*

# महर्षि कश्यप ने अनुसंधान, ज्ञान और तप से मानव सभ्यता को नई दिशा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में एक सरकारी संस्थान का नाम महर्षि कश्यप के नाम पर रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने तीर्थ स्थल कुरुक्षेत्र और कपाल मोचन में स्थापित कश्यप राजपूत धर्मशालाओं के विस्तार के लिए 21-21 लाख रुपये देने की भी घोषणा भी की। मुख्यमंत्री शुक्रवार को कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लाडवा में एक चौक का नाम महर्षि कश्यप के नाम पर रखने तथा लाडवा, कुरुक्षेत्र या इंद्री में कश्यप राजपूत धर्मशाला की स्थापना के लिए फिजिबिलिटी चेक करवा कर प्लॉट उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा रखी गई अन्य सभी मांगों की फिजिबिलिटी चेक करवाने के लिए सम्बंधित विभाग को भेजकर इन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का कार्य किया जायेगा। महर्षि कश्यप को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का प्रकाश स्तम्भ बताते हुए उन्होंने कहा कि मुनिराज कश्यप ने ज्ञान, तप और अनुसंधान से मानव सभ्यता को नई दिशा दी। उन्होंने समाज को नई दिशा देने के लिए स्मृति ग्रंथ और कश्यप संहिता जैसे महान ग्रंथों की रचना की। ऐसे महान ऋषि का प्रेरणादायक व्यक्तित्व हमेशा मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा।



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री को महर्षि कश्यप का स्वरूप भेंट करते आयोजक।

### प्रधानमंत्री मोदी की साहसिक निर्णय क्षमता और आधुनिक तकनीक से लैस सेना के पराक्रम से पूरी दुनिया अचंभित


*उन्होंने कहा कि इस समाज ने महर्षि कश्यप जी के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलते हुए देश निर्माण में अहम योगदान दिया। हाल ही के ऑपरेशन सिन्दूर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुखद घटना के बाद संकल्प लेकर कहा था कि जिसने भी हमारे भोले भाले लोगों को मारने का काम किया है अब उनकी बची खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। इसी संकल्प के तहत आतंकवाद के ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया गया। इस ऑपरेशन के दौरान आप जैसे वीरों के बलबूते भारत देश ने आतंकवादियों और उनका संरक्षण करने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक निर्णय क्षमता और आधुनिक तकनीक से लैस हमारी भारतीय सेना के जो पराक्रम दिखाया है, उससे पूरी दुनिया अचंभित है।*

---

**अयोध्या मंदिर परिसर में अधिकारियों से व्यवस्था के बारे में सीएम ने ली जानकारी**

## सीएम योगी ने हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

# देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख समृद्धि की कामना की





एजेंसी ▶▶ अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। सीएम योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री इससे पहले 10 मई को अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण करने पहुंचे थे। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी का मई माह में यह दूसरी बार अयोध्या दौरा है। रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में राम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। राम मंदिर में दर्शन के बाद सीएम योगी ने की बैठकराम मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही ट्रस्ट के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। सीएम ने मंदिर के निर्माण कार्य के प्रगति और परकोटा निर्माण की जानकारी ली। मंदिर में स्थापित किये जा रहे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बारे में भी जानकारी की। सीएम ने राम मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य को जल्दी पूरा करने के लिए भी कहा है। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार का पूरा सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया है।

### अयोध्या में मुख्यमंत्री की ललकार

## पाकिस्तान बहुत जी चुका... अब इसका समय आ गया है: सीएम योगी

**भारत की सेनाओं ने 124 आतंकवादियों का खात्मा कर दिया**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नया भारत है जो किसी को छेड़ता नहीं और अगर कोई छेड़ता है तो उसको छोड़ता नहीं हैं। यही काम तो हनुमान जी ने भी किया था। जब हनुमान जी लंका में रावण के सामने पेश किए गए तो रावण ने उनसे यही पूछा था कि तुमने मेरे बेटे (अक्षय कुमार) को क्यों मारा? तब हनुमान जी ने जवाब दिया था कि मैंने नहीं मारा।

मैंने तो बस जवाब दिया और वो मर गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही काम भारतीय सेनाओं ने किया। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया बल्कि आतंकवाद की कायराना हरकतों का जवाब दिया। आतंकवादियों ने 24 निर्दोष भारतीय नागरिकों को मारा तो भारत की सेनाओं ने 124 आतंकवादियों का खात्मा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अयोध्या के हनुमानगढ़ी में हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब 75 साल अपनी पूरी जिंदगी जी चुका है। अब ये खत्म हो जाएगा। इसका समय आ गया है। हमारे एक पूज्य संत ने भविष्यवाणी की थी कि पाकिस्तान खत्म हो जाएगा। पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा मिलेगी। सीएम ने आतंकियों को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम किया है वहीं पाक को तगड़ी चोट पहुंचाई है।

---



# 29,000 छात्रों ने दी जीवन कौशल शिक्षा की परीक्षा

- बच्चों ने टीम वर्क, संवाद कौशल, सहानुभूति और सहयोग जैसे गुणों को सीखा
- ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन का सराहनीय सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जिले के चारों ब्लॉकों के 183 स्कूलों में शुक्रवार को कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने जीवन कौशल शिक्षा की वार्षिक परीक्षा में भाग लिया। लगभग 29,000 छात्रों द्वारा दी गई यह परीक्षा एक घंटे की रही।

इस परीक्षा के सफल आयोजन में शिक्षा विभाग, प्रत्येक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ, बीआरसी) और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन का सराहनीय सहयोग रहा। परीक्षा प्रश्नपत्रों का वितरण और पुनः संकलन सभी संबंधित अधिकारियों के समन्वय से कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रत्येक विद्यालय में स्कूल प्रमुख और जीवन कौशल विषय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में परीक्षा का संचालन नियत समय पर और सुचारू रूप से किया गया। दो वर्षों से जीवन कौशल शिक्षा के अंतर्गत बच्चों ने टीम वर्क, समस्या समाधान, संवाद कौशल, सहानुभूति और सहयोग जैसे महत्वपूर्ण गुणों को सीखा और अपने जीवन में उतारा है। परीक्षा के सफल आयोजन में डीपीसी श्रीमती अंशु सिंघला गुरुग्राम और एपीसी दिनेश कुमार द्वारा स्कूलों में नियमित निरीक्षण किए गए तथा छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन से वरिष्ठ प्रबंधक दीपक विजयवर्गीय ने भी परीक्षा प्रक्रिया का अवलोकन किया। परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत, सभी स्कूलों से उत्तर पुस्तिकाएं शिक्षकों द्वारा संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराई जा रही हैं। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन टीम से शुभम, आशा, कविता, नेहा, सुनिता, सरिता, शुभ्रा, शिवानी, सरस्वती, सिमरण, विकास, लॉकित , शिवम, चितरांशू, अरूद, अंकित, शब्बीर आदि शामिल रहे।

---

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी ने...

भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों की स्थापना से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अवसरों का और विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि पूर्वोत्तर दो रणनीतिक क्षेत्रों – एनर्जी और सेमीकंडक्टर के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में जलविद्युत और सौर ऊर्जा में व्यापक निवेश किया है, जिसके तहत कई हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। पीएम मोदी ने भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूत करने में असम की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने घोषणा की कि पूर्वोत्तर स्थित सेमीकंडक्टर प्लांट से पहली मेड इन इंडिया चिप जल्द ही पेश की जाएगी, जो इस क्षेत्र के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह विकास अत्याधुनिक तकनीक के अवसरों को खोल रहा है और भारत के उच्च तकनीक औद्योगिक विकास में पूर्वोत्तर की स्थिति को मजबूत कर रहा है।

### अंबानी ने कहा...

*होगा। इससे इस क्षेत्र में 25 लाख से ज्यादा डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार के अवसर पैदा होंगे।*

### पाकिस्तान में सैन्य तानाशाही के...

का दूसरा पड़ाव था।

**मध्य पूर्व के तेल की कीमतों में यूरोप ने लगाई आग :** उन्होंने अपने जवाब को आगे बढ़ाते हुए यूरोपीय देशों को लताड़ लगाते हुए कहा कि यह ठीक है कि भारत, रूस से तेल खरीद रहा है। लेकिन यूरोप क्या कर रहा है? रूस से तेल न मिलने के हालात में उसने मध्य पूर्व का रुख किया है। जहां से भारत भी बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है। लेकिन अब धनी-समृद्ध यूरोप के बीच में आ जाने से मध्य पूर्व में तेल की कीमतों पर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। क्योंकि यूरोप के देश मध्य पूर्व से बढ़ी हुई कीमतों के साथ भी तेल लेने के लिए तैयार हैं। इस परिस्थिति को भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई अन्य देश संभाल नहीं सकते हैं। क्षेत्र की ज्यादातर तेल कंपनियां खरीद के संबंध में कोई जवाब नहीं दे रही हैं। क्योंकि वो यूरोप को तेल बेचने में व्यस्त हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि ऐसे में बाकी दुनिया को क्या करना चाहिए? ठीक है हम बिना ऊर्जा के रहेंगे। क्योंकि यूरोप को इसकी हमसे ज्यादा जरूरत है?

**भारत-पाक के बीच हुआ संघर्षविराम :** भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्षविराम में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई सीधी बातचीत की अहम भूमिका है। जिसमें यह तय किया गया कि लड़ाई और सैन्य कार्रवाई को रोका जाएगा। जयशंकर ने संघर्षविराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर पूछे प्रश्न के जवाब में यह तथ्य डेनमार्क के मीडिया के सामने रखा। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच कुछ दिनों तक विवाद चला, फिर संघर्षविराम हुआ और हमने इसे फिलहाल लड़ाई और सैन्य कार्रवाई को रोकने को लेकर बनी सहमति के आधार पर लागू किया है। इस निर्णय पर भारत और पाकिस्तान अपनी सेनाओं की प्रत्यक्ष बातचीत के जरिए पहुंचे हैं। इसके अलावा मामले में अहम मोड़ उस वक्त आया। जब हमने 10 मई की सुबह पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। उसके बाद ही पाकिस्तान ने गोलीबारी रोकने पर सहमति जताई और फिर ये तय हुआ कि इसके साथ हम कैसे आगे बढ़ेंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर में नेस्तनाबूद किए 9 आतंकी कैंप :** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के कुल 9 आतंकवादी कैंपों को पूरी तरह से मिट्टी में मिला दिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने अपने नापाक इरादों के साथ भारत के नागरिक और सैन्य ठिकानों पर 8, 9 और 10 मई को हमला बोला। जिसका सतर्क भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने मुंहतोड़ जवाब दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच हर स्तर पर गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से संघर्षविराम को लागू करने की घोषणा की थी।

### भारत देशों की संप्रभुता ...

*आधारित हैं। उनके हिसाब से आप सीमाओं की पवित्रता की बात करते हैं। लेकिन इस पवित्रता को हम भारत की सीमाओं से क्यों शुरू नहीं कर सकते हैं। जहां से मेरी दुनिया शुरू होती है। हमने हमेशा कहा है कि मामले को हम ही (भारत-पाकिस्तान) ही सुलझाएंगे। विदेश मंत्री से बतौर लोकतांत्रिक देश होने के बावजूद भारत द्वारा सत्तावादी और अधिकारवादी रूस का समर्थन करने, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत द्वारा रूस से की जा रही तेल की खरीद करने को लेकर सवाल पूछा गया था। जिसका उन्होंने यह जवाब दिया।*

### ऑपरेशन सिंदूर...

कहा कि बीएसएफ न केवल सीमाओं की रक्षा करती है, बल्कि आंतरिक सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है।

**ड्रोन खतरा गंभीर चुनौती :** केंद्रीय गृहमंत्री ने बीएसएफ की स्मार्ट बॉर्डर परियोजनाओं की सराहना की, जिनमें मोशन-सेंसर फेंसिंग, एआई-आधारित घुसपैठ विश्लेषण, ड्रोन निगरानी, और त्वरित प्रतिक्रिया संचार नेटवर्क शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन 26 पायलट परियोजनाओं का पूर्ण रोलआउट अगले 3-4 वर्षों में होगा, जो भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमाओं को और सुरक्षित करेगा। शाह ने ड्रोन खतरे को गंभीर चुनौती बताया और कहा कि सरकार एक व्यापक एंटी-ड्रोन यूनिट स्थापित कर रही है, जिसमें रक्षा संगठन, गृह मंत्रालय, और डीआरडीओ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर लेजर-युक्त एंटी-ड्रोन गन प्रणाली ने ड्रोन का पता लगाने और निष्क्रिय करने की दर को 3 फीसदी से बढ़ाकर 55 फीसदी कर दिया है। 2024 में 260 से अधिक ड्रोन को रोका गया, जो 2023 में 110 की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।

**सरकार ने 573 नए सीमा चौकियां बनाई :** अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 573 नए सीमा चौकियां बनाई हैं और सीमा पर 1 हजार 812 किमी सड़कों का निर्माण किया है। उन्होंने असम के धुबरी में भारत-बांग्लादेश सीमा पर व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली की प्रगति की सराहना की, हालांकि उन्होंने जोडा कि इसमें कुछ सुधार की आवश्यकता है।वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सीमा गांवों को सभी सुविधाओं (शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी) से लैस करने से न केवल प्रवास रुकेगा, बल्कि यह सीमा सुरक्षा को भी मजबूत करेगा। इस कार्यक्रम के लिए 48 हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया गया है, जिससे लगभग 3 हजार सीमावर्ती गांवों को लाभ हुआ है।

### सोलर बैट्री फटने...

यही ग्रुप बोंद्रा में भी एक और स्कूल चला रहा है, जिसे मुजीब के भाई सलीम देख रहे हैं।

**स्कूल संचालक ने हादसे को छिपाया :** धमाके के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण मौके पर दौड़े चले आए। उन्होंने बच्चों को निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के बाद स्कूल संचालक ने परिसर की सफाई कराकर घटना छिपाने की कोशिश की। जब स्कूल संचालक बच्चों का हाल-चाल लेने पहुंचे, तो परिजनों ने इलाज में मदद मांगी। लेकिन आरोप है कि संचालक ने अभद्रता कर दी और मदद करने से इनकार कर दिया।

### भारतीय वायुसेना के जेट...

सकता है।

**सशस्त्रों बलों का मनोबल गिराया :** भाटिया ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गांधी की टिप्पणियों का इस्तेमाल पाकिस्तान भारत को निशाना बनाने और सशस्त्र बलों का मनोबल गिराने के लिए कर रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस नेता भारत के साथ खड़े हैं या उसके विरोधियों के साथ, उन्होंने पूछा कि क्या राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में या पाकिस्तान के 'निशान-ए-पाकिस्तान' के रूप में काम कर रहे हैं।

**पाकिस्तान कांग्रेस नेताओं के शब्दों का इस्तेमाल कर रहा :** भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि पाकिस्तान कांग्रेस नेताओं के शब्दों का इस्तेमाल भारत को निशाना बनाने के लिए कर रहा है, और फिर भी आप चुप हैं। यह चिंताजनक है। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी, आपको तय करना होगा कि आप किसकी तरफ हैं। क्या आप भारत के विपक्ष के नेता हैं, या पाकिस्तान के निशान-ए-पाकिस्तान? देश देख रहा है। यह आपको तय करना है।

**लड़ाकू विमानों का खुलासा करना विवेकपूर्ण नहीं :** भाजपा प्रवक्ता ने एयर मार्शल संदीप सिंह भारती की पूर्व टिप्पणी का हवाला दिया कि सक्रिय युद्ध परिदृश्य के दौरान लड़ाकू विमानों के बारे में विवरण का खुलासा करना विवेकपूर्ण नहीं है। जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है, तब राहुल गांधी लापरवाह बयान दे रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि कितने आईएएफ जेट गिरे हैं। 11 मई को एक प्रेस वार्ता के दौरान एयर मार्शल भारती ने कहा, 'हम युद्ध की स्थिति में हैं, हमारे लिए उस सवाल का जवाब देना समझदारी नहीं है।

### निशिकांत बोले, राहुल गांधी...

समझौते का हवाला देते हुए कांग्रेस के पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ लंबे समय से जुड़े होने को उजागर किया। एक्स पर एक पोस्ट में, दुबे ने दावा किया कि 1991 के समझौते में भारत और पाकिस्तान सैन्य आंदोलनों के बारे में जानकारी साझा करने पर सहमत हुए थे, यह सुझाव देते हुए कि कांग्रेस पार्टी ने एक बार पाकिस्तान के साथ सुरक्षा पारदर्शिता का समर्थन किया था।

**कांग्रेस ने पूछे फिर तीन सवाल :** उधर, इस बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का एक हिस्सा शेयर करते हुए इनसे तीन सवाल पूछे हैं। राहुल ने एक्स पर लिखा कि मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए: 1. आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? 2. ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी? 3. आपका ख़ून सिर्फ़ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया!

### सुप्रीम कोर्ट से ज्यादा...

अंबार है। न्याय के लिए चक्कर काट रहे आमलोग परेशान हैं। किसी मामले में किसी आरोपी को बीस साल के बाद सजा सुनाना आसान नहीं। इशारे इशारे में जस्टिस ओका आम आदमी और ट्रायल कोर्ट की व्यथा बखान कर गये, लेकिन उसकी स्थिति ठीक कैसे हो, इस पर शून्यता की स्थिति कायम है।

**जज के रूप में काम करते मिली संतुष्टि :** अपनी 21 साल लंबी जज-यात्रा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि जज के पद पर रहते हुए निर्णय लेने की आजादी रहती है रिटायरमेंट के बाद वो आजादी नहीं रहेगी। उन्होंने जज के पद पर काम करते हुए इस बात से संतुष्टि दिखायी कि जज के पद पर काम करते हुए वकीलों की तुलना में पैसे तो नहीं हैं लेकिन जज के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जो संतुष्टि मिलती है वो शायद बतौर वकील मुझे नहीं मिलती।

### विश्व बैंक को आर्थिक सहायता...

अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से हथियार और गोला बारूद खरीदने के लिए धन एकत्रित करने में लगा हुआ है।

**ऋण, बेलआउट पर टिकी पाक अर्थव्यवस्था :** जानकारों ने कहा कि अगर भारत दोनों अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती के साथ अपनी बात मनवाने में कामयाब हो जाता है तो यह पाकिस्तान के खिलाफ भारत की बहुत बड़ी कामयाबी होगी। पाक की अर्थव्यवस्था मूलरूप से ऋण और बेलआउट पैकेज पर ही टिकी हुई है।

**एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट के मायने :** एफएटीएफ उन देशों को ग्रे लिस्ट में शामिल करता है। जो धनशोधन और आतंकी वित्तपोषण का सामना करने के लिए अपने शासन में मौजूद रणनीतिक कमियों को दूर करने में असफल रहते हैं। उन पर वित्तीय कार्रवाई दल की निगरानी कड़ी हो जाती है। पाकिस्तान को 2018 को एफएटीएफ ने ग्रे लिस्ट में डाला था। लेकिन उसके बाद 2022 में उसे आतंकी वित्तपोषण पर रोक लगाने के तंत्र को बेहतर बनाने के लिए एशिया प्रशांत समूह के साथ मिलकर काम करने की चेतावनी के साथ इससे बाहर कर दिया था। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से दुनिया के दो दर्जन से अधिक देश एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में हैं।

**2008 में पहली बार ग्रे लिस्ट में गया पाकिस्तान :** गौरतलब है कि पाकिस्तान को पहली बार वर्ष 2008 में एफएटीएफ ने ग्रे लिस्ट में शामिल किया था। लेकिन उसके अगले वर्ष 2009 में उसे इससे बाहर किया गया। फिर 2012 से 2015 तक पाकिस्तान पर एफएटीएफ ने अपना निगरानी का घेरा बढ़ाया। 2018 में उसे पुनः संस्था ने ग्रे लिस्ट में शामिल किया। 2021 तक वह इस सूची में रहा। 2022 में ग्रे लिस्ट से बाहर आने व उससे पहले पाक हालांकि यह दावा करता रहा है कि उसने आतंकी संगठनों से संबंध वाले लोगों को जेल भेजा है और उनकी संपत्तियां जब्त की हैं।

**तीन बार होती एफएटीएफ की बैठक :** सूत्रों ने कहा कि जून में होने वाली एफएटीएफ की बैठक में भारतीय अधिकारी शामिल होंगे और इस मुद्दे को जोरशोर से उठाएंगे। इसके अलावा उनके द्वारा वैश्विक संस्था को डोजियर सौंपकर पाकिस्तान के खिलाफ सख्त जांच और कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। वैश्विक संस्था की साल में तीन बार फरवरी, जून और अक्टूबर महीने में पूर्ण बैठक होती है। इस हिसाब से जून में एफएटीएफ की दूसरी बैठक होगी।

**आईएमएफ के बेलआउट पर जताया विरोध :** विश्व बैंक, एफएटीएफ के मामलों से पहले ही भारत ने बीते वक्त में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा 9 मई 2025 को पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर की सहायता राशि देने की मंजूरी पर भी सख्त नाराजगी जताई थी। सरकार की तरफ से संभवतः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से बात कर अपना विरोध जताते हुए कहा कि युद्ध जैसे हालातों के बीच कैसे आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को फंड की मंजूरी प्रदान की गई?

### पाक ने सभी शर्तें, लक्ष्य...

है कि पाकिस्तान ने सभी शर्तें और लक्ष्य पूरे कर लिए हैं। इसे लेकर हमने पिछले साल पाकिस्तान को दी गई विस्तारित कोष सुविधा की समीक्षा की और उसके आधार पर बोर्ड ने 9 मई की धनराशि की मंजूरी प्रदान की।

## चिंतन

# भारत से उलझने की बजाए देश संभालें पाकिस्तानी नेता

पुरानी कहावत है कि अगर कुत्ते की दुम को 16 साल तक पोंगली में रखकर बाहर निकाला जाए तो भी वो टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। यही हाल हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान का है। भारतीय सेना की कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और भारत को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने गिड़गिड़ाने तक की नौबत आ गई। जब भारत संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गया तो पाक नेता और सेना अधिकारी अपनी शेखी बघारने लगे। अब ऐसा ही एक और बयान सामने आया है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी देते हुए कहा कि, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान का है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। दरअसल भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जल संधि स्थगित कर दी है और पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया है। चौधरी ने कहा कि भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। जबकि भारत युद्ध विराम के दौरान ही साफ कर चुका है कि सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। महज चार दिनों के युद्ध में ही यह बात पाकिस्तान अच्छी तरह से जान चुका है कि नए भारत को दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। भारत अब दुनिया की सशक्त अर्थव्यवस्था बन चुका है। वहीं पाकिस्तान दिवालिया के कगार पर है। इसके बावजूद वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाक से नेपाल पहुंचे संदिग्ध आतंकी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के इरादे से भारत में दाखिल होने की योजना बना रहे हैं। सूचना है कि करीब तीन दर्जन संदिग्ध नेपाल पहुंच चुके हैं। इनमें पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। ये लोग खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में घुसने की फिराक में हैं। इसीलिए सीमा पर सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग बढ़ा दी है, ताकि कोई भी संदिग्ध तत्व भारत में प्रवेश न कर सके। असल में पाकिस्तान अपनी कमजोरी छिपाने के लिए भारत में अशांति पैदा करने की कोशिश करता रहता है। भारत के नाम पर वहां के हुक्मरान अपनी असफलताओं को ढकते रहते हैं। पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था चौपट है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बलूच अलगाववादी आंदोलन देश के अस्तित्व पर खतरा बन गया है। मार्च में जाफर एक्सप्रेस के हाईजैक के बाद बलूच लिबरेशन आर्मी के हौसले सातवें आसमान पर हैं। पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर बीएलए ने स्पष्ट तौर पर पाक सरकार को चेता दिया है कि स्वतंत्र बलूचिस्तान की मांग को बलपूर्वक दबाना मुश्किल है। खैबर पख्तूनख्वा अलग तरह की आग में जल रहा है। यहां तहरीक-ए-तालिबान पाक आर्मी के लिए चुनौती बना हुआ है। सैन्य मोर्चे पर भी पाकिस्तान के हालात काफी खस्ता हैं। अब सेना अध्यक्ष मुनीर को फील्ड मार्शल का पद देकर शरीफ सरकार ने पाकिस्तान के आम आदमी के जख्मों पर नमक डालने का काम किया है। असल में इमरान खान समर्थक मुनीर को पसंद नहीं करते और शहबाज शरीफ उन्हें सिर पर बैठा रहे हैं। पाक नेताओं और सेना अधिकारियों को चाहिए कि भारत से उलझने की बजाए अपने हालात पर ध्यान दें। कहीं ऐसा न हो कि पाक इतिहास की किताबों में ही रह जाए।



एयरबेस मामला
अवधेश कुमार

# मोदी सा साहस शहबाज नहीं दिखा सकते

पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आदमपुर एयरबेस यानी वायु सैनिक अड्डे पर गए जहां से उनका कार्यक्रम पूरी दुनिया ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कुछ एयरबेस पर जा रहे हैं। पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। प्राइवेट कंपनी मेक्सार ने सेटेलाइट की तस्वीरें जारी की हैं। इनमें सरगोधा, नूर खान, भेल्लारी, सुक्कूर, जकोबाबाद स्थित शाहबाज एयरबेस आदि की तस्वीरें बता रही हैं कि 8 मई के पहले कैसी थीं और भारतीय कार्रवाई के बाद किस हालत में हैं। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। काफी दिनों बाद उनमें से कुछ पर जाते हैं तो कोई मायने नहीं होगा क्योंकि कम क्षति वाले कुछ क्षेत्र की मरम्मत की जा सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन करने की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना। लाइव तस्वीरें दुनिया देख रही थी। प्रधानमंत्री जहां से बोल रहे थे उसके पीछे एस400 प्रणाली भी दिख रही थी, रनवे भी दिखा और सैनिकों का उत्साह सातवें आसमान पर था।

जब कोई देश किसी पर हमला करेगा और हमारे बीच अघोषित युद्ध होगा तो यह संभव नहीं कि उसमें अपना नुकसान नहीं हो। बगैर मूल्य चुकाये कोई उपलब्धि हासिल नहीं होती। देश का मानस पाकिस्तान के साथ सैनिक टकराव में इसके लिए तैयार था कि हमारा भी नुकसान होगा किंतु उसे सबक सिखाये बगैर रुकना नहीं है। जितनी संख्या में उनके मिसाइल, ड्रोन चले, लड़ाकू जेट तक शामिल हुए तो उसका कहीं असर होगा। वैसे जितनी जानकारी आई है उसके अनुसार कोई बड़ी क्षति भारत को नहीं हुई। पाकिस्तान ने अपने सैन्य दुस्साहस की शर्मानाक विफलता और लगातार कमजोर होती रक्षा और आक्रमण प्रणाली से देश की जनता की दृष्टि हटाने के लिए लगातार झूठी सूचनायें प्रसारित कीं। पाकिस्तान के दुष्प्रचार का साथ देने वाले हमारे देश के इकोसिस्टम ने आदमपुर से आए वीडियो में एक-एक के चेहरे और आंखों को तलाशने की कोशिश की होगी ताकि कोई या कुछ मिल जाए जिसके चेहरे को देखकर बता सकें कि उत्साह झूठा था। वीडियो को रोक कर स्लो मोशन में देखा होगा ताकि कुछ नुकसान दिख जाए। कुछ दिखा नहीं पाए, इसका अर्थ भी साफ है। दुर्भाग्य से भारत को दुष्प्रचार युद्ध में पाकिस्तान और भारत विरोधी विदेशी शक्तियों के साथ बड़ी संख्या में अपने देश के उन समूहों से लड़ना पड़ रहा है जिनके बारे में समझना मुश्किल है कि उनकी प्रतिबद्धता क्या है? सच यह है जब भारत की मिसाइलें पाकिस्तान के न्यूक्लियर संस्थाओं के दरवाजे तक पहुंच गई, वह ज्यादा भयभीत हुआ कि आगे न्यूक्लियर युद्ध की धमकी भी देने की स्थिति में नहीं रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को विश्व का अगुवा नेता और अपने नेतृत्व में अमेरिका को किसी संघर्ष को रोकने में सक्षम



दिखाने के उतावलेपन में कह रहे हैं कि उन्होंने दो नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय युद्ध रुकवाया तो साफ है कि पाकिस्तान ने यही बात रखी होगी। हालांकि नाभिकीय युद्ध की कहीं संभावना नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष अमेरिका की ओर से यह बात आई तभी तो उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं चलेगा। क्या इसका अर्थ है कि भारतीय बलों ने अपनी युद्ध रणनीति के कारण यह आत्मविश्वास प्राप्त कर लिया है कि समय पर पाकिस्तान के नाभिकीय संस्थानों को ऐसी स्थिति में पहुंचा सकते हैं या उनका नियंत्रण ले सकते हैं जहां न रेडियोएक्टिव तत्वों के रिसने का खतरा रहे और न पाकिस्तान उनके इस्तेमाल करने में सक्षम? अभी अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया जा सकता किंतु दो दिनों के युद्ध में कुछ स्थितियां स्पष्ट थीं। विश्व के कई विख्यात रक्षा विशेषज्ञ भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं। ज्यादातर का मानना है कि 10 मई को जब भारतीय वायु सेना ने ब्रह्मोस और स्कैल्प इजी मिसाइलों से पाकिस्तान के कई एयरबेस को निशाना बनाया और इस दौरान सुखोई 30 एमके आई, मिराज 2000 और राफेल भी दौड़ रहे थे तो पाक की स्थिति काफी खराब हो गई। जगुआर लड़ाकू बमवर्षक विमानों से इसराइल से प्राप्त रैम्पेज मिसाइलों से सुक्कूर एयरबेस को निशाना बनाया गया। ब्रह्मोस-ए सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने पाक एयरबेस के मुख्य रनवे को पूरी तरह नष्ट कर दिया। रहीम यार खान एयरबेस को शेख जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी कहा जाता है, जो पाकिस्तान वायुसेना का महत्वपूर्ण सैन्य अड्डा है। हमले को रात में सटीकता से अंजाम दिया गया ताकि नागरिक नुकसान से बचा जा सके। हमले में सैन्य सुविधाओं, इमारतों और उपकरणों को नुकसान पहुंचा और स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ सहित कुछ सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। सरगोधा एयरबेस निशाने पर था और वहीं किरण हिल्स में नाभिकीय केंद्र के प्रवेश द्वार पर विस्फोट किया गया। पाकिस्तानी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारतीय निर्मित इजरायली हारोप ड्रोन ने कराची और लाहौर सहित कई स्थानों में हमले किए। लाहौर के सुंदर इंडस्ट्रियल एरिया में धमाकों के वीडियो और स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों ने भी इन हमलों की पुष्टि की मोटा-मोटी आकलन है कि दो-तीन दिन से ज्यादा का भंडार उसके पास नहीं था। साफ दिख रहा था कि पाकिस्तान ने भारत द्वारा मिसाइलों से नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने को अपनी शान और इज्जत के विरुद्ध मान लिया और उत्तर से दक्षिण श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट ,अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, भटिंडा ,चंडीगढ़, नाल फलोदी और भुज आदि पर ड्रोन और मिसाइल के ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। भारतीय सैन्य बलों ने इसका पूर्ण आकलन करते हुए प्रत्यक्ष कई गुना बड़े प्रत्याक्रमण की तैयारी की थी और परिणाम हुआ कि हमले असफल किए जाने लगे। पाकिस्तान सेना के मुख्यालय रावलपिंडी भी ड्रोन के निशाने पर आया। भारतीय ड्रोनों ने चीन की हत्फ 9 सरफेस टू एयर मिसाइल ऑपरेट करने वाली बटालियन को नुकसान पहुंचाया, लाहौर में पूरी टुकड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई, कराची की सुरक्षा में तैनात हत्फ 9 बटालियन को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा। इसी का परिणाम था कि पाकिस्तान को एफ16 वायुयान तक का इस्तेमाल करना पड़ा। पाकिस्तान अगर एस 400 मिसाइल रक्षा प्रणाली को मार गिराने का दावा कर रहा है तो उसे बताना होगा कि रडार मिसाइल निगरानी में यह कैसे संभव हुआ? प्रधानमंत्री और हमारे सैन्य प्रवक्ताओं की भाषा बिल्कुल एक है कि सीमा पार आतंकवाद की संभावनाओं तक को पूरी तरह समाप्त करने की लंबी योजना और रणनीति से आरंभ ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित है, समय और परिस्थितियों के अनुसार आगे भी जारी रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## वैश्विक परिदृश्य
डॉ. एस.डी. वैष्णव



# बलूचिस्तान के संघर्ष की मुखर आवाज़ बनी महरंग

युद्ध सभ्य समाज की निशानी नहीं है,लेकिन पहलगाम में आतंकी हमला करके पाकिस्तान ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। हालांकि, वर्षों से भारत में सुनियोजित तरीके से आतंकवादी हमले प्रायोजित करना पाकिस्तान की पुरानी फितरत रही है, लेकिन इस बार उसे मुँह की खानी पड़ी। भारतीय सेना के शौर्य-पराक्रम और सरकार के त्वरित एवं साहसिक निर्णयों ने भारतीय जनमानस की उम्मीदों के अनुरूप 'ऑपरेशन सिंदूर' से उसे ऐसे नाकों चने चबवाए कि भारत के एक ही प्रहार से ध्वस्त और आहत पाकिस्तान में ऐसा हाहाकार मचा कि उसे सीजफायर पर आना पड़ा। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो अपने भीतरी संघर्षों एवं खून-खराबों से ऊपर उठ नहीं पा रहा है। बावजूद उसने इस बार भारत से टकराने की हिमाकत की जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। वैसे तो पीओके वाले गिलगित-बाल्टिस्तान और पाक-अफ़गान सीमा जो डूरंड लाइन के आसपास का क्षेत्र है, वहां सक्रिय चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान के साथ पाकिस्तानी सेना का वहाँ के लोगों के साथ संघर्ष और झड़पें लगातार चलती रहती हैं। इन दिनों सिंध प्रांत में भी वहां की अवाम ने पाकिस्तान सेना और सरकार के ख़िलाफ़ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में बलूचिस्तान प्रांत एक ऐसा क्षेत्र है, जो सदैव अराजकता और अशांति के अंधेरे के बीच गुजर-बसर करते हुए, आज भी आजादी की नई रोशनी के कतरे तलाश रहा है। पिछले कुछ वर्षों से वहां की सामाजिक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलोच बलूचिस्तान की आजादी की मुखर आवाज़ बन गई है। बलूचिस्तान की शेरनी के नाम से मशहूर महरंग बलोच पेशे से डॉक्टर और मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बलोच यकजेहती कमेटी कमेटी की संस्थापक है। वहाँ दशकों से हो रही हिंसा, असहमति की लड़ाई, अपहरण, बेजा हत्याएं और मानवाधिकारों के हनन के ख़िलाफ़ वह अहिंसात्मक आंदोलनों के माध्यम से बलूच लोगों को एकजुट करती रही है। उनके तेज-तर्रार और आक्रोश से भरे भाषणों में गुलामी और पीड़ा से उपजी व्यथा का दंश झलकता है। महरंग बलोच ने पाकिस्तानी सेना और वहां के राजनीतिक हलकों का दम फूलाकर रख दिया है। यही कारण है कि कुछ दिन पूर्व क्वेटा में एक प्रदर्शन के दौरान उन्हें पाकिस्तानी सेना द्वारा गिरफ्तार करके ब्लॉक 9 की सेल नंबर 5 में बंद कर दिया गया। क्वेटा की इसी जेल में कभी उनके पिता को भी क़ैद रखा गया था। बाद में उनका क्षत-विक्षत शव मिला था। इतिहास में झाँककर देखें, तो भारत-पाकिस्तान के विभाजन के साथ ही बलूचिस्तान और वहाँ के लोगों ने स्वयं को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। हालांकि, ब्रिटिश शासन के दौर में ही 11 अगस्त 1947 को बलूचिस्तान को नया देश बना दिया गया। उस वक्त लॉर्ड माउंटबेटन ब्रिटिश वायसराय थे। बलूचिस्तान को आजाद करते हुए एक पेंच ऐसा फंसाया गया जिसके तहत बलूचिस्तान की सुरक्षा का जिम्मा पाकिस्तान को सौंपा गया। बलूचिस्तान की आजादी के एक महीने बाद ही ब्रिटेन ने एक नया प्रस्ताव पारित किया और कहा कि बलूचिस्तान अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां उठाने लायक नहीं है, इसलिए उसे एक स्वतंत्र देश नहीं बनाया जा सकता। आगे इसका फायदा पाकिस्तान ने बलूचिस्तान को अपने कब्जे में लेकर उठाया। 1948-50 से लेकर अब तक बलूचिस्तान की आजादी के लिए कई आंदोलन हो चुके हैं। बलूचिस्तान की आजादी के लिए जंग लड़ रही बीएलए यानी बलूच लिबरेशन आर्मी का पाकिस्तानी सेना के साथ लगातार संघर्ष जारी है। हालिया दिनों में 14 मई 2025 का दिन बलूचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा, जब बलूच नेता, मानवाधिकार कार्यकर्ता और 'फ्री बलूच मूवमेंट' के प्रतिनिधि मीर यार बलूच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बलूचिस्तान की आजादी की घोषणा की। बहरहाल, पाकिस्तान में महरंग बलोच नाम का एक तूफ़ान उठ खड़ा हुआ है। शांति के वैश्विक प्रयासों को मान्यता देने वाले वर्ष 2025 के शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए महरंग बलोच को नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए नहीं, बल्कि बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों और उनके परिवारों की आवाज़ को वैश्विक स्तर पर मान्यता का प्रयास है। उम्मीद की जानी चाहिए कि शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलकर आजादी की अलख जगा रही महरंग बलोच को यह पुरस्कार मिले और जल्द उनकी रिहाई सुनिश्चित हो। पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात उत्पन्न हो गए हैं। इधर भारतीय जनमानस ऑपरेशन सिंदूर से मिले विजय उत्साह को बनाए रखें। एक दिन पीओके में तिरंगा अवश्य लहराएगा।

(लेखक सामरिक मामलों के जानकार, स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
**दर्शन**

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है। सरिताएं, नद, तालाब, नवीन जल से परिपूर्ण हो जाते हैं। बादल पृथ्वी के निकट आ जाते हैं।

# ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था।

बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## जद्दोजहद



प्रयागराज के बाहरी इलाके में शंकरगढ़ में गंगा नदी से ज्यादा दूर स्थित क्षेत्र में पानी की कमी के बीच लोग बारिश के पानी से भरे तालाब से पीने का पानी लेने जाते हुए।

## आज की पाती

### कूटनीति के मंच पर लोकतंत्र की परीक्षा

भारत की लोकतांत्रिक संरचना और विविधतापूर्ण सामाजिक ताने-बाने ने उसे वैश्विक मंच पर एक आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है, जहां विभिन्न विचारधाराएं, जातियां, धर्म और भाषाएं एकजुट होकर सह-अस्तित्व की प्रेरणा देती हैं। लेकिन जब यह आंतरिक एकता राजनीतिक स्वार्थों और आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ने लगे, तब राष्ट्र की साख और उद्देश्य दोनों ही संकट में पड़ जाते हैं। हाल ही में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के जवाब में भारत सरकार द्वारा गठित सात प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य था- भारत की एकता, अनेकता में एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दुनिया भर में पहुंचाना।

- **राजेंद्र ठाकुर**, धमतरी

## ट्रेंड

### बीएसएफ सबसे सशक्त




दुर्गम सीमाओं और विषम मौसमीय परिस्थितियों में भी सीमाओं पर मुस्तैद बीएसएफ ने सीमा सुरक्षा के अपने संकल्प को दृढ़ता से निभाया है। मोदी सरकार बीएसएफ को अत्याधुनिक तकनीकों और संसाधनों से सुसज्जित कर इसे विश्व का सबसे सशक्त सुरक्षा बल बना रही है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### जर्मनी की एकजुटता



आज बर्लिन में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिलकर गौरवान्वित महसूस किया। हम रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए उनकी सरकार के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। आतंकवाद से मुकाबले के प्रति जर्मनी की एकजुटता सराहनीय है।
**- एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

### जनता की मुस्कान



हमारी सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की शिकायत का समयबद्ध समाधान हो और प्रशासन अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी व जनहितैषी बने। जनता की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी जीत है।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### नकारात्मकता का खोल



'आपरेशन सिंदूर' के सफल होने के बाद से ही कांग्रेस में खरगे-राहुल गांधी की जोड़ी ने 'घोर नकारात्मकता का खोल ओढ़' रखा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मय सबूत के साथ प्रहार कर दिया जो अब उनकी खुन्नस में तब्दील हो गया है।
**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# सार्वभौमिक टीके महामारी से लड़ने के तरीके बदल देंगे

हर साल, वैज्ञानिक उत्परिवर्तित वायरस का पता लगाने के लिए संघर्ष करते हैं, दवा कंपनियां टीकों को नये सिरे से तैयार करती हैं तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली टीके और उपकरणों की नयी खेप प्राप्त करने की तैयारी करती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया फ्लू और कोविड जैसे खतरों के खिलाफ हमारी अग्रिम पंक्ति की रक्षा है – लेकिन इसकी कीमत बहुत अधिक है। वैश्विक स्तर पर, अरबों अमेरिकी डॉलर, वायरस के स्वरूप की निगरानी, टीके के विकास और वितरण में खर्च किए जाते हैं तथा पहले से ही मुश्किल परिस्थितियों का सामना कर रही स्वास्थ्य प्रणाली – विशेष रूप से निम्न आय वाले देशों में – तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। यही कारण है कि वैज्ञानिक लंबे समय से सार्वभौमिक टीके विकसित करने का लक्ष्य रखते रहे हैं – जो मौसमी और महामारी, दोनों प्रकार के वायरस सहित इसके सभी प्रमुख स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। लेकिन इन टीकों को डिजाइन करना मुश्किल साबित हुआ है। कठिनाई वायरस के उत्परिवर्तन के तरीके में है। इन्फ्लूएंजा और सार्स सीओवी-2 (कोविड का कारण बनने वाला वायरस) तेजी से बदलते हैं, जिससे वे पिछले संक्रमणों या टीकाकरणों से उत्पन्न होने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली की स्मृति प्रतिक्रियाओं से बच जाते हैं।



## ऑफ बीट

# घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवत: कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

पहलगाम अटैक के बाद वैष्णो देवी में भी सुरक्षा हुई पहले से और सख्त

# 700 सीसीटीवी से यात्रियों के चेहरे की होगी पहचान

## श्राइन क्षेत्र में होगा अब रियल टाइम निगरानी और क्विक रिस्पांस

एजेंसी ▶▶ कटड़ा



कटड़ा में एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का संचालन शुरू किया गया

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर समेत देश की अधिकांश सीमाओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आध्यात्मिक विकास बोर्ड, कटड़ा में एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का संचालन शुरू किया है।

इस सुविधा के तहत 700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों से यात्रियों के चेहरे की पहचान (फेस रिकग्निशन) और पीटीजेड (पैन-टिल्ट-जूम) जैसी तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार इस विशेष सुरक्षा प्रणाली के तहत श्राइन क्षेत्र में वास्तविक समय की निगरानी और उसके बाद तुरंत उसकी प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी।

माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग और उधमपुर-रियासी रेंज की डीआईजी सारा रिजवी ने इस नए सुरक्षा सिस्टम आईसीसीसी का निरीक्षण किया। इस मौके पर बोर्ड के कई और अधिकारी भी मौजूद थे। सेना व खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में संयुक्त सुरक्षा उपायों को लेकर चर्चा के हुई। मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया।

### पिट्ठू और घोड़े वालों को नया कार्ड

श्राइन बोर्ड और सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीम एंट्री गेट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही सहित सभी मुख्य बातों की निगरानी करेगी रीयल टाइम के तहत की जाएगी। इसके तहत यात्रा के दौरान घोड़े और पिट्ठु वालों को नए यूएचएफ कार्ड जारी किया जाएगा। इसके साथ ही नकली पहचान रोकने के लिए रीडर लगाए जाएंगे। ड्रोन, एक्स-रे बैगेज स्कैनर मेटल डिटेक्टर और अंडर-व्हीकल स्कैनर जैसी उपकरणों का इस्तेमाल प्रभारी रूप में किया जाएगा।

### बंद किया जाएगा गैर कानूनी एंट्री गेट

सुरक्षा बलों का काम तीर्थ क्षेत्र में गैर-कानूनी एंट्री गेट को बंद किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैक के किनारे चलने वाली निजी दुकानों को सुरक्षा एजेंसियों के लिए आसानी से पहचानने योग्य बनाया जाएगा। वहीं पूरे तीर्थ जोन में आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए हॉटलाइन को और तेज की जाएगी। इसके साथ ही मंदिर व उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके साथ-साथ कटरा के इलाकों में भीख मांगने वालों पर भी सख्त रोक लगाने की बात की गई है। बैठक में इस बात का निर्देश दिया गया है कि भिक्षावृत्ति से श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। ऐसे में नाबालिगों को बाल गृहों में भेजकर उनका पुनर्वास कराया जाएगा, जिससे की श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित माहौल में हो सके।

## खबर संक्षेप

### भाजपा विधायक मीणा की सदस्यता निरस्त



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा एक बार फिर से 199 के फेर में फंस गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता निरस्त कर दी। मीणा की सदस्यता समाप्त होने के साथ ही विधानसभा के सदस्यों की संख्या 200 से घटकर 199 हो गई है। मीणा को हाईकोर्ट से तीन साल की सजा सुनाई गई थी।

### हथियार तस्करी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**मुंगेर।** ओडिशा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध हथियार निर्माण और तस्करी से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ कर बिहार के मुंगेर से मास्टरमाइंड मोहम्मद असलम को गिरफ्तार किया है। डीआईजी पिनाक मिश्रा ने बताया कि 20 मई को एसटीएफ ने मुंगेर पुलिस के सहयोग से मोहम्मद असलम को हिरासत में लिया।

### गंगोत्री हाई-वे पर मप्र के तीर्थयात्रियों की बस पलटी



**उत्तरकाशी।** गंगोत्री हाई-वे पर शुक्रवार को भयानक सड़क हादसा हो गया। नालूपानी धरासू के पास मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों से भरी एक बस सड़क पर पलट गई। जिससे 8 श्रद्धालु घायल हो गए। उत्तरकाशी पुलिस और आपातकालीन सेवा 108 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

### दुपट्टे के सहारे मंदिर से भगवान के गहने चुराए



**भीलवाड़ा ।** राजस्थान के भीलवाड़ा में जैन तीर्थ स्थल स्वस्ति धाम मंदिर से एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के गहने चोरी हो गए। अज्ञात चोर ने जैन तीर्थ स्थल स्वस्ति धाम मंदिर को निशाना बनाया। उसने 1 करोड़ से ज्यादा के भगवान के श्रृंगार के सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए।

## पीएम मोदी ने दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को किया संबोधित

विकास के केंद्र में आ गया पूर्वोत्तर

# पिछड़े सीमांत क्षेत्र से विकास में अग्रणी क्षेत्र में तब्दील हो गया अष्टलक्ष्मी राज्य

### उद्योग जगत से निवेश करने के लिए कदम उठाने का किया आह्वान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की नीति ने पूर्वोत्तर को विकास में प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप यह क्षेत्र अब भारत की विकास कहानी के केंद्र में आ गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत से पूर्वोत्तर राज्यों में निवेश करने के लिए पहले कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में यह क्षेत्र पिछड़े सीमांत क्षेत्र से ग्रोथ फ्रंट रनर यानि विकास में अग्रणी क्षेत्र में तब्दील हो गया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस नीति के तहत केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों ने पूर्वोत्तर राज्यों का 700 से अधिक बार दौरा किया है और उन्होंने अपने दौरे के दौरान उनके लिए एक रात रुकना भी अनिवार्य कर दिया है।इससे केंद्र को विकास की रणनीति तैयार करने में जमीनी हकीकत और लोगों की आकांक्षाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने में मदद मिली।

### पूर्वोत्तर का विकास एक 'भावनात्मक जुड़ाव'

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का विकास न केवल क्षेत्र के बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास में परिलक्षित एक ईंट और मोर्टार की कहानी है, बल्कि एक 'भावनात्मक जुड़ाव' भी है, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है।

### पूर्वोत्तर की समृद्ध विविधता को सभी देख रहे



उन्होंने कहाभारत को दुनिया के सबसे विविधतापूर्ण देशों में से एक माना जाता है, और पूर्वोत्तर इस विविधतापूर्ण देश के भीतर सबसे विविध क्षेत्र के रूप में सामने आता है। व्यापार से लेकर परंपरा तक, वस्त्र से लेकर पर्यटन तक, पूर्वोत्तर की समृद्ध विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। बायोइकोनॉमी और बांस से लेकर चाय उत्पादन और पेट्रोलियम तक, खेल और कौशल विकास से लेकर इकोटूरिज्म और जैविक उत्पादों तक, पूर्वोत्तर एक ऊर्जा शक्ति है।

### पिछड़े क्षेत्र को अवसरों की भूमि में बदल दिया

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में बुनियादी ढांचे की क्रांति ने अब लंबे समय से पिछड़े क्षेत्र को अवसरों की भूमि में बदल दिया है। पीएम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 11,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग, सैकड़ों किलोमीटर रेलवे लाइन और जलमार्गों का विकास इस बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है, जिसने क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। इसके अलावा, राज्य में 4 जी और 5 जी कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले बड़ी संख्या में मोबाइल टावर और 1600 किलोमीटर पाइपलाइन गैस ग्रिड का निर्माण किया गया है।

### उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति उपलब्ध

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि केंद्र ने क्षेत्र में स्कूलों, मेडिकल कॉलेजों, आईआईटी और तकनीकी संस्थानों में शिक्षा प्रणाली में 21,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। परिणामस्वरूप, अब उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति उपलब्ध है।

### हमारे लिए ईस्ट का मतलब- एमंपावर, एक्ट, स्ट्रैंथ एंड ट्रांसफॉर्म

पीएम मोदी ने कहा हमारे लिए ईस्ट का मतलब है एम्पावर, एक्ट, स्ट्रैंथ एंड ट्रांसफॉर्म। पूर्वी भारत के लिए यही हमारी सरकार की नीति है। आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा हम लूक ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट ईस्ट के मंत्र पर चले।

### हमारा फोकस युवाओं के भविष्य पर

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब नॉर्थ ईस्ट के साथ बम, बंदूक और ब्लोकेड का नाम जुड़ा हुआ था। इसका बहुत बड़ा नुकसान वहां के युवाओं को उठाना पड़ा। उनके हाथों से अनगिनत मौके निकल गए। लेकिन, हमारा फोकस नॉर्थ ईस्ट के युवाओं के भविष्य पर है। इसलिए हमने एक के बाद एक शान्ति समझौते किए। युवाओं को विकास की मुख्यधारा में जोड़ रहे।

### यह क्षेत्र बनेगा दक्षिण पूर्व एशिया का अंतरराष्ट्रीय गलियारा

### आज इस क्षेत्र में 17 हवाई अड्डे हैं और 2000 से अधिक उड़ानें



वहीं इस अवसर परपूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि आज इस क्षेत्र में 17 हवाई अड्डे हैं और 2000 से अधिक उड़ानें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर-पूर्व क्षेत्र दक्षिण पूर्व एशिया का अंतरराष्ट्रीय गलियारा बन जाएगा।

## शीर्ष अदालत के अहम फैसले

# कोई संस्थाएं मातृत्व अवकाश के हक से नहीं रोक सकतीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती।यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर दिया गया है।

### राजस्थान सरकार बताए- कोटा में ही छात्र क्यों मर रहे?

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले बढ़ने पर जमकर फटकारा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक कोटा में 14 छात्र-छात्राएं आत्महत्या कर चुके हैं। पीठ ने राजस्थान सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आप बतौर राज्य क्या कर रहे हैं? क्यों कोटा में ही ये बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं?

### वकील पर भड़के जुर्माना ठोका

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका को खारिज करते हुए वकील को नसीहत दी है कि सस्ती पब्लिसिटी से बचना चाहिए। असल में मामला महाराष्ट्र से जुड़ा हुआ था जब सीजेआई गवई एक कार्यक्रम के लिए गए थे। लेकिन मामला ठंडा पड़ा। अब एक वकील ने याचिका दायर कर दी। वकील अभी नौजवान है, अनुभव नहीं है। ऐसे में ज्यादा जुर्माना नहीं लगाया जा रहा है, याचिकाकर्ता को 7000 रुपए देने होंगे।

### 27 बार टाली जमानत, जवाब दे

सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका को 27 बार टालने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट पर नाराजगी जताई और आरोपी को जमानत दे दी। ससीजेआई ने सवाल किया कि आरोपी 4 साल से जेल में है, हाईकोर्ट कुछ नहीं कर रहा है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामले में 27 बार स्थगित कर दिया है। पिछले 27 मौकों पर हाईकोर्ट ने कुछ नहीं किया है।

### पॉक्सो मामले में दी जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले ने पूरे देश में बाल यौन अपराध कानून (पॉक्सो) की समझ को झकझोर कर रख दिया। कोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति को सजा से राहत दी जिसे पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराया गया था। क्योंकि पीड़िता ने खुद इस घटना को कभी 'अपराध' के तौर पर नहीं देखा।

भारत में फिर पैर पसारने लगा कोरोना, कई राज्यों में पहुंचा

# महाराष्ट्र में 100, गुजरात में 15 और केरल में 183 केस सामने आए, एडवाइजरी जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत में एक बार फिर कोविंड-19 के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और गुजरात से नए मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में लगभग 100 मामले सामने आए तो गुजरात में 15 नए केस देखने को मिले। बेंगलुरु में एक नवजात बच्चे का मामला सामने आया है। चेन्नई, गुरुग्राम में भी भारी बढ़ोतरी देखी गई है। मई में अब तक मुंबई में 95 मामले सामने आए हैं कम से कम 16 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। तमिलनाडु में भी हाल ही में मामलों में वृद्धि देखी गई है, पुडुचेरी में 12 नए मामले सामने आए हैं। चेन्नई में, डॉक्टरों का कहना है कि शुरू में इन्फ्लूएंजा के कारण होने वाले बुखार में कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण तेजी से हो रहे हैं।

### आंध्र प्रदेश सरकार ने लोगों को किया सचेत

आंध्र प्रदेश सरकार ने स्थिति को देखते हुए राज्यों के लिए कई एडवाइजरी जारी की है। राज्य में सभी को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनना होगा। हाथों को साफ रखना होगा। मॉल, थिएटर, बस स्टैंड जैसी जगहों से दूरी बनाना जरूरी है। खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चे और गर्भवती महिलाएं इन चीजों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। इसी तरह ओडिशा में भी एक नया मामला मिला है। केरल में अब तक 182 मामले तो दिल्ली में 5 नए मामले मिले हैं। पुणे नगर निगम की स्वास्थ्य प्रमुख डॉ. नीना बोराडे ने कहा कि मई में हमारे पास केवल एक मामला था, जो अब ठीक हो चुका है।



### धोखाधड़ी मामले में आप विधायक रमन गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने आप विधायक रमन अरोड़ा को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। अरोड़ा जालंधर सेंट्रल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं। ब्यूरो ने जालंधर स्थित उनके घर पर छापा मारा था। तलाशी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन पर अधिकारियों की मिलीभगत से लोगों को ठगने के गंभीर आरोप हैं।

## मारे गए युवक की मां को 15 लाख रुपए का मुआवजा दे

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को 2013 में हुए कथित फर्जी पुलिस एनकाउंटर में मारे गए युवक की मां को 15 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस की ओर से कानून के दायरे से बाहर जाकर की गई कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता और इस प्रकार की घटनाएं कानून के शासन की नींव को ही हिला देती हैं। कानून लागू करने वाली एजेंसियों को यह अधिकार नहीं है कि वे खुद ही जज, ज्यूरी और जल्लाद की भूमिका निभाएं।


FCS The efficiency catalyst

## एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड

CIN No. L72100DL1993PLC179154

**पंजी. कार्यालय** : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92

**कार्पोरेट कार्यालय** : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201305

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किया गया**

(रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च, 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| समेकित वित्तीय सम्बन्धी | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 880.58 | 3,654.04 | 3,656.51 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | 1.00 | 373.05 | (1,204.53) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | 1.00 | 373.05 | (1,204.53) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | (25,180.50) | (25,180.50) | 8,250.19 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.006 | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.006 | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.006 | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.006 | (0.070) | (0.070) |

टिप्पणी :

1) स्टैंडअलोन जानकारी

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च, 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 731.79 | 3,267.51 | 3,619.08 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | 92.09 | 273.93 | (1,392.65) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | 92.09 | 273.93 | (1,392.65) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.002 | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.002 | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.002 | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.002 | (0.080) | (0.080) |

2) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नोएडा
दिनांक : 23 मई 2025

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)


## अभ्यर्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने हल निकाले हरियाणा सरकार

# 10 अतिरिक्त अंक देने का नियम संवैधानिक कसौटियों व निष्पक्षता के विपरीत था: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने आर्थिक-सामाजिक आधार पर भर्ती में दिए जा रहे अतिरिक्त अंकों को रद्द करने के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को लेकर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति सरकार की कमजोर, अपारदर्शी और असंवेदनशील नीति के कारण उत्पन्न हुई है। हाईकोर्ट का निर्णय कानून के अनुरूप हो सकता है, लेकिन इसकी नौबत ही न आती अगर हरियाणा सरकार ने मजबूत, न्यायसंगत और संविधान सम्मत नीति बनाई होती। सरकार ने जिस प्रकार आर्थिक-सामाजिक आधार पर 10 अतिरिक्त अंक देने का नियम बनाया, वह शुरू से ही संवैधानिक कसौटियों और निष्पक्षता की भावना के विपरीत था।

### 10,000 से अधिक युवाओं पर तलवार लटक रही



मीडिया को जारी बयान में सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार की लापरवाही और दोषपूर्ण नीति के कारण आज 10,000 से अधिक युवाओं की नौकरियों पर तलवार लटक रही है। यह फैसला केवल तकनीकी रूप से न्यायालय का है, लेकिन नैतिक और राजनीतिक रूप से इसकी जिम्मेदारी सरकार की है। सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 11 नवंबर 2019 को जो अधिसूचना जारी की थी, वह शुरू से ही संविधान के मूल सिद्धांतों और समानता के अधिकार के विरुद्ध थी। सरकार ने यह नियम राजनीतिक लाभ लेने और कुछ वर्गों को खुश करने के उद्देश्य से बनाया, लेकिन वह इसे विधिसम्मत और पारदर्शी नहीं बना पाई। निर्णय के पीछे की असली जिम्मेदारी सरकार की है। यदि नियम ही मजबूत और निष्पक्ष बनाए जाते, तो कोर्ट को हस्तक्षेप की आवश्यकता ही नहीं पड़ती।

### न्याय की भावना को ठेस पहुंची

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि इस फैसले के कारण 25 से 30 हजार युवा उम्मीदवारों में से लगभग 10 हजार ऐसे हैं जिनकी नियुक्ति खतरे में पड़ गई है। कई प्रतिभाशाली अभ्यर्थी जिन्होंने 90 में से 90 अंक तक प्राप्त किए, वे भी चयन से वंचित रह गए थे, जिससे न्याय की भावना को ठेस पहुंची। सांसद ने याद दिलाया कि इससे पहले भी भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों के साथ छल करते हुए 75 प्रतिशत प्राइवेट सेक्टर की नौकरियां हरियाणवियों को देने का झूठा वादा किया था, जो अदालत में टिक नहीं सका और धरातल पर कभी लागू नहीं हुआ। सांसद ने कहा कि बार-बार ऐसी घोषणाएं कर सरकार युवाओं की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। सांसद ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह इस फैसले पर पुनर्विचार करे और प्रभावित अभ्यर्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वैकल्पिक समाधान प्रस्तुत करे।

## खबर संक्षेप

### भारतीय म्यूचुअल फंड का एयूएम बढ़ 70 लाख करोड़




**कोलकाता।** आपदा प्रबंधन सेवा एवं समाधान प्रदान करने वाली इक्रा एनालिटिक्स का कहना है कि भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) उद्योग की प्रबंधन अधीन संपत्ति (एयूएम) मार्च 2025 तक 22.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 70 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गईं। एयूएम में अप्रैल 2025 में 23.80 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### राष्ट्रीय हैकाथॉन का आयोजन हुआ

**नई दिल्ली।** पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D), गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)और साइबरपीस फाउंडेशन के सहयोग से कानून प्रवर्तन के लिए CCTV समाधान पर राष्ट्रीय हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस हैकाथॉन का आयोजन भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी, सुरक्षित, स्केलेबल और लागत प्रभावी सीसीटीवी समाधान विकसित करने के लिए वप्रवर्तकों, स्टार्ट-अप्स और अनुसंधान संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में, केन्द्र सरकार एक साइबर-सुरक्षित भारत के निर्माण के प्रति कटिबद्ध है। एक साइबर- सुरक्षित भारत के निर्माण में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ BPR&D बड़ी भूमिका निभा रहा है। BPR&D का लक्ष्य घरेलू तकनीकीसमाधानों को बढ़ावा देना है, जो न केवल भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हों, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने में हाइब्रिड गाड़ियों की बड़ी भूमिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाइब्रिड वाहनों ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाय उन वाहनों की बिक्री बढ़ाने में योगदान दिया है। एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च ने एक रिपोर्ट में यह कहा है।

- हाइब्रिड वाहन पेट्रोल या डीजल के साथ बिजली से भी चलती है

हाइब्रिड वाहन परंपरागत पेट्रोल या डीजल के साथ-साथ बिजली से भी चलती है। इन दोनों तकनीकों के संयुक्त इस्तेमाल से वाहन की ईंधन दक्षता बेहतर होती है और उत्सर्जन में कमी आती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय वाहन परिदृश्य मध्यम से लंबी अवधि में कई ईंधन विकल्पों वाला उद्योग बना रहेगा।

## एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट में यह कहा गया

### यूपी सबसे अधिक यात्री वाहन बेचने वाला राज्य

इस रिपोर्ट के मुताबिक, जिन राज्यों में हाइब्रिड वाहनों को सरकारी प्रोत्साहन दिया जा रहा है वहां बैटरी ईवी की बिक्री में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में ईवी की बिक्री में वृद्धि एसएचईवी की बिक्री में वृद्धि के बराबर थी, जबकि भारत में सबसे अधिक यात्री वाहन बेचने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में एसएचईवी पर प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।




*देश ईवी वाहनों को अपनाने की और कदम बढ़ा रहा : इसमें हाइब्रिड, सीएनजी और जैव ईंधन मध्यम से लंबी अवधि के व्यावहारिक समाधान हैं जबकि देश को आखिरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की ही तरफ कदम बढ़ा रहा है।*

*एसएचईवी व बीईवी एक दूसरे को नुकसान नहीं पहुंचा रही : एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च ने कहा, /"हमें लगता है कि मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) एक-दूसरे को नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि अलग-अलग तरह के ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।*

### बीईवी की बिक्री पर प्रभाव पड़ा

यह प्रवृत्ति बताती है कि एसएचईवी अपनाने का बीईवी की बिक्री पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। रिपोर्ट कहती है, /"यह धारणा गलत है कि एसएचईवी को बढ़ावा देने से ईवी अपनाने में बाधा आएगी। असल में यह एक वृद्धिशील अवसर है जहां एसएचईवी को प्रोत्साहित करने से स्वच्छ गतिशीलता पारिस्थितिकी के व्यापक विकास में मदद मिलती है।/"

### हाइब्रिड वाहनों की हिस्सेदारी बढ़ी

कुल यात्री वाहनों में हाइब्रिड वाहनों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गई जबकि 2023-24 में यह 2.1 प्रतिशत थी।

## बोर्ड ने इस महीने पाक को एक अरब डॉलर की सहायता दी

# पाक को वित्तीय सहायता पर आईएमएफ ने कहा- उसने सभी लक्ष्य-शर्तें पूरी कीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि उसके कार्यकारी बोर्ड ने इस महीने पाकिस्तान को एक अरब डॉलर की सहायता दी है, क्योंकि उसे पता चला है कि देश ने सभी शर्तें और लक्ष्य पूरे कर लिए हैं।

वैश्विक निकाय के संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने कहा कि आईएमएफ ने पिछले साल सितंबर में पाकिस्तान को दी गई विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) की समीक्षा की और उसके आधार पर बोर्ड ने नौ मई को राशि को मंजूरी दी। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान को हालिया सहायता को मंजूरी दे दी, जबकि भारत को आशंका है कि इस धनराशि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद के लिए किया जा सकता है।

### भारत का पुनर्विचार करने पर दबाव

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 16 मई को आईएमएफ पर वित्तीय सहायता पर पुनर्विचार करने का दबाव डाला और कहा कि इस्लामाबाद इसका एक बड़ा हिस्सा आतंकवादी ढांचे को वित्तपोषित करने के लिए इस्तेमाल कर सकता है।

## पाक ने सभी शर्तें और लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है

### समीक्षा पूरी होने के बाद हालिया सहायता दी गई

कोजैक ने बातचीत के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल सितंबर में पाकिस्तान के ईएफएफ कार्यक्रम को मंजूरी दी थी और उस समय पहली समीक्षा 2025 की पहली तिमाही के लिए निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि समीक्षा पूरी होने के बाद हालिया सहायता प्रदान की गई।




- भारत को आशंका धन राशि का इस्तेमाल सीमा पर आतंकवाद के लिए
- रक्षा मंत्री सिंह ने आईएमएफ पर पुनर्विचार के लिए दबाव डाला

### पाक का शर्तों से विचलन कार्यक्रम को प्रभावित करेगा

कोजैक ने कहा कि स्थापित कार्यक्रम शर्तों से कोई भी विचलन पाकिस्तान कार्यक्रम के तहत भविष्य की समीक्षाओं को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा, "मैं यहां इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि यह कार्यक्रमों के तहत एक मानक प्रक्रिया का हिस्सा है कि हमारा कार्यकारी बोर्ड ऋण कार्यक्रमों की प्रगति का आकलन करने के लिए समय-समय पर समीक्षा करता है।

### भारत-पाक को मिलने वाली राशि का विरोध करेगा

भारत अगले महीने पाकिस्तान को विश्व बैंक से मिलने वाले वित्त पोषण का विरोध करेगा। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी। इससे पहले भारत ने पाकिस्तान को आईएमएफ से मिलने वाले धन का यह कहते हुए विरोध किया था कि इस्लामाबाद ने अतीत में ऐसे धन का इस्तेमाल हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए किया था।

### पाक राशि का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रहा

सूत्र ने कहा कि विकासशील देशों को बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा दिया जाने वाला धन गरीबी उन्मूलन और विकास लक्ष्यों के लिए है, लेकिन पाकिस्तान इसका दुरुपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रहा है। देश भागीदारी ढांचे के तहत विश्व बैंक पाकिस्तान को दिए जाने वाले 20 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण की समीक्षा अगले महीने कर सकता है। इस पर जनवरी में सहमति बनी थी।

# शेयर बाजार में खरीदारी से सेंसेक्स 769 अंक उछला

एजेंसी ▶▶ मुंबई



दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 769 अंकों की बढ़त रही जबकि निफ्टी 243 अंक चढ़ गया।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से सरकार को रिकॉर्ड लाभांश दिए जाने की संभावना और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी आने से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स स्थिर शुरुआत के बाद तेजी से उछला और 769.09 अंक बढ़कर 81,721.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 953.18 अंक बढ़कर 81,905.17 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 243.45 अंक बढ़कर 24,853.15 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में कुल 609.51 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी में 166.65 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट रही। शुक्रवार को सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयरों में बढ़त रही। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों औऱ सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में तेजी के दम पर घरेलू बाजार इस सप्ताह हुए आधे नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा।

# चांदी 2,000 रुपए फिसली सोना 100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये बढ़कर 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। अमेरिकी राजकोषीय नीति को लेकर जारी चिंताओं ने सराफा की मांग को समर्थन देना जारी रखा है। शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये फिसलकर 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। बृहस्पतिवार को चांदी 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 35.46 डॉलर यानी 1.08 प्रतिशत बढ़कर 3,330.23 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, "अमेरिका में राजकोषीय चिंताओं के बीच अप्रैल के मध्य के बाद से सोने में सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई।"

# बिहार में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम

**नई दिल्ली।** माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के दौरे पर पटना पहुंचे जहां उन्होंने शुक्रवार को बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की तथा बिहार में रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की। आज दिन भर के कार्यक्रम के दौरान माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी ने पटना से जमालपुर के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस



अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। जमालपुर पहुंचने के उपरांत केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 30 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का जयाजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जमालपुर वर्कशॉप पहुंचने पर, माननीय केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने अन्य मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ वैगन निर्माण शॉप और क्रेन शॉप आदि का निरीक्षण किया तथा जमालपुर वर्कशॉप के उन्नयन के लिए 78.96 करोड़ रुपये के रूप में एक और सौगात देते हुए जमालपुर वर्कशॉप में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि परियोजना की आधारशिला रखी।

# शिक्षा मंत्री ने किया छोटू राम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी सेक्टर-32 झाड़सा के मुख्य द्वार का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा जी हरियाणा सरकार ने छोटू राम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी सेक्टर- 32 झाड़सा के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया,। श्री गोपीचंद गहलोत पूर्व डिप्टी स्पीकर हरियाणा सरकार, श्रीमती रुचि गगनदीप पार्षद नवनिर्वाचित वार्ड नंबर 12 एवं एवं श्री राजबीर सिंह ठाकरान संस्थान के प्रधान ने माननीय मंत्री महोदय का गुलदस्ता देकर एवं सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया स्वागत किया। तदोपरांत मंत्री महोदय एवं समाज की गणमान्य व्यक्तियों श्री रण सिंह ठाकरान, मेजर जनरल रणजीत सिंह, पूर्व डी. जी. पी. राजीव दलाल जी ,श्री प्रदीप सिंह जैलदार, सुल्तान सिंह गहलोत, रामफल शौकिन, अमरनाथ तेवतिया, रतन सिंह किल्होड़, जय सिंह किल्होड़, मुकेश शौकीन ,अशोक हंस सरपंच, प्रदीप ठाकरान, नरेश सिंह सहरावत सरपंच ,देवेंद्र सिंह दहिया ,दिलीप सिंह छिल्लर, राज सिंह कटारिया, ओमप्रकाश ठाकरान, भूपेंद्र सिंह बांबू, कमल सिंह प्रधान अनिल गंडास ,सतपाल सिंह गाडौली अलका दलाल ,सुमन दहिया व स्कूल के मैनेजर श्री भूप सिंह कटारिया प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र सिंह डबास व समाज की अन्य वरिष्ठ व्यक्तियों ने सर छोटू राम के स्टैचू पर फूल अर्पित किए और समाज की भलाई के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। श्री कुलंवत सिंह दहिया, मनोज खाण्डसा, देवेन्द्र महलावत व विनोद सिंह कटारिया विशेष रूप से उपस्थिति रहे।इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने सीबीएसई द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मौमन्टो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सोसायटी के छात्रों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है कि वे इस तरह के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर रहे हैं।ह्मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि सर छोटू राम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी के छात्र सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। मैं सोसायटी के शिक्षकों और छात्रों को बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।





# विजय दिव्यांग फाउंडेशन ने दिव्यांगजनों के लिए की पहल

**नई दिल्ली।** विजय दिव्यांग फाउंडेशन, नई दिल्ली ने दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में जागरुकता ओर संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए सांकेतिक भाषा, ब्रेल, समावेशी शिक्षा और ऐसे अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की बुनियादी बातों में दिव्यांगों को प्रशिक्षत करके उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दो राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एक करार किया है। प्रशिक्षण विजन दिव्यांग फाउंडेशन द्वारा देशभर में स्कूलों,




कॉलेजों, विश्वविद्यालयों बैंकिंग संगठनों और इसी तरह की सार्वजनिक संस्थाओं सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ साझेदारी में प्रदान किया जाएगा। मूल्यांकन और प्रमाणन भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (ISLRIC) नई दिल्ली और राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (NIEPVD) भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए (www.visiondivyangfoundation.com) से प्राप्त की जा सकती है या 9811605286 पर कॉल किया जा सकता है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी झज्जर**

केस न०. 12/तह तकसीम
खेवट न०. 352/329
वाका मौजा भटेहडा तह व जिला झज्जर
आगामी तारीख पेशी : 18-7-2025

**मुनीराम आदि बनाम प्रताप सिंह आदि**

**इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार**

1. प्रताप सिंह पुत्र बालकिशन पुत्र आनन्द निवासी गांव पटासनी तह व जिला झज्जर हाल आबाद मकान न०. 108, ग्राउण्ड फलौर, मई फिल्ड गार्डन, सैक्टर 50 गुडगांव 2. रामनिवास पुत्र पुथी सिंह पुत्र बालकिशन 3. सतबीर सिंह पुत्र पुथी सिंह पुत्र बालकिशन 4. संजीव कुमार पुत्र पुथी सिंह पुत्र बालकिशन 5. अशोक कुमार पुत्र पुथी सिंह पुत्र बालकिशन सभी निवासीयान गांव पटासनी तह व जिला झज्जर हाल आबाद निवासी बी. 121/ए/3, पर्यावरण काम्पलैक्स, नई दिल्ली-110030

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्रार्थीगण / फरीक अव्वलगण ने एक दरखास्त तकसीम खेवट न०. 352/329 वाका मौजा भटेहडा तह व जिला झज्जर बहक उतरवादीगण / फरीक दोयमगण के खिलाफ दायर की हुई जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 18/7/2025 लगी हुई है इस इश्तहार द्वारा उतरवादीगण /फरीक दोयमगण न०. 1 ता 5 को उपरोक्त दरखास्त तकसीम से सम्बंधित कोई भी उजर या ऐतराज हो तो दिनांक 18/7/2025 को उपरोक्त माननीय न्यायलय में असालतन या वकालतन उपस्थित हो सकते हैं अन्यथा इसके उपरांन्त गुजरने मियाद फरीक दोयगण के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी ।

यह कि इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार इस न्यायलय से दिनांक 20.05.2025 मेरे हस्ताक्षर वा मोहर सहित जारी किया हुआ है।

**हस्ता/-ए.सी.प्रथम श्रेणी, झज्जर**

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी झज्जर**

केस न०. 10/तह तकसीम
खेवट न0. 135/118 व 136/119
वाका मौजा पटासनी तह व जिला झज्जर
आगामी तारीख पेशी : 18-7-2-25

मुनीराम आदि बनाम सुबेसिंह आदि

**इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार**

1. सुबेसिंह पुत्र बखतावर पुत्र आनन्द निवासी गांव पटासनी तह व जिला झज्जर 2. प्रदीप सिंह यादव पुत्र प्रताप सिंह यादव पुत्र बालकिशन 3. रामनिवास पुत्र पुथी सिंह पुत्र बालकिशन 4. सतबीर सिंह पुत्र पुथी सिंह पुत्र बालकिशन 5. संजीव कुमार पुत्र पुथी सिंह पुत्र बालकिशन 6. अशोक कुमार पुत्र पुथी सिंह पुत्र बालकिशन निवासीयान गांव पटासनी तह व जिला झज्जर हाल आबाद निवासी बी. 121/ए/3, पर्यावरण काम्पलैक्स, नई दिल्ली-110030 7. राजकुमार पुत्र श्रीराम पुत्र बखतावर निवासी गांव पटासनी तह व जिला झज्जर 8. प्रताप पुत्र बालकिशन पुत्र आनन्द निवासी गांव पटासनी तह व जिला झज्जर हाल आबाद मकान न०. 108, ग्राउण्ड फलौर, मई फिल्ड गार्डन, सैक्टर 50 गुडगांव

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्रार्थीगण / फरीक अव्वलगण ने एक दरखास्त तकसीम खेवट न०. 135/118 व 136/119 वाका मौजा पटासनी तह व जिला झज्जर बहक उतरवादीगण / फरीक दोयगण के खिलाफ दायर की हुई जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 18/7/2025 लगी हुई है इस ईश्तहार द्वारा उतरवादीगण /फरीक दोयमगण न0.1, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12 को उपरोक्त दरखास्त तकसीम से सम्बंधित कोई भी उजर या ऐतराज हो तो, दिनांक 18/7/2025 को उपरोक्त माननीय न्यायलय में असालतन या वकालतन उपस्थित हो सकते है अन्यथ इसके उपरांन्त गुजरने मियाद फरीक दोयगण के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी ।

यह कि इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार इस न्यायलय से दिनांक 20.05.2025 मेरे हस्ताक्षर वा मोहर सहित जारी किया हुआ है।

**हस्ता/-ए.सी.प्रथम श्रेणी, झज्जर**

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5876




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 5875 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |








# भारतीय क्रिकेट में बदलाव की शुरुआत, गिल टेस्ट कप्तान के दावेदार, टीम का चयन आज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट में बदलाव के नए दौर की शुरुआत होगी जब पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता शनिवार को नए टेस्ट कप्तान का चयन करेंगे। इंग्लैंड दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र का आगाज होगा और पच्चीस बरस के शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं।

आस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर जसप्रीत बुमराह उपकप्तान थे और उन्हें ही कप्तानी सौंपी जानी चाहिए थी लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वह दौड़ में पिछड़ सकते हैं। ऋषभ पंत आईपीएल में पूरी तरह से नाकाम रहे लेकिन टेस्ट प्रारूप में बदलाव के दौर से गुजरने जा रही भारतीय टीम का वह अभिन्न अंग होंगे और उन्हें उपकप्तान बनाया जा सकता है।





## राहुल और यशस्वी करेंगे पारी का आगाज

कप्तान के अलावा टीम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। विराट और रोहित के जाने से खालीपन पैदा हुआ है जिससे केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों से उम्मीदें बढ़ जाएंगी। राहुल और यशस्वी जायसवाल 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी का आगाज कर सकते हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले साई सुदर्शन रिजर्व सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं। अब देखना यह है कि अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर करूण नायर, सरफराज खान या श्रेयस अय्यर में से किसी को चुना जाता है क्या।

## अब जडेजा प्रमुख स्पिनर

रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद रविंद्र जडेजा प्रमुख स्पिनर होंगे लेकिन यह भी देखना होगा कि इंग्लैंड के हालात को देखते हुए क्या दो या तीन स्पिनरों को उतारा जा सकता है। अगर दो को चुना जाता है तो वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है। विकेटकीपिंग में पंत पहली पसंद होंगे और रिजर्व के तौर पर ध्रुव जुरेल को चुना जा सकता है।


## बुमराह तेज गेंदबाजी के अगुवा

तेज गेंदबाजी में बुमराह क्या पांच मैचों तक फिट रह पाएंगे, यह एक सवाल है। मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर भी संदेह है। मोहम्मद सिराज तीसरे तेज गेंदबाज होंगे लेकिन अगर पांच तेज गेंदबाजों को चुना जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चुने जा सकते हैं।

## रोहित-विराट की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी लेकिन कहा कि टेस्ट क्रिकेट से उनके संन्यास ने दूसरे खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने का मौका बनाया है। रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। गंभीर ने कहा, 'मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है।' दोनों के जाने के बाद भारत को नये टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी और गंभीर ने स्वीकार किया कि इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा।

## खास खबर



## नीरज चोपड़ा ने 84.14 मीटर भाला फेंका, रजत पदक जीता

▶▶| पोलैंड में ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता

▶▶| जर्मनी के वेबर 86.12 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान पर रहे

भाषा ▶▶| चोरजोव (पोलैंड)।

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पोलैंड में आयोजित ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में शुक्रवार को यहां जर्मनी के जूलियन वेबर के पीछे दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा इस स्पर्धा में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे। 27 साल का यह खिलाड़ी अंतिम दौर से पहले तीसरे स्थान पर था। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में अपना भाला 84.14 मीटर की दूरी पर फेंका और दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने इससे पहले अपने दूसरे और पांचवें प्रयास में क्रमशः 81.28 मीटर और 81.80 मीटर की दूरी तय की। उनके अन्य तीन प्रयास फाउल थे। प्रतियोगिता का आयोजन सिलेसियन स्टेडियम में दिन में हुई बारिश के बाद आसमान में बादल छाए रहने के बीच किया गया। हाल ही में (16 मई) दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर स्पर्धा में चोपड़ा को हराकर शीर्ष स्थान हासिल करने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर दूसरे दौर में 86.12 मीटर की दूरी के थ्रो के साथ फिर से शीर्ष स्थान पर रहे। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 83.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वह दोहा में भी तीसरे स्थान पर रहे थे। यह भुवनेश्वर में 2024 फेडरेशन कप में 82.27 मीटर के प्रयास के बाद पहली बार है जब चोपड़ा ने किसी स्पर्धा में 85 मीटर से कम का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया था। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका। यह पहली बार था जब चोपड़ा ने किसी स्पर्धा में 90 मीटर से अधिक की दूरी तय की थी। दोहा में भी चोपड़ा वेबर (91.06 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर थे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| हैदराबाद | 13 | 5 | 7 | 11 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप




साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

नूर अहमद
21 विकेट
चेन्नई

## आरसीबी के लिए अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की राह कठिन

# किशन की ताबड़तोड़ पारी से हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स को 42 रन से हराया

भाषा ▶▶| लखनऊ




विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन की नाबाद 94 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 42 रन से शिकस्त दी। किशन छह रन से शतक पूरा करने से चूक गये लेकिन उन्होंने 48 गेंद की अपनी नाबाद पारी में सात चौके और पांच छक्के जड़कर टीम का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। एचआरएच ने छह विकेट पर 231 रन बनाने बाद आरसीबी की पारी को 19.5 ओवर में 189 रन पर समेट दिया। इस हार से आरसीबी के लिए तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की राह कठिन हो गयी है। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी एसआरएच की यह 13 मैचों में पांचवीं जीत है जबकि आरसीबी इतने ही मैचों में आठ जीत और चार हार से 17 अंक लेकर अब तीसरे स्थान पर है। आरसीबी के लिए फिल सॉल्ट ने 32 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 62 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए विराट कोहली (25 गेंद में 43 रन) के साथ सात ओवर में 80 रन की साझेदारी की लेकिन टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज उपयोगी योगदान नहीं दे सकें। एसआरएच के लिए कप्तान पैट कमिंस ने 28 रन देकर तीन जबकि ईशान मलिंगा ने 37 रन देकर दो विकेट लिये। जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल, हर्ष दुबे और नितीश कुमार रेड्डी को एक-एक सफलता मिली। अभिषेक शर्मा (17 गेंद में 34), हेनरिच क्लासेन (13 गेंद में 24), अनिकेत वर्मा (नौ गेंद में 26 रन) और ट्रेविस हेड (10 गेंद में 17 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी से आरसीबी के गेंदबाजों पर एसआरएच की पारी की शुरुआत से ही दबाव बनाये रखा। किशन ने क्लासेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 48 और चौथे विकेट के लिए अनिकेत के साथ 17 गेंद में 43 रन की उपयोगी साझेदारियां की। आरसीबी के लिए रोमारियो शेफर्ड ने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिये जबकि भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, सुयश शर्मा और कृणाल पंड्या को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सॉल्ट शुरुआती ओवरों में संघर्ष कर रहे थे तो वहीं कोहली ने कमिंस , उनादकट और हर्षल पटेल के खिलाफ सहजता से चौके लगाये। सॉल्ट को अपना पहला चौका जड़ने के लिए पांचवें ओवर तक इंतजार करना पड़ा।

## पंजाब की शीर्ष दो पर नजर दिल्ली से मुकाबला आज

**जयपुर।** एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नई दास्तान लिख रही पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसकी नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी। इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में हार गई। पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेआफ में पहुंच सकी है। 11 बरस का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है। आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब टीम के हौसले और बढ़ गए जब उसके विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से जुड़े। ये चारों चयन के लिए उपलब्ध होंगे जब उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हारकर यहां पहुंची दिल्ली का सामना करेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण लीग एक सप्ताह के लिये स्थगित होने के बाद ये विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गए थे।

## खबर संक्षेप



### अगले महीने टेस्ट को अलविदा कहेंगे मैथ्यूज

**कोलंबो।** श्रीलंका के अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने पहले टेस्ट के बाद वह पांच दिनी क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। सैतीस वर्ष के मैथ्यूज हालांकि सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे। उनका आखिरी टेस्ट 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा। मैथ्यूज ने 'एक्स ' पर लिखा, 'कृतज्ञ हृदय और अविस्मरणीय यादों के साथ। अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप से विदा लूं, अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट देश के लिए मेरा आखिरी टेस्ट होगा।'

### सुदर्शन का फोकस आईपीएल प्लेऑफ पर

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में चयन से खुश हैं लेकिन फिलहाल उनका पूरा फोकस आईपीएल क्वालीफायर और फाइनल पर टिका है। सर्रे के लिए खेलकर एक शतक जमा चुके 23 वर्ष के सुदर्शन को भारत ए टीम में चुना गया है और टेस्ट टीम में चयन के भी वह दावेदार हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, 'मानसिक तौर पर पहले हमें आईपीएल पर फोकस करना है। एक बार वह खत्म हो जाए, फिर भारत ए दौरे के बारे में सोचेंगे। लेकिन मुझे खुशी है कि यह मौका मिला और मुझे यकीन है कि प्रदर्शन अच्छा रहेगा।'




### इंग्लैंड ने 565 रन पर घोषित की पारी

**नाटिंघम।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां ट्रेंट ब्रिज पर जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन लंच से पहले छह विकेट पर 565 रन पर पहली पारी घोषित की। पहले दिन के दबदबे भरे प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 498 रन से खेलना शुरू किया और ओली पोप का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में महज दो रन जोड़ सके और 171 रन पर आउट हुए। कप्तान बेन स्टोक्स नौ रन बनाकर पवेलियन पहुंचे जबकि हैरी ब्रुक ने 50 गेंद में 58 रन की पारी खेली और ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद पर आउट हुए जिसके बाद इंग्लैंड ने पारी घोषित कर दी।

अंतिम दो पर संशय

## हार से गुजरात को नुकसान बेंगलुरु शीर्ष दो की दावेदार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की चार टीमें तय हो चुकी हैं। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है और अब जंग शीर्ष दो में जगह बनाने को लेकर है। शीर्ष दो में रहने वाली टीमों को फायदा मिलता है। ऐसे में चारों टीमें शीर्ष पर लीग राउंड को खत्म करने की कोशिश करेंगी। हालांकि, गुरुवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस की हार ने बेंगलुरु और पंजाब की उम्मीदें जगा दी हैं। अब गुजरात की टीम अधिकतम 20 अंक तक पहुंच सकती है, जबकि आरसीबी और पंजाब अधिकतम 21-21 अंक तक पहुंच सकती है। मुंबई की टीम चाहेगी कि बेंगलुरु और पंजाब अपने-अपने दोनों मैच हार जाएं ताकि उनके लिए शीर्ष दो का रास्ता खुल जाए।

### गुजरात टाइटंस

2022 की चैंपियन गुजरात ने शुभमन गिल की कप्तानी में शानदार खेल दिखाया है। टीम ने 13 में से नौ मैच जीते हैं और सिर्फ चार मैचों में टीम को हार मिली है। गुजरात के 18 अंक हैं। उसका नेट रन रेट +0.602 है। टीम का लीग राउंड का आखिरी मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

गुजरात की तरह आरसीबी को भी अपने दो मैच दो आउट ऑफ फॉर्म टीमों के खिलाफ खेलने हैं। आरसीबी के फिलहाल 12 मैचों में आठ जीत के साथ 17 अंक हैं। टीम ने तीन मैच गंवाए हैं, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। नए कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। उसका नेट रन रेट +0.482 है।

### मुंबई इंडियंस

पांच बार की चैंपियन मुंबई ने 13 मैच खेल लिए हैं। उसका आखिरी मैच 26 मई को पंजाब से है। इस मैच में जीत भी मुंबई की टीम को शीर्ष दो में जगह नहीं दिला पाएगी। इसके लिए मुंबई को यह मनाना होगा कि पंजाब और बेंगलुरु अपने-अपने दोनों मैच और गुजरात भी अपना आखिरी मैच हार जाए। ऐसे में आरसीबी और पंजाब दोनों के 17-17 अंक ही रह जाएंगे और मुंबई 18 अंक लेकर शीर्ष स्थान भी पक्की कर लेगी।

### पंजाब किंग्स

पंजाब ने अभी तक श्रेयस अय्यर की कप्तानी और रिकी पोंटिंग की कोचिंग में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अभी तक 12 में से आठ मैच जीते हैं और तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बेनतीजा रहा। टीम के 17 अंक हैं और नेट रन रेट +0.389 है। पंजाब को अपने दो आखिरी लीग राउंड के मुकाबले दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने हैं। दोनों मैच जीतने पर टीम का शीर्ष दो में स्थान पक्का हो जाएगा।

## हेजलवुड के प्लेऑफ से पहले वापसी की संभावना

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के कंधे की चोट से उबरने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ने की संभावना है। यह तेज गेंदबाज मौजूदा आईपीएल सत्र में 27 अप्रैल को खेला था और तब से उन्होंने टीम के दो मैच नहीं खेले। वह भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग में हुए एक हफ्ते के ब्रेक के दौरान स्वदेश लौट गए थे। तब से यह 34 वर्षीय खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया की तैयारियों के लिए ब्रिसबेन में ट्रेनिंग में जुटा था। अभी वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चिकित्सा टीम की निगरानी में है और आरसीबी प्रबंधन उनसे संपर्क साधे है। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने पिछले हफ्ते कहा था, 'हमारी चिकित्सा टीम और उनकी चिकित्सा टीम उनकी उबरने की प्रक्रिया पर लगातार संपर्क में है।'पता चला है कि हेजलवुड अच्छी प्रगति कर रहे हैं और 29 मई से शुरू होने वाले नॉकआउट चरण से पहले टीम के साथ जुड़ने के लिए बेहतरीन स्थिति में हैं।

## श्रीकांत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह 18वें नंबर के पोपोव को 3 सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर



भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां चुनौतीपूर्ण पुरुष एकल मुकाबले में अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी। अब पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अंतिम चार में जापान के युशी टनाका से होगा। इस तरह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारतीय का यह एक साल में पहला सेमीफाइनल होगा। टनाका ने शनिवार को पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में टोमा जूनियर के भाई क्रिस्टो पोपोव को 21-18, 16-21, 21-6 से पराजित किया था।


पुरुष एकल का दूसरा सेमीफाइनल जापान के चौथे वरीय कोडाई नारोका और चीन के दूसरे वरीय लि शि फेंग के बीच खेला जाएगा। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गई थी जिससे श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बचे हैं।

मेराज ने 55 का स्कोर कर नरुका को एक अंक से पछाड़ा

## शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स में शीर्ष पर रहे मेराज और गनीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन मेराज अहमद खान और गनीमत सेखों ने डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की स्कीट स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किए। मेराज ने फाइनल में 55 का स्कोर करते हुए पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके अनंतजीत सिंह नरूका को एक अंक से पछाड़ा। गनीमत ने भी एक अंक के अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने 53 का स्कोर किया जबकि माहेश्वरी चौहान ने 52 अंक प्राप्त किए।



इससे पहले क्वालीफिकेशन के शुरुआती दिन 73 का स्कोर करने वाले भवतेग सिंह गिल ने अंतिम दो दौर में 22 और 24 का स्कोर किया जो उन्हें फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। मेराज ने कुल 118 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे। स्मित सिंह (117), अंगद (116), और अनंतजीत (115) ने क्वालीफायर में शीर्ष छह में जगह बनाई। महिला वर्ग में गनीमत ने क्वालीफिकेशन दौर में 114 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। माहेश्वरी और परिनाज ने 113-113 अंक प्राप्त किए। ओश्मी श्रीवास (108), दर्शना राठौड़ (107) और मानसी रघुवंशी (107) ने शीर्ष छह में जगह बनाई। जूनियर वर्ग के लिए अलग चयन ट्रायल आयोजित नहीं किया गया था। इसी कारण महिलाओं में ओश्मी और मानसी को उनके स्कोर के आधार पर क्रमशः पहला और दूसरा स्थान दिया गया। अग्रिमा कंवर ने 104 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### युवान ने 110 अंकों के साथ शीर्ष पर

पुरुष जूनियर वर्ग में युवान ने 110 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि यशवर्धन सिंह राजावत (108) और अंजनेय सिंह मंडावा (106) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने कहा कि चयन समिति उन जूनियर खिलाड़ियों के स्कोर को भी मान्य करेगी जो सुहल (जर्मनी) में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भाग ले रहे हैं। चयन ट्रायल दो और यह प्रतियोगिता एक ही समय पर आयोजित होने के कारण ऐसे खिलाड़ियों के स्कोर 'शून्य' नहीं माने जाएंगे।




## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से तबाही, 4 की मौत



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटीय इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और तबाही का मंजर है। इस बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति लापता है। गनीमत है कि अब बादल छंट गए हैं और मौसम साफ है, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। बाढ़ और बारिश के चलते 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वी तटीय इलाकों में कम दाब का क्षेत्र बनने पर भारी बारिश हुई थी और अब यह कम दाब का क्षेत्र सिडनी की तरफ चला गया है। बाढ़ से कई सड़कें और पुल तबाह हो चुके हैं।

### दो माताएं 'माता-पिता' के रूप में होंगी रजिस्टर्ड



**रोम।** इटली के संवैधानिक न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में कहा गया है कि अब दो महिलाएं जन्म प्रमाण पत्र पर एक बच्चे के 'माता-पिता' के रूप में पंजीकरण करा सकती हैं। न्यायालय ने कहा कि समान लिंग वाले माता-पिता वाले परिवारों में माता-पिता के अधिकारों की मान्यता केवल जैविक मां तक सीमित नहीं की जा सकती। एलजीबीटीक्यू प्लस के अधिवक्ताओं ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि आखिरकार जो हम हमेशा से कहते आ रहे थे, उसे मान्यता मिल गई है।

### मार्लेस बने ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री



**नई दिल्ली।** रिचर्ड मार्लेस फिर से ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री नियुक्त किए गए हैं। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑस्ट्रेलियन लेबर पार्टी' के नेता रिचर्ड मार्लेस को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त होने पर मेरे मित्र रिचर्ड मार्लेस को हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए सहयोग को जारी रखने की उम्मीद है।

### मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर, हथियार बरामद



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस की विशेष कमांडो यूनिट सी-60 की 12 टीमें (करीब 300 जवान) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में 4 नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित कवांडे क्षेत्र में हाल ही में स्थापित फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस के पास हुई। यह मुठभेड़ करीब दो घंटे तक चली। मौके से एक ऑटोमैटिक सेल्फ लोडिंग राइफल, दो आई303 राइफलें, एक बंदूक, वॉकी-टॉकी सेट, कैंपिंग सामग्री और नक्सली साहित्य बरामद किया। सहित समेत कई पत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गईं।

---

बांग्लादेश में मची सियासी हलचल, दिसंबर तक होंगे चुनाव

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस दे सकते हैं इस्तीफा

*सेना प्रमुख बोले- निर्वाचित सरकार ही ले सकती है सही फैसले*

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि राजनीतिक दलों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। गुरुवार आधी रात को छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख एनहिद इस्लाम के हवाले से स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है। वहीं, बांग्लादेश की मौजूदा सियासी अशांति और अंतरिम सरकार की ओर से अगले संसदीय चुनावों के लिए स्पष्ट रोडमैप की घोषणा में नाकामी के बीच, देश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने इस साल दिसंबर तक चुनाव कराने की इच्छा जताई है। सेना प्रमुख ने अंतरिम सरकार से कहा है कि सिर्फ निर्वाचित सरकार ही देश के भविष्य की दिशा निर्धारित करने संबंधी फैसले ले सकती है। सेना प्रमुख ने ढाका छावनी के सेना परिसर में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार में कुछ विदेशी लोग गैर-जिम्मेदाराना काम कर रहे हैं। सेना और सरकार के बीच ऐसी बातें बताती हैं कि बांग्लादेश में सब कुछ ठीक नहीं है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने 'भीड़ के हिंसा' पर कहा कि सेना अब कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख करेगी। संगठित भीड़ के नाम पर अराजकता या हिंसा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सेना प्रमुख बोले संगठित भीड़ के नाम पर अराजकता या हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

## सेना ने किया रोहिंग्याओं के कॉरिडोर का विरोध



बांग्लादेश की सेना भी अपने देश से म्यांमार के रखाइन तक जाने वाले कॉरिडोर का विरोध कर चुके हैं। रखाइन वही इलाका है, जहां से भागकर रोहिंग्या बांग्लादेश और अन्य देशों पहुंच रहे हैं। बांग्लादेशी सेना का मानना है कि म्यांमार से यह कॉरिडोर सिर्फ बांग्लादेश की स्वायत्तता को ताक पर रख रहा है, जबकि इससे उसे कोई कूटनीतिक फायदा नहीं हो रहा। बैठक में कहा कि ऐसा कोई कॉरिडोर (रोहिंग्याओं के लिए) नहीं होगा। बांग्लादेश की स्वायत्तता पर कोई समझौता नहीं हो सकता। सिर्फ एक ऐसी राजनीतिक सरकार ही यह फैसला कर सकती है, जिसे जनता ने चुना हो। बता दें, मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार इस गलियारे का समर्थन कर रही है।

### देश की मौजूदा स्थिति में यूनुस काम नहीं कर पाएंगे

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख एनहिद इस्लाम ने स्थानीय मीडिया को बताया कि हम गुरुवार सुबह से सर (यूनुस) के इस्तीफे की खबर सुन रहे हैं। इसलिए मैं उस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सर से मिलने गया था। एनसीपी संयोजक ने कहा कि मुख्य सलाहकार यूनुस ने आशंका जताई कि देश की मौजूदा स्थिति में वे काम नहीं कर पाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक राजनीतिक दल सहमति नहीं बना लेते, मैं काम नहीं कर पाऊंगा। एनसीपी प्रमुख ने कहा कि अगर राजनीतिक दल चाहते हैं कि यूनुस अभी इस्तीफा दे दें तो वह क्यों रहेंगे? अगर उन्हें विश्वास और आश्वासन का वह स्थान नहीं मिलता?

### बांग्लादेश में नए विदेश सचिव नियुक्त

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय में शीर्ष स्तर पर बदलाव करते हुए विदेश सचिव जाशिम उद्दीन को अस्थायी रूप से कार्यमुक्त कर दिया। विदेश मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि विदेश सचिव जाशिम उद्दीन को जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाने की पृष्ठभूमि में अग्रिम आदेश तक एम रुहुल आलम सिद्दीक विदेश सचिव के नियमित कामकाज संभालेंगे। विदेश मंत्रालय के एक महानिदेशक के हस्ताक्षर वाले संक्षिप्त आदेश में कहा गया कि यह 23 मई से प्रभावी होगा और इसे जनहित में जारी किया गया है।

### दिसंबर तक चुनाव कराने की मांग

*वकर उज-जमां ने इस पर भी जोर दिया कि बांग्लादेश में इस साल दिसंबर तक संसदीय चुनाव हो जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक चुनी हुई सरकार ही बांग्लादेश के भविष्य पर फैसला ले सकती है, न कि गैर निर्वाचित सरकार। आर्मी चीफ ने यह भी साफ कर दिया कि 1 जनवरी 2026 को बांग्लादेश में एक नई सरकार का सत्ता में होना बेहद जरूरी है। बता दें, पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समेत कई राजनीतिक दल दिसंबर तक संसदीय चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी), जो छात्रों की तरफ से संचालित एक नई पार्टी है, जिसके कारण शेख हसीना को पीएम पद से हटाया गया, चुनावों से पहले बुनियादी सुधार चाहती है।*

---

भयंकर आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के बीच फंस गया था विमान

# पाकिस्तान के इंकार के बाद वायुसेना ने संभाला मोर्चा, कराई इंडिगो के विमान की सेफ लैंडिंग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते बुधवार को दिल्ली से श्रीनगर जा रहा इंडिगो का एक विमान (फ्लाइट संख्या 6ई-2142) अपनी उड़ान के दौरान अचानक आए भयंकर आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के बीच बुरी तरह से फंस गया था। विमान के चालक दल द्वारा संकट के हालात में पाकिस्तान से उसके हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) में प्रवेश करने की अनुमति मांगी गई थी। लेकिन लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने इसके लिए साफ तौर पर मना कर दिया। जिससे विमान में सवार कुल 227 यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई थी। लेकिन इन सबके बीच भारतीय वायुसेना देवदूत बनकर उभरी और उसने इंडिगो के विमान की श्रीनगर एयरफील्ड पर सुरक्षित लैंडिंग में पूरी तरह से मदद प्रदान की। वायुसेना के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### 23 मई की मध्यरात्रि तक बंद रहेगा पाक एयरस्पेस

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की तरफ से एक नोटैम (एनओटीएएम) जारी किया गया है। जिसके मुताबिक, भारत में पंजीकृत सैन्य और नागरिक विमानों के लिए पाकिस्तान का एयरस्पेस बंद है। यह पाबंदी शुक्रवार, 23 मई की मध्यरात्रि तक जारी रहेगी। इसी के



मद्देनजर लाहौर एटीसी ने इंडिगो के विमान को अपने देश के एयरस्पेस में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी थी।

### वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया विमान

इस पूरी कवायद के दौरान भारत के उत्तरी इलाके के नियंत्रण यानी नॉर्दन एरिया कंट्रोल ने इंडिगो को सलाह दी और उसके साथ ही दिल्ली कंट्रोल के साथ समन्वय स्थापित किया। इतना ही नहीं विमान के पायलट को लाहौर कंट्रोल की फ्रीक्वेंसी भी दी गई थी। जिससे आपातकालीन परिस्थिति में अनुमति मिलने के दौरान वह इसका प्रयोग कर सके। लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। जिसके बाद विमान को वैकल्पिक मार्ग से श्रीनगर की ओर मोड़ा गया। जहां ग्राउंड पर वायुसेना ने पूरा नियंत्रण अपने हाथ में लिया और पायलट को सुरक्षित लैंडिंग कराई। रियल टाइम कंट्रोल वेक्टर और जमीन गति से जुड़ी अपडेट की इसमें अहम भूमिका रही। जम्मू-कश्मीर में वायुसेना की कई महत्वपूर्ण एयरफील्ड हैं। जिनमें श्रीनगर, अवंतीपुर और लेह मुख्य हैं।

---

# भारत से सभी मुद्दे सुलझेंगे, भारत व भूटान से सीमा वार्ता सार्थक दिशा में आगे बढ़ रही



*राष्ट्रीय सुरक्षा पर श्वेत पत्र में चीनी दावा*

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक नए श्वेत पत्र में कहा गया है कि भारत और भूटान के साथ सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए वार्ता सर्थक दिशा में आगे बढ़ रही है। मंदारिन भाषा में जारी 23 पेज के श्वेत पत्र में देश और इसकी एकदलीय राजनीतिक प्रणाली के समक्ष मौजूद आंतरिक और बाहरी खतरों का भी जिक्र किया गया है।

'नए युग में चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा' शीर्षक वाले श्वेत पत्र में कहा गया है कि चीन ने अपने 14 में से 12 पड़ोसी देशों के साथ सीमा संबंधी मुद्दों को सुलझा लिया है तथा सीमा विवादों को सुलझाने के लिए भारत और भूटान के साथ बातचीत जारी है। खासतौर पर भारत से सभी मुद्दे सुलझाए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि बीजिंग ने चीन और वियतनाम के बीच बेइबू खाड़ी के जल क्षेत्र का सीमांकन पूरा कर लिया है।

नौ पड़ोसी देशों के साथ सीमा रक्षा सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और 12 देशों के साथ सीमा रक्षा वार्ता तथा बैठक तंत्र स्थापित किए हैं। साथ ही नियमित रूप से मैत्रीपूर्ण दौरे, कार्य वार्ता, संयुक्त गश्त और संयुक्त सीमापार अपराध अभ्यास किए हैं।

---

ट्रंप ने फिर दी टिम कुक को चेतावनी

# भारत के बने आईफोन अगर यूएस में बिके तो लगेगा 25% टैरिफ, एप्पल के शेयर 3% गिरे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में ऐप्पल आईफोन बनाने को लेकर एप्पल पर निशाना साधा। ट्रंप ने कहा कि अगर देश में बेचे जाने वाले फोन अमेरिकी सीमा में नहीं बने हैं तो ऐप्पल को 25% टैरिफ का भुगतान करना होगा। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, 'मैंने बहुत पहले ही एप्पल के टिम कुक को जानकारी दे दी थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग और बिल्ट यूएस में ही होना चाहिए, ना कि भारत या कहीं और।' इस खबर के आते ही प्रीमार्केट ट्रेडिंग में आईफोन निर्माता के शेयर लगभग 3% गिर गए।

बता दें कि चीन पर ट्रंप के टैरिफ के बीच एप्पल भारत को एक वैकल्पिक मैन्युफैक्चरिंग बेस के रूप में पेश कर रहा है, जिसने सप्लाई-चेन संबंधी चिंताओं और आईफोन की ऊंची कीमतों की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। यह चेतावनी ऐप्पल द्वारा चीन के अलावा अपने प्रोडक्शन बेस में विविधता लाने के चल रहे प्रयासों के बीच आई है।

**एप्पल सीईओ कुक ने ट्रंप को दिया आश्वासन:** पिछले सप्ताह कतर में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने टिम कुक से आईफोन का उत्पादन भारत में स्थानांतरित न करने और अमेरिका में विनिर्माण पर ध्यान देने को कहा। मुझे टिम कुक के साथ कल थोड़ी समस्या हुई थी। वह भारत में हर जगह निर्माण कर रहे



हैं। मैं नहीं चाहता कि आप भारत में निर्माण करें। ट्रम्प ने कहा एप्पल अमेरिका में अपना उत्पादन बढ़ाएगा। फरवरी में, एप्पल ने घोषणा की थी कि वह अगले चार वर्षों में अमेरिका में 500 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेगा और 20,000 कर्मचारियों को नियुक्त करेगा।

**ट्रंप ने टैरिफ बढ़ाने टिम कुक को चेताया:** ट्रम्प ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए एप्पल के सीईओ टिम कुक को चेताया। उन्होंने लिखा अमेरिका में बिकने वाले एप्पल के आईफोन यूनाइटेड स्टेट्स में निर्मित और असेंबल किए जाएं, न कि भारत या किसी अन्य देश में। यदि ऐसा नहीं होता, तो ऐपल को अमेरिका में कम से कम 25% टैरिफ देना होगा।

---

हार्वर्ड विवि में पढ़ाई की रुचि रखने वाले छात्रों के लिए बुरी खबर

# ट्रंप शासन ने 'स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम' पर लगाई रोक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ही नहीं विश्व के छात्रों के बीच अमेरिका के प्रतिष्ठित हार्वर्ड विवि में उच्च शिक्षा लेने का क्रेज लगातार बढा है। ये बात अलग है कि हार्वर्ड में दाखिला लेना और पढ़ाई के लिए फीस, खर्चे का इंतजाम आम भारतीय छात्रों के लिए कतई आसान नहीं लेकिन कई तरह की स्कॉलरशिप्स की वजह से आम छात्रों की संख्या भी हार्वर्ड विश्विवद्यालय की ओर बढ़ी है।

विश्व भर के 'हार्वर्ड प्रेमी' छात्रों के लिए गुरुवार को बुरी खबर आई, अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय का एसईवीपी प्रमाणन रद्द करने की घोषणा की। यह प्रमाणन विश्वविद्यालयों को 'एफ-वन' और 'जे-वन' वीजा पर विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देता है। इससे न केवल हार्वर्ड में दाखिले का सपना संजोये भारतीय छात्रों के लिए बेहद बुरी खबर है बल्कि हार्वर्ड में पढाई कर रहे विभिन्न देशों के 6 हजार 800 छात्रों के लिए भी मुश्किल पैदा करेगा। उन्हें अन्य विश्विद्यालयों में ट्रांसफर करना पड़ेगा।

**खतरे में वैध वीजा स्टेटस:** नए आदेश से उनकी कानूनी स्थिति वैध वीजा का स्टेटस रद्द होने से खतरे में पड़ सकती है।

राहत की बात ये है कि ट्रंप सरकार के गुरुवार के आदेश के खिलाफ एक दिन बाद ही आज शुक्रवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने बोस्टन की संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया, जिसमें विश्वविद्यालय की स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (एसईवीपी) प्रमाणन को रद्द कर विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक लगाने पर तत्काल रोक लगाने यानी स्टे की मांग की गई है। हार्वर्ड ने इस कार्रवाई को गैरकानूनी और प्रतिशोधात्मक करार दिया है, और इसे अमेरिकी संविधान के प्रथम संशोधन का उल्लंघन बताया है।

**हार्वर्ड में पढ़ रहे 6 हजार 793 छात्र:** विदित हो कि ट्रंप प्रशासन और हार्वर्ड विवि के बीच कथित तौर पर अमेरिका-विरोधी, आतंकवाद समर्थक, अतिवादी ताकतों को बढ़ावा देने और यहूदी छात्रों के लिए असुरक्षित परिसर वातावरण बनाने के आरोपों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका कुप्रभाव जाहिर तौर पर विदेशी छात्रों पर पड़रहा है। हार्वर्ड में पढ़ रहे विदेशी छात्रों की संख्या वर्ष 2024-2025 शैक्षणिक वर्ष में 6 हजार 793 हैं, जो कुल नामांकन का लगभग 27 फीसदी हैं।

ये छात्र 140 से अधिक देशों से आते हैं, जिनमें सबसे बड़ी संख्या चीन फिर कनाडा, भारत, दक्षिण कोरिया, और ब्रिटेन के छात्रों का है। विदेशी छात्र हार्वर्ड के लिए एक प्रमुख रेवेन्यू, राजस्व स्त्रोत हैं, क्योंकि वे उच्च ट्यूशन फीस का भुगतान करते हैं।

इस प्रतिबंध से विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, विशेष रूप से तब जब ट्रंप प्रशासन ने पहले ही हार्वर्ड विवि के लिए संघीय फंडिंग पर रोक लगा दी है।

---

संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान को भेज रहे थे दो गद्दार

# भारत की जासूसी कर रहे दो आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

यूपी एटीएस ने भारत की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने में शामिल थे। गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहम्मद हारून और तुफैल के रूप में हुई है। मोहम्मद हारुन दिल्ली में रहकर स्क्रैप का काम करता था और वो पाकिस्तान उच्चायोग में नियुक्त मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन के साथ मिलकर पाकिस्तान का वीजा दिलवाने का काम करता था। हारुन ने दिल्ली समेत कई महत्वपूर्ण स्थान की जानकारियां मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन को दी थीं। मुजम्मिल हुसैन को भारत सरकार पहले ही 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित कर देश से निकाल चुकी है।

**एक पाक हाई कमीशन अधिकारी का करीबी निकला** | **दूसरा 600 पाकिस्तानी नागरिकों के संपर्क में था**

## पाकिस्तानी व्हाट्सएप ग्रुप्स के लिंक वाराणसी में साझा किए

दूसरा आरोपी तुफैल, वाराणसी से गिरफ्तार हुआ है। वह 600 पाकिस्तानी नागरिकों के संपर्क में था। उसने राजघाट, नमो घाट, ज्ञानवापी, वाराणसी रेलवे स्टेशन और लाल किला की तस्वीरें पाकिस्तान भेजीं। तुफैल ने पाकिस्तानी व्हाट्सएप ग्रुप्स के लिंक वाराणसी में साझा किए ताकि लोग सीधे पाकिस्तान से जुड़



मोहम्मद हारून — तुफैल

सकें। वह पाकिस्तान सेना के एक अधिकारी की पत्नी नफीसा के संपर्क में था। तुफैल पर आरोप है कि उसने तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो और बाबरी मस्जिद का बदला लेने व शरीयत लागू करने से जुड़े संदेश भी व्हाट्सएप ग्रुप्स में साझा किए। एटीएस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### दिल्ली दहलाने के पहले पकड़ाए देश के तीन गद्दार

**नई दिल्ली।** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली और एनसीआर को दहलाने की साजिश रचने वाले पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की बड़ी साजिश का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने कई महीने तक चले गुप्त ऑपरेशन में तीन पाकिस्तानी जासूस अंसारुल मियां अंसारी, अखलाक व यूपी से मो. हारून को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की साजिश रच रहे थे।

#### एक नेपाली मूल का, दूसरा भारतीय

गिरफ्तार किए गए दो जासूसों में एक नेपाली मूल का पाकिस्तानी एजेंट और दूसरा भारतीय नागरिक है। अंसारुल नेपाली मूल का व्यक्ति है जो 2008 से कतर में टैक्सी चलाता था। वहीं वह आईएसआई के संपर्क में आकर भारत आ गया उसे सेना से जुड़ी जानकारी जुटाने का जिम्मा सौंपा गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109